हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● सोमवार ● 13.01.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 172 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# कांग्रेस ने की युवा उड़ान योजना की घोषणा, युवाओं को हर महीने 8500 रुपये देने का एलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने रविवार को युवा उड़ान योजना नाम से दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा की और इस योजना के तहत सत्ता में आने पर यहां के बेरोजगार युवक-युवतियों को हर महीने 8500 रुपये देने का एलान किया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में इस योजना की घोषणा करते हुए कहा, आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है, जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है, तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे, उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 05 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे, तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन चुनावों में हमारे कार्यकर्ता और नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं, फिर उन समस्याओं पर विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद अब गारंटी पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पूरे देश में युवा परेशान हैं। दिल्ली में भी युवाओं की हालत चिंताजनक है, लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार ने युवाओं पर ध्यान नहीं दिया। आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक-दूसरे पर सिर्फ आरोप लगाए, खुद के वादे पूरे नहीं किए और जनता को भूल गई, लेकिन कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी समझती है। इसलिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ हम गारंटी पेश कर रहे हैं, क्योंकि जनता जानती




है कि हम जो कहते हैं, वो कर दिखाते हैं।

उन्होंने कहा, दिल्ली में रहने वाले हमारे युवा और शिक्षित साथियों को संबल देना सरकार का दायित्व है। अगर युवा हतोत्साहित होगा तो ये देश के लिए अच्छी बात नहीं है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने के बाद शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को एक साल की अप्रेंटिसशिप और 8,500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। हमारी कोशिश रहेगी कि इस एक साल में युवा अपनी कार्यकुशलता को बढ़ाकर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ें, जिसकी उन्होंने प्रशिक्षण लिया है।

उन्होंने कहा, रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। पढ़े-लिखे बच्चों को रोजगार देना चाहिए था, लेकिन मौका मिलने के बाद भी दोनों सरकारें काम नहीं कर पाईं। कांग्रेस ने हमेशा जनता के लिए काम किया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन काम किया, जिसमें मैं खुद मंत्री था। आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस पार्टी को चुनेगी और सरकार बनाएगी।

वहीं प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, हमने बहुत सोझ-समझकर 'युवा उड़ान योजना' पेश की है। ये योजना उन शिक्षित युवाओं के लिए है, जो बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। हम युवा उड़ान योजना के जरिए युवाओं को एक दिशा देना चाहते हैं। इस योजना के तहत पंजीकृत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को हर महीने 8,500 रुपए मिलेंगे। हमारी सरकार की कोशिश रहेगी कि युवाओं का कौशल विकास भी हो, ताकि कौशल के मुताबिक उन्हें रोजगार मिल सके।

इससे पहले दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दिल्ली आए और लोगों से मिले, उसके बाद भी लोगों से मुलाकात करते रहे। उसी तरह 'दिल्ली न्याय यात्रा' में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली के लोगों से संवाद स्थापित किया। इन्हीं संवादों के आधार पर निष्कर्ष निकला कि केंद्र और दिल्ली सरकार की नीतियों ने युवाओं की कमर तोड़ रखी है। कांग्रेस युवाओं की ये तकलीफ समझती है, इसलिए हम उनके लिए अपनी तीसरी गारंटी लेकर आए हैं। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जो कहती है, वो कर दिखाती है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी लोहड़ी, मकर संक्रांति और पोंगल की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु पर्वों की शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति सचिवालय ने रविवार को यहां बताया कि राष्ट्रपति ने देशवासियों के नाम अपने शुभकामना संदेश में कहा है, लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु पर्वों के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

### ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि अमेरिका की ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान विदेश मंत्री आने वाले अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अवसर पर अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी मुलाकात करेंगे।

# बीजापुर मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर, हथियार और विस्फोटक बरामद




एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली सहित कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। सर्चिंग में दो महिला नक्सली सहित कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक 12 बोर की बंदूक, दो सिगल शॉट रायफल, एक बीजीएल लांचर, एक देशी गन भरमार व विस्फोटक पदार्थ, नक्सली साहित्य व नक्सल सामाग्री बरामद हुई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बंदेपारा-कोरंजेड़ के जंगल में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ होती रही जो शाम 3-4 बजे तक चली। मुठभेड़ के बाद पर मौके से सर्चिंग के दौरान दो महिला एवं तीन पुरुष कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुआ है। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है। विस्तृत व्यौरे की प्रतीक्षा है।

पुलिस के अनुसार जिले के नेशनल पार्क के जंगल में नक्स्लियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बल की टीम नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 11 जनवरी को अभियान पर रवाना हुई थी। सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर बढ़ता देखकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो महिला एवं तीन पुरुष कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर उनके शव बरामद कर लिए गये हैं। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

## चाईबासा में सुरक्षाबलों ने तीर से लैस छह आईईडी किया बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोन्टो थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान तीर से लैस छह आईईडी बरामद किया है। सभी आईईडी को बम निरोधक दस्ता की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच में जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने छह तीर में आईईडी लगा रखे थे। आईईडी को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट किया गया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ 10 दिसंबर, 2023 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलियों के सफाये तक अभियान जारी रहेगा।

## आठ लाख की इनामी नक्सली राजे कांगे गिरफ्तार

**कांकेर :** जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ोसाल्हेभाट गांव से 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने आज रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी आठ लाख रुपये की इनामी राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण देने वाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों का शीर्ष नेता प्रभाकर पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था, अब पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है।

कल्पना सोरेन ने किया महिला हॉकी लीग का उद्घाटन, कहा-

# खेल जगत में एक नया आयाम जुड़ेगा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में पहली बार महिला हॉकी इंडिया लीग का आयोजन हो रहा है। मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, रांची में आज यानी रविवार को इसका उद्घाटन गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने किया। इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि आज की रात ऐतिहासिक होने वाली है। पहली बार हॉकी इंडिया लीग हमारे झारखंड रांची में हो रहा है। सोरेन ने कहा खेल जगत में एक नया आयाम के लिए अपना कदम बढ़ाने जा रहे हैं। मौके पर कल्पना सोरेन ने इस आयोजन के लिए हॉकी इंडिया फेडरेशन और झारखंड हॉकी का आभार जताया है। बता दें कि पहला मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच खेला जायेगा। दर्शकों के लिए ये पूरी तरह से फ्री होगा।

इधर, लीग में भाग लेने पहुंची दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है और हमें दिल्ली एसजी पाइपर्स से पहला मैच खेलने का मौका मिल रहा है। पूरी टीम कल अच्छे खेल की उम्मीद कर रही है। मेरा मानना है कि हम काफी युवा टीम हैं और लीग के आगे बढ़ने के साथ-साथ बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

वहीं, ओडिशा वॉरियर्स टीम की कप्तान नेहा गोयल ने कहा एचआईएल खिलाड़ियों के लिए बड़ी वित्तीय स्थिरता लाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो अभी तक भारतीय टीम में शामिल नहीं हुए हैं। यह लीग निश्चित रूप से अधिक युवाओं को हॉकी को करियर विकल्प के रूप में देखने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी।

## देश के नौजवानों के साथ मेरा नाता 'परम मित्र' वाला : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में देश के युवाओं से संवाद किया। मंच से उन्होंने नौजवानों पर अपने भरोसे की वजह भी बताई। पीएम मोदी विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि युवाओं से उनका नाता पीएम का नहीं बल्कि परम मित्र का है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से कहा, भारत की युवा शक्ति की ऊर्जा से आज ये भारत मंडपम भी ऊर्जा से भर गया है, ऊर्जावान हो गया है। आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद जी को याद कर रहा है, उन्हें प्रमाण कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद जी को देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था। स्वामी जी कहते थे कि मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, नई पीढ़ी में है। स्वामी जी कहते थे कि मेरे कार्यकर्ता नौजवान पीढ़ी से आएंगे और वो हर समस्या का समाधान निकालेंगे। जैसे विवेकानंद जी का आप पर भरोसा था, मेरा विवेकानंद जी पर भरोसा है, मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है। उन्होंने आगे कहा, भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। विकसित भारत युवा नेता संवाद एक प्रेरक मंच के रूप में कार्य करता है, जो हमारे युवाओं की ऊर्जा और अभिनव भावना को एक विकसित भारत को आकार देने के लिए एकजुट करता है। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मेरा, मेरे देश के नौजवानों के साथ 'परम मित्र' वाला नाता है, वही रिश्ता है और मित्रता की सबसे मजबूत कड़ी होती है 'विश्वास'। मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे माई भारत डॉट कॉम के गठन की प्रेरणा दी, इसी विश्वास ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आधार बनाया।

# 23 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2025 सैकिया बने बीसीसीआई के नए सचिव

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राजीव ने बीसीसीआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) के बाद पत्रकारों से कहा कि चुनाव के अलावा बैठक में कुछ भी पेश नहीं किया गया। उन्होंने कहा, इस बैठक का एक ही एजेंडा (कोषाध्यक्ष और सचिव पद के चुनाव) था। इसलिए एसजीएम में किसी और मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई। एसजीएम के बाद शुक्ला महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) समिति की बैठक का भी हिस्सा थे।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा, डब्ल्यूपीएल स्थलों को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्हें जल्द ही घोषित किया जाएगा। राजीव ने कहा कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए सिलेक्शन मीटिंग 18 या 19 जनवरी को होगी। बता दें कि देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को रविवार को एसजीएम




में क्रमशः सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया। दोनों निर्विरोध चुने गए। जय शाह और आशीष शेलार के इस्तीफा देने बाद यह दोनों पद खाली पड़े थे। शाह को पिछले महीने आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सचिव पद छोड़ना पड़ा था जबकि शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया।

### टॉप-10 में सिर्फ एक भारतीय

आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन पिछले साल नवंबर में जेद्दा में हुआ था। 10 फ्रेंचाइजी ने दो दिन चली नीलामी में 182 खिलाड़ियों पर 639.15 करोड़ रुपये खर्च किए थे। नीलामी में ऋषभ पंत ने गर्दा उड़ दिया। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़ रुपये) और वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रुपये) पर भी तगड़ी बोली लगी। श्रेयस के नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 की ट्रॉफी जीती थी लेकिन अब वह पंजाब किंग्स का हिस्सा बन गए हैं। वेंकटेश कोलकाता की टीम में बरकरार हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम के चयन प्रक्रिया की जानकारी

बीसीसीआई की बैठक के दौरान राजीव शुक्ला ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के चयन से जुड़ी जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि टीम इंडिया के चयन की बैठक 18 या 19 जनवरी को होगी। इस समय तक इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश जैसी टीमों ने अपनी टीमों का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई की बैठक में कुछ अहम पदों पर बदलाव भी हुआ है। देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को बीसीसीआई का नया सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया। दोनों ने निर्विरोध चुनाव जीते और अपने पदों पर काबिज हुए।

# जेएसएससी-सीजीएल : चैट, फोटो और वीडियो के जरिये सीआईडी को मिलीं 40 शिकायतें



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रही सीआईडी को अब आम लोगों से मदद मिल रही है। सीआईडी ने विज्ञापन जारी कर लोगों से जानकारियां लेने की अपील की थी, जिसके बाद 40 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि लोगों ने व्हाट्सएप चैट, फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में एविडेंस भेजे हैं, जिनकी जांच जारी है। सीआईडी ने पेपर लीक के आरोपों की जांच को और पुख्ता बनाने के लिए आम जनता और अभ्यर्थियों से सबूत मांगे थे। डीजीपी ने बताया कि इन सबूतों को जांच का हिस्सा बनाया जाएगा। जेएसएससी की ओर से दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि 21 और 22 सितंबर को आयोजित परीक्षा कदाचार और पेपर लीक से मुक्त थी, लेकिन इसके बाद फर्जी वीडियो और तस्वीरें वायरल की गईं।

पहली एफआईआर रातू थाने में दर्ज की गई थी, जबकि दूसरी एफआईआर सीआईडी में दर्ज की गई है। दोनों मामलों की जांच अब विशेष रूप से सीआईडी को सौंपी गई है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर सीआईडी डीआईजी संध्या रानी मेहता की अध्यक्षता में एसआईटी की संरचना कि गई है। इस टीम में सीआईडी और रांची पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेगें। एसआईटी द्वारा पेपर लीक के सभी शिकायतों की जांच की जाएगी।

यह मामला हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया गया। याचिकाकर्ता प्रकाश सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 22 जनवरी को इस मामले में सुनवाई निर्धारित की है। सीआईडी अब तक मिली शिकायतों की जांच कर रही है और साक्ष्य एकत्रित कर रही है। इस प्रक्रिया से परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों का खुलासा होने की संभावना है।

## बस खाई में गिरी, पांच की मौत, 17 घायल

**देहरादून :** उत्तराखंड के पौड़ी जनपद अंतर्गत, श्रीनगर क्षेत्र में, दहल चौरी के पास रविवार को एक यात्री बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी जिससे अभी तक पांच यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 17 अन्य घायल हैं। इस घटना के आठ घायलों को हायर सेंटर श्रीनगर और शेष नौ घायल पौड़ी जिला अस्पताल में एडमिट किये गए है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के सेनानायक (कमांडेंट) अर्पण यदुवंशी ने बताया कि आज पौड़ी जनपद के जिला नियंत्रण कक्ष से सूचित किया गया कि दहलचोरी के पास एक बस अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। इस पर तत्काल एसडीआरएफ की श्रीनगर व सतपुली पोस्ट से रेस्क्यू टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पहुंच कर, रेस्क्यू टीम ने दुर्घटनाग्रस्त गढ़वाल बस ऑपरेटर यूनियन की बस संख्या यूके 12पीबी 0177 में फंसे यात्रियों को निकालने का कार्य शुरू किया।

# समाज की एकता और सेवा भावना प्रशंसनीय विकास के हर प्रयास में मेरा सहयोग रहेगा : प्रदीप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सामाजिक एकता और सेवा के उद्देश्य से बरनवाल (मोदी) सेवा समिति, हजारीबाग द्वारा आयोजित परिवार मिलन समारोह एक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह का शुभारंभ परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ हुआ, जिसमें दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद का समारोह में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ,



अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बरनवाल समाज ने हमेशा सामाजिक एकता और परोपकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह परिवार मिलन समारोह न केवल आपसी सौहार्द्र को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। मैं इस समाज के सदस्यों की प्रतिबद्धता और सेवा भावना की सराहना करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी वर्गों का साथ और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र की जनता के हित में काम करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और समाज के विकास के लिए हर संभव सहयोग देंगे। समिति के पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा की हमारे समाज का उद्देश्य न केवल आपसी सौहार्द्र को बढ़ाना है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को सहयोग प्रदान करना भी है। विधायक प्रदीप प्रसाद जैसे जनसेवकों का मार्गदर्शन और सहयोग हमारे लिए प्रेरणादायक है। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने समाज को और मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। समारोह में कई संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमामय ढंग से किया गया और सभी ने इसे एक प्रेरणादायक और यादगार आयोजन के रूप में सराहा।

## दनुवा में ट्रक पलटने से नीचे दबा चालक, स्थिति गंभीर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखण्ड के दनुवा में रविवार 2 बजे के करीब एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक बहुत देर तक गाड़ी में दबा रहा। एक घण्टा के मशक्कत के बाद घायल चालक को ट्रक से बाहर निकाल कर सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। जहां उसकी स्तिथि गम्भीर बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार दनुवा में जीटी रोड में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य के कारण सड़क को चोरदाहा बार्डर तक वनवे कर दिया गया है। इसी कारण से वह ट्रक दनुवा कट को क्रॉस कर दूसरे लेन की ओर जा रही थी। तभी ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गई। चालक केबिन में ही फंस गया। जिसे स्थानीय लोगों व पुलिस प्रशासन ने एक घण्टे के मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाला और एनएचएआई के एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। एनएचएआई के एम्बुलेंस टीएमटी प्रकाश रजक ने बताया कि चालक का एक हाथ फ्रैक्चर के सर में गम्भीर चोट लगी थी। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। चालक का पहचान आधार कार्ड से जगदेव यादव के रूप में हुई है।

## एकता कायम रखने से ही समाज का उत्थान संभव है : शेफाली गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** छत्तीसगढ़ रायपुर मे अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौण्डिक सम्मेलन में बतौर अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। जहां अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौण्डिक समाज के सदस्यों एवं महिला साथियों द्वारा अतिथि वंदन कर शॉल ओढाकर एवं अपनापन के भाव से स्वागत व अभिनंदन किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने आत्मीय स्वागत व अभिनंदन से काफी अभिभूत हुई। मंच पर हाथ जोड़कर आत्मीय भाव से समारोह में उपस्थित लोगों का अभिवादन की। साथ ही अपनापन के भाव से स्वागत व अभिनंदन के लिए भारतीय राष्ट्रीय शौण्डिक समाज का सहृदय आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित की। जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कृषि मंत्री श्री राम



विचार नितम, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता सहित देश एवं विदेश के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने मंच पर संबोधित कर कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौण्डिक समाज द्वारा भव्य सम्मेलन से हमें समाज के उत्थान में एक नई ताकत एवं दिशा मिलेगी। हम सभी उस दिशा एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर समाज को स्वर्णिम बनाएंगे। इस भव्य सम्मेलन के लिए छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त करती हूँ। जिनके पहल से हम सभी एक मंच पर उपस्थित होकर शौण्डिक समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि समाज में एकता कायम रखना जरूरी तभी समाज का उत्थान होगा और राजनीतिक क्षितिज पर समाज का परचम लहराएगा। हर अधिकार को हासिल रखने के लिए एकता बनाएं रखना होगा। एकता के बल पर ही समाज का हर समास्या का समाधान संभव है।

## स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय युवा महोत्सव सह मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन प्रधान कैफेटेरिया में बड़े ही धूमधाम से किया गया कार्यक्रम की शुरूआत एसपी कोठी के समीप स्थित स्वामी विवेकानंदजी की आदमकद प्रतिमा पर जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय व युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बप्पी करण के द्वारा माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम प्रधान कैफेटेरिया सभागार में आयोजित कि गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वामी जी के उद्देश्य को आगे बढ़ते हुए आर्ष कन्याओं के द्वारा लव कुश लघु कथा मंचन की सुंदर प्रस्तुति की गई। उसके बाद उपस्थित मुख्य अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद व्यक्तित्व एवं विचार विषय पर संगोष्ठी व सेमिनार का आयोजन किया। युवा प्रकोष्ठ के जिलाअध्यक्ष बप्पी करण द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी, उनके



दर्शन, उनके विचार, व संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप के साथ साथ अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन आदि देशों में घूम घूम कर सनातन सभ्यता संस्कृति को विश्व के पटल पर रखने का सराहनीय कार्य किस प्रकार किया गया। इस पर प्रकाश डाला करण ने कहा उठो जागो और सबको जगाओ तब तक ना रुको जब तक लक्ष्य को प्राप्त न कर लो यह वाक्यांश आज भी हमारे करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। सभा अध्यक्ष डॉ प्रदीप प्रधान ने एक विस्तृत व्याख्यान में कहा भारत के घर-घर में एक स्वामी विवेकानंद की आवश्यकता है पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर विकास कुमार ने स्वामी विवेकानंद की संपूर्ण जीवनी उनके आदर्श दर्शन, विचार एवं उनकी शिक्षाओं से सभी श्रोतागण को अवगत कराया। जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने अपने संबोधन में सभी को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने के लिए आवाहन किया साथ ही साथ सनातन संस्कृति से जुड़े जिला अध्यक्ष में सिख समाज के अवतार सिंह, वैश्य समाज के राजेंद्र प्रसाद, ठाकुर समाज के अध्यक्ष छेदी ठाकुर, चंद्रवंशी समाज के अजीत कुमार, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव विजय किशोर प्रसाद एवं अमित कुमार, एवं स्वामी जी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिवाजी तरुण व्यवसायी शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम अंबेडकरनगर बाराटांड में आयोजित किया गया, जो 12 जनवरी से 19 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन सेवा मुहल्ला संपर्क अभियान के तहत अंबेडकरनगर बाराटांड के निवासियों से उनकी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थितियों की जानकारी ली गई। इनमें उपेंद्र रविदास, धनेश्वर रविदास, दिलीप रविदास, शनि रविदास, सुधीर रविदास, जितेंद्र रविदास और रामचंद्र रविदास समेत अन्य लोग शामिल थे। शिवाजी व्यवसायी शाखा के सेवा कार्यकर्ता डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना और उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सुधार लाना है। इस अभियान को सफल बनाने में क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, गणशिक्षक बसंत सिंह, और शाखा के अन्य स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विनोबा भावे विवि बना पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव का चैंपियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कोलकाता अवस्थित सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय की मेजबानी में 8 से 12 जनवरी तक आयोजित 38वाँ पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव के चैंपियनशिप का खिताब विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग ने जीत लिया है। विभावि के इतिहास में यह पहला अवसर है जब विश्वविद्यालय ने इस प्रतियोगिता में पूरे पूर्वी क्षेत्र का चैंपियन बना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने तत्काल फोन करके पूरे विश्वविद्यालय दल को बधाई दी। उन्होंने कहा की और भी गर्व का विषय है कि आज स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती तथा युवा दिवस के दिन यह उपलब्धि विश्वविद्यालय ने हासिल किया है। कोलकाता के न्यू टाउन से यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय




दल के मुख्य प्रबंधक तथा विश्वविद्यालय के कल्चर कोऑर्डिनेटर डॉ जॉनी रुफिना तिर्की ने बताया कि इस बार की प्रतियोगिता बहुत अधिक संघर्षपूर्ण था। परंतु प्रतिभागियों को इसके लिए पूरी तरह से तैयार कराया गया था। परीक्षा की घड़ी में प्रतिभागियों ने आश्चर्य जनक प्रस्तुति से केवल पुरस्कार ही नहीं सबका दिल भी जीत लिया। विस्तृत जानकारी देते हुए टीम के सह प्रबंधक डॉ अर्चना रीना धान ने बताया कि हमें ओवरऑल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस प्रकार विनोबा भावे विश्वविद्यालय इस वर्ष का चैंपियन विश्वविद्यालय बना है। उन्होंने बताया कि हमारे जीत का मुख्य कारण यह है कि हमारे दल ने सभी विधाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में द्वितीय स्थान प्राप्त करके पुरस्कार जितने की सिलसिला को पहले ही दिन प्रारंभ कर दिया गया था। विभावि ने पूरे फाइन आर्ट्स में द्वितीय स्थान, पूरे थिएटर में तृतीय स्थान तथा ओवरऑल लिटरेरी प्रतियोगिताओं में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया है। और जानकारी देते हुए टीम के सहायक प्रशिक्षक सोनू कुमार ने बताया कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय को मिमिक्री, इंस्टॉलेशन और कार्टूनिंग प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न में विश्वविद्यालय दल ने द्वितीय पुरस्कार जीता है। इसके अलावा स्किट, मेहंदी, कोलाज, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल तथा फोक आरकेस्ट्रा में तृतीय पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके अलावा विश्वविद्यालय को नृत्य में चौथा स्थान तथा प्रश्नोत्तरी और वेस्टर्न एकल गायन में पूरे पूर्वी क्षेत्र में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। डॉ जॉनी रुफिना तिर्की ने बताया कि इस क्षेत्र में कोलकाता सहित बंगाल, उड़ीसा, असम के सभी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय तथा पूर्वोत्तर राज्य के विश्वविद्यालयों के दलों को पराजित कर यह चैंपियनशिप जितना एक बहुत बड़ी बात है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**हजारीबाग :** मेरा युवा भारत, नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वधान में हजारीबाग जिला के सदर प्रखंड में स्तिथ रिंग एंड रोजेस बैंक्वेट हॉल में चल रहे अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का दूसरा दिन आज। आज दूसरे दिन युवाओं ने सर्वप्रथम राष्ट्र युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी को माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि सरिता सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, विनोबा भावे विश्विद्यालय, संत कोलंबा महाविद्यालय के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के कार्यक्रम समन्वयक देवेन्द्र प्रसाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केंद्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन अमन हेंब्रम ने किया। इस कार्यक्रम में साहेबगंज से 27 युवा भाग ले रहे है।

### दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन आज



**बरही :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चौपारण में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास में दही-चूड़ा तिलकुट सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 13 जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से निवास स्थान चौपारण में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के निमंत्रण पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने सभी ग्रामवासियों को इस उत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। इसी क्रम में उन्होंने बरही के धनवार एवं भंडारो सहित अन्य पंचायत का दौरा कर लोगों को आमंत्रित किया। कहा कि यह आयोजन सामाजिक एकता और परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस पारंपरिक भोज को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, शरीफुल हक, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद महमूद, गुलाम मुस्तफा, शमसुल मियां, सुलेमान मियां, बशारत मियां और प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहें।

### नही रहे साक्षरता अभियान के अग्रदूत पं प्रभुनाथ मिश्र

**हजारीबाग :** सन नब्बे के दशक में साक्षरता अभियान के अग्रदूत रहे विद्वान पंडित प्रभुनाथ मिश्र अब नहीं रहे। करीब नब्बे वर्ष की आयु में हजारीबाग के खपरियावां स्थित अपने आवास पर 12 जनवरी की सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका अंतिम संस्कार खपरियावां नदी तट पर श्मशान में किया गया। उनके बड़े पुत्र पत्रकार अजय मिश्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके अंतिम दर्शन और संस्कार में विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक संगठनों के अलावा शिक्षाविद् और पत्रकारों ने भाग लिया। पं. प्रभुनाथ मिश्र वर्ष 1996 में जिला साक्षरता अभियान से प्रधान सहायक लेखापाल के रूप में जुड़े और हजारीबाग जिलेभर में शिक्षा की ऐसी लौ जलाई कि देशभर में हजारीबाग की अलग पहचान बना दी। जिला साक्षरता अभियान में जब वह थे तब हजारीबाग जिला को वर्ष 2001 में राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया था। हजारीबाग के तत्कालीन डीसी रवि मित्तल ने उन्हें साक्षरता अभियान से जोड़ा था।

## संक्षिप्त खबरें

### विकास सेवा समिति का हुआ पुनर्गठन, अशोक कुमार बने अध्यक्ष व बुद्धिनाथ महतो सचिव



**बडकागांव :** ज्ञानोदय विकास विद्यालय के प्रांगण में मुखिया संघ के अध्यक्ष सह समिति के सदस्य रंजीत कुमार की अध्यक्षता में विकास सेवा बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बड़कागांव का पुनर्गठन किया गया। इस समिति को सुचारू रूप से संचालन करने को लेकर समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें समिति के नियमानुसार सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष, सचिव एंव कार्यकारिणी सदस्यों के चयन को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया तत्पश्चात सर्वसम्मति से अशोक कुमार को अध्यक्ष, बुद्धिनाथ महतो को पुन:सचिव पद पर चयन किया गया वहीं विकास कुमार को समिति का प्रबंधक एंव निदेशक पार्षद के रुप में शशि कुमार मेहता, धनुषधारी महतो, प्रवीण कुमार, अश्विनी कुमार, राजु कुमार, ज्ञानी कुमार,राधा देवी, शशि भवानी, शम्भू ठाकुर, मुखिया रंजीत कुमार,पुर्व मुखिया विश्वनाथ रजक, देवप्रसाद महतो, राजेन्द्र कुमार का चयन किया गया। मौके पर समिति के सभी नवनिर्वाचित व पुर्व पदाधिकारियों को सदस्यों ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया।

### विवेकानंद जयंती पर ग्राहक पंचायत की जिला इकाई ने मनाया समर्पण दिवस



**हजारीबाग :** विवेकानंद जयंती पर रविवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला इकाई ने समर्पण दिवस के रुप में मनाते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए भारत मां को परम वैभवं पर ले जाने का संकल्प लिया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक और संस्कार भारती के पदाधिकारी डा. प्रहलाद ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर समर्पण दिवस समारोह प्रारंभ किया। संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद और युवा भारत की परिकल्पना बताया। कहा कि देश के युवा को आज सबसे ज्यादा युवा बनने और दिखने की जरुरत है। युवा दिवस पर समर्पण के नाते प्रत्येक दिन एक घंटा राष्ट्र कार्य और स्वयं के स्वास्थ्य पर खर्च करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। समर्पण भाव से मां भारती की सेवा के लिए तन मन और धन लगाना होगा। वहीं वरिष्ठ सदस्य कुणाल कुमार सिंह ने कहा कि युवा भारत आने वाले दिनों में युवाओं के माध्यम से भारत मां को उसका खोया हुआ गौरव वापस दिलाएंगा। सदस्य मो. फैजल ने ग्राहक पंचायत और युवा दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि हम सब को जागरुक बनना होगा। ग्राहक पंचायत की जानकारी देते हुए प्रांत सह सचिव अरविंद राणा ने कहा कि ग्राहक पंचायत देश भर में 1974 -75 से कार्य कर रही है। ग्राहक जागरण के माध्यम से राष्ट्र जागरण कर रही है। हम सब इसके सदस्य है और इस नाते संगठन को सुचारु रुप से चलाने के लिए निधि की आवश्यकता होती है। इसलिए युवा दिवस को ग्राहक पंचायत समर्पण दिवस के रुप में मनाती है। सदस्य और संगठन के शुभचिंतक संगठन के प्रति अपना गुप्त दान निधि का समर्पण करते है। धन्यवाद ज्ञापन सचिन खंडेलवाल ने किया। समर्पण कार्यक्रम में अभिषेक पांडेय, मो. एजाज, मो. फैज, महेश रविदास, रवि कुमार, अनुज सिन्हा, आशीष कुमार साव, शीतेश तिवारी, फैज अनवर, प्रदीप कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, सूरज कुमार, सागर कुमार, संजय विश्वकर्मा, मो. फैजल, रुपांशू सहित अन्य शामिल थे।

### निजी विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ हजारों को देता है रोजगार : सुनील कुमार



**चौपारण :** प्रखण्ड के निजी विद्यालयों का संगठन प्राइवेट स्कूल एशोसिएशन की बैठक नया सवेरा विद्यालय में संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस जिसमें निजी विद्यालयों के लिए जारी कुछ निदेर्शों पर संगठन के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और सभी विद्यालयों के संचालकों से एकजुट रहते हुवे विद्यालय चलाते रहने की बातें की गई। बैठक में कहा गया कि निजी विद्यालय सदैव से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र रहा है। इसलिये हमारी मेहनत और लगन दिखता है। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को समझना चाहिए कि आज बेरोजगारी का आलम जगजाहिर है। उस विषम परिस्थितियों में भी निजी विद्यालयों के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही हजारों लोगों को रोजगार भी देता है। सैकड़ो परिवार आज उन पर आश्रित है, इसलिए सरकार निजी विद्यालयों को परेशान करना बंद करे। साथ ही सभी से अपार आईडी बनाने का कार्य मे भी तेजी लाने की बात कही गई। बैठक में सचिव अशोक गुप्ता, कोषाध्यक्ष मदन राणा, उपाध्यक्ष नंद किशोर प्रजापति, अरविंद कुमार, सौवीक चटर्जी, बिनोद कुमार पांडेय, अरविंद सिन्हा, अरविंद कुमार सिंह, उमेश कुमार राणा, सुरेंद्र पंडित, राज कुमार दांगी, राम सेवक राणा, विजय राणा, अवनीश कुमार, निरंजन प्रसाद धनमूर्ति, सियाराम शर्मा, सुधीर कुमार दांगी, धीरेन्द्र कुमार यादव, अमीषा कुमारी, दिनेश रजक, नरेश प्रजापति एवं चंद्रदेव कुमार दांगी सहित करीब 50 निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित थे।

### स्वरोजगार के लिए महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया में रविवार को बंधु मिलन कल्याण समिति के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया। महिलाओं की ट्रेनिंग को लेकर जिला कोडिनेटर अली राजा ने बताया कि काजू किशमिश पैकिंग का ट्रेनिंग दिया गया है। जिसमें 3 महीना तक काजू किशमिश पैकिंग करना है, 3 महीना के बाद 75 तरह का सामान पैकिंग करना है। महिलाएं घर बैठे पेकिंग करके अपनी जीविकापार्जन कर सकती है। इससे महिला आत्मनिर्भर होगी। प्रति पैकेट पैकिंग पर 50 पैसा मिलेगा, जिससे महिलाएं महिने में रु9000 कमा सकती है। मौके पर उपस्थित बंधु मिलन कल्याण समिति के सीएमडी बब्लू समांता स्वरोजगार को लेकर महिलाओं को कहीं महत्वपूर्ण जानकारियां दी।मौके पर मुख्य रूप से रंजीत साव, सबिता देवी, रीना देवी, सावित्री देवी,सरीता देवी, फिरोज बेगम, अफसाना कुमारी सिन्हा, अशिया प्रविण, काजल कुमारी, प्रिती कुमारी, नाजिया प्रविण, कैना तारा, आरती देवी, मीणा देवी, अनीता देवी, मोनिका देवी, अनिता देवी व दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं पूर्व सैनिक : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उनका योगदान समाज एवं राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। राज्यपाल रांची के गुरुनानक स्कूल सभागार में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से आयोजित 'पूर्व सैनिक महासम्मेलन के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के पूर्व सैनिक सीमाओं की रक्षा के प्रहरी रहे हैं और आज भी वे समाज के प्रेरणास्त्रोत और गौरव हैं। उनका अनुशासन, साहस और समर्पण हमारे लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को बधाई देते हुए कहा कि इसने इन वीर योद्धाओं को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए संगठित किया है।

राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों का योगदान केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है। वर्ष 1965, 1971 और कारगिल युद्ध जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और दूरदराज क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान में उनकी भूमिका अद्वितीय है। उनकी सेवाएं हर क्षेत्र में प्रेरणा और शक्ति का प्रतीक हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जरिये "वन रैंक, वन पेंशन" जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के कार्यान्वयन न केवल पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को भी दर्शाती है।

राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुशासन और नेतृत्व कौशल शिक्षा, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कार्य समाज को समृद्ध कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के बच्चों की शिक्षा, परिवार की सुरक्षा और रोजगार के सम्मानजनक अवसर सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिक केवल अतीत के रक्षक नहीं हैं, वे हमारे वर्तमान और भविष्य के निमार्ता भी हैं। उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है, जो राष्ट्र के प्रति सच्ची सेवा का प्रमाण है।

राज्यपाल ने झारखंड में संगठन की प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर से शुरू हुई यह यात्रा राज्य के 11 जिलों में विस्तारित हो चुकी है। यह संगठन न केवल पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा कर रहा है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दे रहा है। सैनिकों की वीरता के पीछे उनके परिवारों के अद्वितीय समर्थन की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके त्याग और धैर्य से पूरा समाज प्रेरणा लेता है। सैनिक परिवार कल्याण न्यास, जिसने शहीदों के परिवारों और आश्रितों की देखभाल का दायित्व उठाया है, सराहनीय है। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों से कहा कि उनका संघर्ष और समर्पण व्यर्थ नहीं जाएगा। पूरा देश उनके साथ खड़ा है और उनके उत्थान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

## एक नजर

### रश्मि प्रकाश बनीं राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष

**रांची :** राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने रविवार को पार्टी मुख्यालय रांची में चतरा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रही रश्मि प्रकाश को नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव भी मौजूद थे। मौके पर मौजूद प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश अत्यंत जनप्रिय युवा नेत्री है। वह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहु है। यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश एक होनहार शिक्षित, कर्मठ, संघर्षशील एवं प्रखर वक्ता के रूप में जानी जाती है। इनके कुशल और प्रखर कार्यशैली से प्रभावित होकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने विगत विधानसभा चुनाव में इन्हें चतरा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया था। जो लोजपा उम्मीदवार जनार्दन पासवान से काफी कम वोटो से पराजित हुई। यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश के प्रदेश महिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर राजद नेता सरकार में श्रम और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित प्रदेश के समस्त राजद पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है।

### जिला स्कूल मैदान में पुस्तक मेला 17 जनवरी से

**रांची :** झारखंड की शैक्षिक और सांस्कृतिक नगरी रांची के जिला स्कूल मैदान में रविवार को भूमि पूजन के साथ लगने वाले 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। यहां 17 से 26 जनवरी तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जायेगा। यहां एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। समय इंडिया, नई दिल्ली किताबों को पाठकों से जोड़ने की मुहिम के तहत यह पुस्तक मेला लेकर आया है। पुस्तकों से रूबरू होने की समयावधि प्रातः 11 बजे से रात 7-30 बजे तक की होगी। यह जानकारी समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने रविवार को यहां दी। भूमि पूजन कार्यक्रम में भूषण के अतिरिक्त मंडप निर्माण करने वाली संस्था के कर्मचारी और प्रतिनिधि के साथ स्थानीय लेखक जेबी पाण्डेय, संध्या पाण्डेय एवं संस्कृतिकर्मी उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 8 यूनिट ब्लड का किया गया संग्रह

**रांची :** स्वैच्छिक रक्तदान संगठन "लहू बोलेगा" रांची द्वारा ख़्वाजा गरीब नवाज की याद में सदर अस्पताल ब्लड बैंक रांची में रक्तदान एवं रक्तदान वितरण किया गया। जिसका उद्घाटन रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार एवं विशिष्ट अतिथि एलिग इम्तियाज अली (सचिव, मौलाना आजाद कॉलेज रांची), विशिष्ट अतिथि जेएमएम नेता जुनैद अनवर (अध्यक्ष, झारखंड अंजुमन), जेएमएम नेता लाडले खान की मौजूदगी में हुआ। शिविर में 8 यूनिट रक्तदान हुआ। इसके अतिरिक्त 4 रक्तदान आवेदकों का आवेदन रिजेक्ट हुआ। रक्तदान करने वालों में जीशान अजहर, मो फरहान, रेयान हबीब, मो सुफियान, नदीम खान, शाहनवाज अब्बास, शहजाद खान बब्लू, साजिद ऊमर के नाम हैं। 4 जरूरत मंद लोगों को रक्त वितरण किया गया। जिसमें एक यूनिट ए नेगेटिव सदर अस्पताल ब्लड बैंक रांची से दिया गया और तीन मरीजों के लिए अइ पॉजिटिव ब्लड नागरमल मोदी सेवा सदन रांची से और एक यूनिट हेल्थ पॉइंट ब्लड बैंक, रांची से निःशुल्क दिया गया।

## श्याम मंदिर में सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य राजधानी रांची की सुप्रसिद्ध धार्मिक व सामाजिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल की साधारण सभा स्थानिय हरमु रोड़ स्थित श्री श्याम मंदिर के मंडल सभागार में संपन्न हुआ।

संस्था के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने साधारण सभा में आये हुए समस्त सम्मानित महिला पुरुष सदस्यों का स्वागत किया तदोउपरांत सभा कि कार्यवाही अगले विषय में प्रवेश करते हुए संस्था के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने गत साधारण सभा 30.7.2023 की कार्यवाही पढ़कर सुनाया, जिसे सर्वसम्मति से संपुष्टि किया गया। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने विभिन्न गतिविधियों व सेवा कार्यो आदि की संछिप्त जानकारी प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 के अंकेश्रित आय व्यय लिखित व्यौरा व तुलन पत्र को संस्था के कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ौदिया ने समस्त सदस्यों को वितरित कर एवं प्रस्तुत पढ़ कर तदोउपरांत सर्वसम्मति से आय व्यय व्यौरा को अनुमोदित करते हुए करतल ध्वनी से धन्यवाद दिया।

वित्त वर्ष 2024-25 के अंन्केशक के लिये सर्वसम्मति से पुन्ह संजय अग्रवाल को मंनोनित किया गया।

मंडल के चुनाव हेतु साधारण सभा मे उपस्थित कई गनमान्य सदस्यों ने सुझाव व प्रस्ताव दिया, जिसमें मुख्य रूप से चुनाव पदाधिकारी की नियुक्ति एवं तदोउपरांत दिशा निर्देशन में चुनाव संपन्न हो। काफी वाद विवाद के पश्चात संस्था अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी ने ज्यदातर सदस्यों की सुझाव व विचार को सुनते हुए अध्यक्ष के आदेश देते हुए कहा कि मंडल का चुनाव संस्था के संवैधानिक अधिकार के तहत ही होगा। आम सभा में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, राजकुमार केडिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, पंकज गाड़ोदिया एवं अनेक सदस्य उपस्थित हुए।

## एबीवीपी ने विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए महानगर के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में रविवार को कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। राम लखन सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एबीवीपी ने वर्तमान परिदृश्य में विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी एवं विकसित भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णुचरण महतो, प्राध्यापक भारत कुमार, प्राध्यापक विजय कुमार, प्रदेश सह मंत्री ऋतुराज सहदेव उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णुचरण महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवावस्था में ही विश्व पटल पर भारत का परचम लहराया था। उन्होंने युवावस्था का संपूर्ण कल मातृभूमि के लिए समर्पित किया था। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र के वर्तमान से भविष्य निर्माण में सबसे ज्यादा योगदान उस राष्ट्र के युवाओं का होता है। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक हैं। उनकी शिक्षाओं को अगर हम जीवन में उतार लें तो राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से काम करने की ऊर्जा सभी युवाओं को मिलेगी। एबीवीपी रांची महानगर इकाई की ओर से युवा दिवस के पूर्व संध्या पर दीपोत्सव एवं युवा दिवस के अवसर पर बड़ा तालाब स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं रांची महानगर कार्यालय में संगोष्ठी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## डीसी ने सद्भावना समिति के सदस्यों संग की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के मंजूनाथ भजंत्री ने केंद्रीय शांति सदभावना समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। उनके विचार व अनुभवों को सुना। कहा कि हर व्यक्ति विकास चाहता है। समाज में शांति रखना सबसे अहम है। इसमें समिति के सदस्यों की अहम भूमिका है। आम जनता की उम्मीदों के अनुरूप कार्य करने की जरूरत है। इसके सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा समेत जिले के सभी डीएसपी व केंद्रीय शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

डीसी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को शांति समिति की समय-समय पर बैठकें कराते रहने का निर्देश दिया। कहा कि इससे कम्युनिकेशन गैप नहीं होगा।

शांति समिति के सदस्यों का समाज में बड़ा योगदान है। ऐसे में उनका भी सम्मान जरूरी है। डीसी ने कहा कि शांति समिति में युवाओं को भी शामिल करें। इससे एक नई सोच, नए विचार व नई ऊर्जा का संचार होगा। सभी थाना इस दिशा में पहल करें। समिति में महिलाओं की भी सहभागिता बढ़ाएं।

समिति के सदस्य शांति और अमन के साथ-साथ नशापान ड्रग्स, रोड सेफ्टी, छेड़खानी आदि को रोकने में भी भूमिका निभाएं।

## जेसीआई रांची ने पहला कम्युनिटी प्रोजेक्ट 'प्रयास' के तहत किया कंबल का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जेसीआई रांची ने रविवार को पिठौरिया चौक के पास स्थित एक गाँव में जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कर 2025 का अपना पहला कम्युनिटी प्रोजेक्ट "प्रयास" सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्यक्रम के दौरान बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबल वितरण के साथ-साथ बच्चों के लिए खिलौने, मिठाइयां, चॉकलेट और सभी के लिए खिचड़ी का वितरण किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों और उत्साह का माहौल बना रहा, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। जेसीआई रांची के नव-निर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन और उनकी टीम की इस सराहनीय पहल ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर जेसी विक्रम चौधरी, अमित अग्रवाल, केशव बजाज, ऋषभ छापरिया, अनीश जैन, समर्थ बजाज, अक्षत अग्रवाल, सृजन हेतमसरिया, अभिषेक जैन, कौशल अग्रवाल, मयंक चौधरी, अभिनव गर्ग, केतुल भाई पटेल, और अभ्युदय मोदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जेसी सौरभ जालान, यश गुप्ता, और रीतेश जैन ने कुशलता से किया।

## स्वामी विवेकानंद का जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व और उनके विचार आज भी हमारे समाज को प्रेरित करते हैं और हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं।


राज्यपाल रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रांची के बरियातू स्थित स्वयंसेवी संस्था विकास भारती बिशुनपुर के जरिये आयोजित 'कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव में बोल रहे थे। राज्यपाल ने सन् 1893 में शिकागो में हुए विश्व धार्मिक महासभा में स्वामी विवेकानंद के जरिये दिए गए ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया, जिसने पूरी दुनिया को भारत की महान संस्कृति और मानवता के संदेश से अवगत कराया। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के उद्धरण 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' काउल्लेख करते हुए कहा कि यह संदेश युवा शक्ति को प्रोत्साहित करता है।

राज्यपाल ने विकास भारती बिशुनपुर के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पद्मश्री अशोक भगत के नेतृत्व में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रयासरत है और अपने कार्यों से समाज में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने विकास भारती के सदस्यों को निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलते हुए लोक-कल्याण की दिशा में और भी सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'स्टार्टअप इंडिया,' 'स्किल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना तभी पूरा होगा जब हमारे युवा अपनी पूरी ऊर्जा और रचनात्मकता से देश के विकास में योगदान देंगे। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें और विकसित भारत में अपना योगदान दें। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्था द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### हिंदपीढ़ी से लापता दो सगी बहनों के अपहरण की आशंका



**रांची :** शहर के हिंदपीढ़ी इलाके से दो सगी बहनों के लापता होने के मामले में पुलिस लगातार तकनीकी शाखा के सहयोग से सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों बहनें रांची के कांटाटोली चौक के मंगल टावर के पास आधार कार्ड को सुधरवाने गई थी। इस दौरान दोनों का मोबाईल फोन ऑफ हो गया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने थाने में शनिवार रात शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित परिजनों ने आशंका जताई है कि ऑटो में बैठने के दौरान मोबाइल छीन कर दोनों का अपहरण कर लिया गया है। युवतियों की पहचान रहनुमा प्रवीण (20) और अमरीना असगर (18) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने रविवार को बताया कि पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस को दोनों के मोबाईल फोन का लास्ट लोकेशन रांची के ओरमांझी इलाके में मिला है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, जिससे दोनों का सुराग मिल सके।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विवेकानंद की जयंती पर किया नमन



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि सभी देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही कहा है कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श हमें सिखाते हैं कि हर युवा के भीतर बदलाव लाने की शक्ति है। आइए, इस दिन पर हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और एक समृद्ध, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया नमन

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेताओं ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि महान युगद्रष्टा और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें सादर नमन। साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस की आप सभी को शुभकामनाएं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने युग प्रवर्तक, हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान को दुनिया में प्रतिष्ठित करने वाले, आध्यात्मिक गुरू और युवाओं से प्रेरणापुंज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कोटिशः प्रणाम किया है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी सोशल मीडिया पर स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा है कि युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं महान विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए अपनी प्रतिभा एवं ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर देश तथा समाज की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

### किसान मेला, सेवा समर्पण दौड़ सह स्वास्थ्य शिविर हुआ संपन्न



**रांची :** सेवा भारती, झारखण्ड के तत्वावधान में 15वां किसान मेला, स्वास्थ्य शिविर सह सेवा समर्पण दौड़ की निर्णायक प्रतियोगिता अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा के ग्राम गुड़ीडीह स्थित सेवा धाम परिसर में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि देश की प्रगति किसानों एवं युवाशक्ति के हाथों में है। आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए प्रदीप वर्मा ने स्वामी जी के संदेश 'शक्ति ही जीवन है, निर्बलता मृत्यु है' को अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया। सेवा भारती अपने विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से ग्राम विकास का कार्य कर रही है। सेवा भारती के मार्गदर्शन में कई प्रगतिशील किसान जैविक खेती कर के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। सुदूर ग्रामीण अंचलों में संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवा दी जाती है। खेलकूद, दौड़, योगासन के क्षेत्र में भी कई प्रतिभाओ को संवारने का कार्य हो रहा है। सेवा भारती के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन, रिम्स, रांची के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 235 जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया एवं आवश्यक दवाएं मुहैया कराई गई। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनानें में डॉ के पी सिन्हा,डॉ मनीष कुमार, डॉ कर्नल प्रमोद, डॉ देवेश कुमार, डॉ एके सिंह, डॉ वाई ए लाल, डॉ नीलम टोप्पो, डॉ जैद, डॉ रोहित कुमार सहित श्रद्धानंद पाठक की भूमिका रही। कृषि मेला में 50 गांवों के किसान अपने उत्कृष्ट फसलों की प्रदर्शनी लगाएं,जहां फसलों में उत्कृष्ट उत्पाद को चयनित कर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने 50 किसानों को पुरस्कार के लिए चयन किया एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही सभी निबंधित किसानों को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। सेवा समर्पण दौड़ की निर्णायक प्रतियोगिता में 30 गावों से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए, जहां आयुवर्ग के अनुसार प्रथम,द्वितीय, तृतीय सहित 24 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर किसान गोष्ठी में बिरसा कृषि विश्व विद्यालय के वरीय वैज्ञानिक डॉ मिलन चक्रवर्ती, डॉ शुभ्रांशु सेनगुप्ता, डॉ आर पी मांझी ने कृषि संबंधित जानकारी किसानों को दी। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन समाजसेवी आनंद कोठारी ने दिया जबकि कार्यक्रम का संचालन चंदन मिश्र ने किया। मौके पर कलाकारों द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित की गई हैं। उक्त कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद, राधेश्याम अग्रवाल, अखिलेश श्रीवास्तव, उमाशंकर शर्मा, संतोष वर्मा, संजय गोयल, मनोज कुमार, अरुण शुक्ला, नन्दलाल साहू, जैलेंद्र कुमार, लालचंद वेदिया, दिनेश कुमार, सोना राम मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 68वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता अंडर 14 में तेलंगाना की टीम का दिखा बेहतर प्रदर्शन

**रांची :** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज हुए पांच मुकाबलों में तेलंगाना की टीम का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। तेलंगाना की टीम ने कुल तीन मुकाबलों में पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में तेलंगाना के एथलीट कुराई प्रवीण को स्वर्ण पदक, आंध्र प्रदेश के कूदा राघवेंद्र को रजत एवं मुकाबले में तेलंगाना के कार्तिक राठौड़ को कांस्य पदक भी मिला है।

# मकर संक्रांति को लेकर तिलकुट बाजार हुआ गुलजार, अभी से खरीदारी करने में जुटे लोग





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** तिलकुट की सोंधी महक से पूरा शहर महकने लगा है। ऐसे में बोकारो शहरी क्षेत्र के बाजारों में तिलकुट की दुकानें सज गई हैं। सड़क किनारे कई तिलकुट की दुकानें खुल गई हैं। यहां जोर-शोर से तिलकुट तैयार किया जा रहा है। तिलकुट की सोंधी खुशबूलोगों को दूर से ही आकर्षित कर रही है। शहर के चास, सेक्टर 4 एवं दूंदीबाजार चौक सहित कई जगहों पर निर्माण हो रहा है। खरीददारों की भीड़ बढ़ने लगी है। दुंडीबाद के दुकानदार ने बताया की लोगो की मांग को देखते हुए गुड़ चीनी के अलग अलग तरह के तिलकुट का निर्माण पुरे जोर पर है।

**सोंधी महक से गुलजार हो जाता है शहर**

वैसे तो यहां सालों भर तिलकुट की ब्रिकी होती है, लेकिन सर्द मौसम आते ही इसकी मांग बढ़ जाती है। जनवरी माह में तिलकुट की मांग बढ़ते ही धम-धम की आवाज और सोंधी महक से शहर गुलजार हो जाता है। यह किसी फैक्ट्री या किसी अन्य मशीनों की आवाज नहीं होती है, बल्कि हाथ से तिलकुट कुटने की आवाज होती है।

**कैसे बनता है तिलकुट**

तिलकुट बनाने में मुख्य रुप से तिल एवं चीनी का प्रयोग किया जाता है। हालांकि अन्य मिठाइयों की अपेक्षा इसे बनाने में ज्यादा मेहनत लगती है। इस कार्य में अधिक मजदूरी लगने की वजह से दुकानदार दिन रात लगे हुए है।

## डॉ आरके झा एलेवन ने जीता प्रदर्शनी क्रिकेट मैच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रविवार को सेक्टर 12ई स्थित खालसा क्रिकेट मैदान में बोकारो प्रेस एलेवन व डॉक्टर आरके झा एलेवन के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। मैच से पहले पत्रकारो ने दिवंगत पत्रकार दीपेंद्र प्रभंजन को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्रेस एलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मैदान पर लक्ष्मी नारायण व शुभम ने शानदार ओपनिंग साझेदारी करते हुए 35 रन जोड़े। टीम की ओर से राम मूर्ति प्रसाद, राजेश राज, अभय कुमार व सत्यपॉल ने अच्छी बल्लेबाजी कर टीम का स्कोर 84 रन किया। जिसके बाद डॉ आरके झा की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। टीम के सभी खिलाड़ियों ने मिलकर अंतिम ओवर में मैच को जीताया। जिसमें डॉ राहुल झा व रोहित झा की बेहतर बल्लेबाजी शामिल रही। डॉ एलेवन की टीम ने 11.3 ओवर में 85क रन बनाकर जीत दर्ज की। मौके पर कृष्णा चौधरी, सुनिल महतो, विश्वजीत झा, योगो पूर्ति, राहुल बसु, कौशल कुमार, रवि वर्मा, धर्मनाथ, विशद यादव, रोहित झा, रोहन झा, कन्हैया झा, अकिंत कुमार, अमित यादव, चिकू कुमार, अभिज्ञान रजक, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

## स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव पर उदय काली मंदिर पूजा कमेटी ने किया कंबल का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को कोयला भवन के समीप उदया काली मंदिर में स्वामी विवेकानंद जी का जन्मोत्सव पर उदया काली मंदिर पूजा कमिटी के सेविकाओं के सौजन्य से गरीबों के बीच कम्बल का वितरण कर मनाया गया।पूजा कमिटी के सदस्यों ने सर्व प्रथम स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण की। कमेटी के रूपा बोस ने बताया कि उनके कमिटी का यह पहला कम्बल वितरण कार्यक्रम है। और आगे भी गरीबों को मदद करने का यह अभियान जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है।इसके लिए सभी को आगे आकर बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए।मंदिर कमिटी के सचिव अरुण पांडेय ने कहा कि मंदिर सेविका कमिटी के सदस्यों ने गरीबों के बीच कंबल वितरण कर अपनी मानव सेवाभाव का परिचय दिया है। पूजा कमिटी की और से मंदिर के सेविका कमिटी के सभी सदस्यों को तहे दिल से धन्यवाद करती है। इस मौके पर श्री पांडेय ने यह भी बताया कि इस मंदिर प्रांगण में 16 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। कम्बल वितरण समापन के बाद मंदिर परिसर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया।इस मंदिर के पुजारी धमार्दास ने कहा कि इस मंदिर के देख रेख में कमिटी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहता है। मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बीके झा, सुरजीत राय, दरोगा महतो, संजीव बोस,डी एन सिंह, शांतनु बनर्जी, दिगय भट्ट, एस देव चंद्र, नेपाल पंडित, रूपा घोष, मौसमी, संगीता, सीमा, नूतन, शिवली, चंदन, उमा, शुक्ला, रांगा, पुष्पा, मानसी, नीलांजना मौजूद थे।

## संकल्प सृजन के तत्वावधान में युवा संगोष्ठी का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत के युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती व युवा दिवस के अवसर संकल्प सृजन के तत्वावधान में युवा संगोष्ठी का आयोजन क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, सेक्टर 6, बोकारो के सभागार में संपन्न किया गया। शहर के विभिन्न विद्यालय व महाविद्यालयों से आमंत्रित शिक्षार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के सपनों का भारत व आज के युवाओं का योगदान को रेखांकित करते हुए अपना अपना मंतव्य प्रकट किया। साथ ही यह संदेश दिया कि हमारे युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी ने भारत के लिए जो स्वप्न देखे, उनकी कल्पना और उनके प्रयास भारत माता को परम वैभव पर स्थापित कराने हेतु सदैव गतिशील रहे, उस भारतवर्ष का नव निर्माण में हम युवाओं का क्या योगदान हो सकता है। सर्वप्रथम भारत माता व स्वामीविवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्बोधन प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग से आयुष प्रसाद, प्रथम द्वितीय त्रिसा भारद्वाज, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, तृतीय आशुतोष कुमार, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल एवं वरिष्ठ वर्ग से साक्षी कुमारी प्रथम, आँचल कुमारी द्वितीय, तृतीय अंकिता कुमारी मिथिला एकेडमी सहित 45 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, कलम व श्रीमद्भागवतगीता से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री मृत्युंजय सहाय प्राचार्य जैन पब्लिक स्कूल, श्री राजेंद्र कुमार, मुख्य संरक्षक, संकल्प सृजन, श्री अक्षत गुप्ता, एकेडमिक कॉर्डिनेटर क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, मनोज झा, ऋषिकेश शर्मा, शुभम आनंद, सरोज पांडेय, फरहत नाज ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्द्धन भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऋतिक कुमार, राजा पाल, पीयुष, ऋतिक, मोहित, कृष्णा, बिनु पाठक, अंजू राय, लालमोती, प्रिया, आँचल, साक्षी, सरिता, प्रिति, अनन्या, सुरुचि झा, विभाष सिंह, बलराम झा, नीतू, नेहा देवी सहित अन्य कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन अनुष्का झा व धन्यवाद ज्ञापन अनन्या मृणाल ने किया। कल्याण मंत्र से सभा का समापन किया गया।

## धनबाद में पांचवीं जिला रैली व कब बुलबुल उत्सव का हुआ शुभारंभ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** भारत स्काउट एंड गाइड जिला के हिल कालोनी स्थित स्काउट डेन में 11 से 14 जनवरी तक आयोजित पांचवीं जिला रैली व कब बुलबुल उत्सव का शुभारंभ रविवार को भारत स्काउट एंड गाइड के जिला आयुक्त सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार के द्वारा किया गया। विश्व मे भारतीय संस्कृतिक को गौरवान्वित करने वाले युग प्रर्वतक एव युवाऔ के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजली दिया गया। सहायक जिला आयुक्त सह सहायक कार्मिक अधिकारी अजय कुमार प्रभाकर ने जिला आयुक्त सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार को पौधा देकर सम्मानित किया।तत्पश्चात स्काउट एवं गाइड के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला रैली मे धनबाद के सभी ग्रुप पाथरडीह ,गोमो, डी एस कॉलोनी, धनबाद से कब बुलबुल, स्काउट गाईड,रोभर रेन्जर एव लीडर मिलाकर लगभग 290 सदस्याओ ने इस रैली मे भाग ले रहे है। इस रैली मे पायनियरीं प्रोजेक्ट, फुड प्लाजा, देश भक्ति गीत, प्राथमिक चिकित्सक, मार्च पास्ट, फोक डेन्स,सर्व धर्म प्रर्थना का प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहे है जिसका उद्देश्य बच्चो को शारीरिक एव मानसिक रुप से सशक्त करना है।

## युवा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए आगे बढ़ें : प्राचार्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रविवार को डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर -6 बोकारो द्वारा नावाडीह गांव में वैदिक चेतना जागृति के तहत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वैदिक चेतना हवन -यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह, आर्य समाज के प्रचारक चेतन परमार,जितेंद्र कुमार, विद्यालय के संस्कृत शिक्षक बालशेखर झा, अभिभावक भरत कुमार, गोराई जी ने भाग लिया 'इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी को विवेकानंद के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने ऐसे युवा की कल्पना की जिसमें ऊर्जा और जोश भरा हो। उन्होंने युवाओं के लिए कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए। वे युवाओं में आशा और उम्मीद देखते थे। उनके लिए युवा पीढ़ी सदा से परिवर्तन की अग्रदूत रहे । उन्होंने कहा था- युवाओं में लोहे जैसी मांसपेशियां और फौलादी नसें हैं' उनमें किसी भी सोच को बदलने की क्षमता है

**युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन देने से ही देश का**

विकास होगा। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका झूमा चक्रवर्ती व विद्यार्थियों के द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक बी के झा,जहान्वी बनर्जी, अखिलेश कुमार, गौतम सिंह, किरण सिंह, सुनीता, ज्योतिबाला, रूबी, भावना घले, अराधना, सोनिया, आभा, भोलांचल स्वेन, स्वरूप नाथ, श्यामभूषण सहित सभी शिक्षक - शिक्षिका व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### योगीडीह आश्रम में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती मनायी गयी



**चंदनकियारी :** प्रखंड पंचायत देव ग्राम के योगीडीह स्थित श्री श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम योगीडीह में स्वामी विवेकानंद जी का 162 वीं जयंती मनाई गई। स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रदा सुमन की गई। इ आश्रम संचालन सेवादारसह सह कोषाध्यक्ष मीडिया कुमार मुखर्जी ने कहा स्वामी जी ने कहा था कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति आधार युवा वर्ग ही है। ये उनका आत्म विश्वास था। विवेकानंद जी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे और रहेगें। महापुरुष एकबार ही जन्म लेते हैं। उनकी बताई गयी भगतो को अमल कर युवाओं अपने क्षमताओं को पहचाने तथा राष्ट्र निर्माण में लगायें। इस अवसर पर आश्रम में पुजा पाठ व होम का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर आश्रम कमिटी के पदाधिकारी, सदस्यों व ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### 1990 बैच के विद्यार्थियों का हुआ वनभोज सह मिलन समारोह



**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 12 हाइ स्कूल के 1990 बैच के विद्यार्थियों द्वारा पारिवारिक पिकनिक का आयोजन सिटी पार्क में किया गया। जिसमें देश विदेश के विद्यार्थियों ने परिवार समेत हिस्सा लिया। पिकनिक में मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध करवाया गया था। सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे से मिलकर अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अपने विचार साझा किया। सभी लगभग 40 परिवार को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। आयोजक मंडली की ओर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने सभी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजक मंडली में संतोष कुमार राय, सुनील कुमार सिंह, उमा शंकर, मिथलेश झा, दिलीप चैटर्जी, संतोष कुमार, अरुणिमा, सुनीता साहनी, श्यामली, जितेंद्र कुमार, शिशिर कुमार सिंह, अजय साव, चंद्र भूषण, दुर्गा, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### शहीद निर्मल महतो की मुर्ति अनावरण 16 जनवरी को



**चास :** प्रखंड के शहीद निर्मल महतो चौक आलकुशा में रविवार को शहीद निर्मल महतो की मुर्ति स्थापित कर अनावरण कि तैयारी युद्ध स्तर पर है। वहीं समिति के अध्यक्ष ज्योति लाल महतो ने कहा कि 16 जनवरी 2025 सुबह 11:00 बजे को शहीद निर्मल महतो की आदमकद मुर्ति की अनावरण होगी .जिसमें सभी चिंतनशील, बुद्धिजीवी, महिला, पुरुष, समाजसेवी एंव सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किये. मौके पर पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार, मिथिलेश कुमार महतो, छोटेलाल महतो, इस्लाम अंसारी, पटल महतो, दुर्गा चरण महतो, रोहित रजक, रवि महतो, मुर्शीद अंसारी, प्रकाश महतो, विष्णु महतो, लालधारी महतो, राजु महतो, अजय कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, मोईन अंसारी, निमाई कुमार महतो आदि शामिल थे।

### डीएफओ ने मे. मोहन टिम्बर आरामिल को सील करने का दिया निर्देश



**बोकारो :** शुक्रवार को जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी बोकारो रजनीश कुमार ने पत्र जारी कर वन क्षेत्र पदाधिकारी, चास वन प्रक्षेत्र को निर्देश दिया है कि बोकारो स्टील लिमिटेड के अनुरोध पर मे० मोहन टिम्बर, उकरीद मोड़ को स्थानांतरण के आदेश की प्रति प्राप्त या सक्षम न्यायालय द्वारा इस संबंध मे कोई विपरीत आदेश पारित होने तक बन्द करने हेतु निर्देश दिया गया है। इसको लेकर वन क्षेत्र पदाधिकारी, चास वन प्रक्षेत्र को जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी बोकारो ने निर्देश दिया है कि उक्त आरामिल को सील करते हुए अंतिम स्टॉक का प्रतिवेदन फोटोग्राफ के साथ शीघ्र समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, ध्यान रखेंगे कि किसी भी परिस्थिति में उक्त आरामिल का संचालन अगले आदेश तक नहीं हो। अन्यथा सारी जवाबदेही वन क्षेत्र पदाधिकारी,चास वन प्रक्षेत्र की होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन



**धनबाद :** संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मॉक टेस्ट का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए परिपूर्ण करना है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए अब सिर्फ 5 दिन बचे हैं। इन पांच दिनों का उपयोग हम सभी को तन्मयता पूर्ण तरीके से करना होगा। जितना ज्यादा अभ्यास होगा परीक्षा उतना शानदार जाएगा और सफलता भी उतनी प्राप्त होगी। मॉक टेस्ट में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी का छात्र राजवीर सिंह प्रथम स्थान पर रहे। प्राथमिक विद्यालय पासी टांड के छात्र प्रतीक कुमार एवं हिंदी गुजराती मध्य विद्यालय के छात्र युग आर्य दूसरे स्थान पर रहे। सत्यम कुमार तीसरे स्थान पर रहे जबकि बर्ड्स गार्डन राजगंज का छात्र प्रियांशु मुर्मू ,सर्वमंगला पब्लिक स्कूल की छात्रा वैष्णवी कुमारी एवं अजय कुमार चौथे स्थान पर रहे। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को संकल्प एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर संकल्प एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी, शिक्षक कुणाल कुमार शर्मा, ऋषि कुमार, शैलेंद्र कुमार यादव, अभिभावक कमला कुमारी, संगीता चौहान,उमाशंकर राम, नागेश्वर मल्लाह, परमेश दास,रंजीत कुमार महतो, चुन्नू ठाकुर आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का किया आयोजन



**धनबाद :** बाघमारा प्रखंड के अन्तर्गत जमुआटांड पंचायत सचिवालय में रविवार को मुखिया निरंजन गोप के अथक प्रयास से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के द्वारा निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर आयोजन में करीब 200 लोगों को नि:शुल्क कृत्रिम अंक प्रत्यारोपण का लाभ मिला। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार, पशुपति रजवार, शुभंकर भगत, अमर भगत, वार्ड सदस्य चंदन महतो ,वार्ड सदस्य नेपाल सिंह, वार्ड सदस्य अर्जुन ठाकुर, छोटन रजक, दिवाकर महतो, सुशील कुमार सिंह, मो नियाज सहित आदि अन्य लोगों का सक्रिय योगदान रहा।

### कुश के नेतृत्व में कोल इंडिया से मिला इनमोसा का प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद :** कुश कुमार सिंह के नेतृत्व में इनमोसा केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक कोल इंडिया विनय रंजन के बीसीसीएल दौरे पर गेस्ट हाउस, कोयला नगर में उनको पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इनमोसा केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक कोल इंडिया को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देने के साथ कंपनी को उज्जवल भविष्य की कामना की। साक्षात्कार के उपरांत कई अहम मुद्दों को निदेशक कार्मिक के संज्ञान में दिया गया जिसमें सभी सुरक्षा समितियां में इनमोसा की भागीदारी सुनिश्चित करने, कैडर स्कीम में संशोधन, माइनिंग सुपरवाइजर के पदनाम बदलने, खदानों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से एमडीओ मोड से संचालित खदानों में नियंत्रण पदाधिकारी की रूपरेखा स्पष्ट करने आदि विषयों पर वार्ता हुई। कुश कुमार ने अवगत कराया की इनमोसा द्वारा एजेंडा नोट पत्रांक के माध्यम से निदेशक कार्मिक कोल इंडिया को दिया गया है। निदेशक कार्मिक ने सभी मुद्दों पर कोल इंडिया स्तरीय वार्ता करने की बात कही। इस विशेष बैठक में एमपी चौहान, अजीत सिंह,विजय यादव,अशोक कनौजिया,यशवंत कुमार सिंह, जयनंदन पासवान, एवं अरविंद कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह सहित आदि अन्य उपस्थित थे।

### धनबाद की प्रसिद्ध कवियत्री प्रियदर्शिनी पुष्पा परमात्मा में हुई विलीन



**धनबाद :** साहित्य जगत ने आज एक अनमोल रत्न को खो दिया है। प्रियदर्शिनी पुष्पा पुष्प जिनकी कविताएं समाज के हर पहलू को छूने वाली और जिनके शब्दों में संवेदनाओं की गहराई थी, अब हमारे बीच नहीं हैं। उनका निधन साहित्य जगत की एक अपूरणीय क्षति है। प्रियदर्शिनी पुष्पा की रचनाएं न केवल अपनी भाषा की सुंदरता के लिए जानी जाती थीं, बल्कि उनके विचारों में एक तीव्र समाजिक जागरूकता और मानवीय संवेदनाएं भी समाहित थीं। उनकी कविता की हर पंक्ति एक संदेश देती थी, जो जीवन के विविध पहलुओं को प्रकट करती थी। आज, जब साहित्य को उनकी जैसी सशक्त आवाज की आवश्यकता है, उनका आकस्मिक निधन हम सबके लिए एक गहरी शोक की घड़ी है। हम उनके शब्दों को याद रखेंगे और उनकी रचनाओं को हमेशा सम्मानित करेंगे। उनका योगदान हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगा, और उनका काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। इनके आकस्मिक निधन पर धनबाद के साहित्यकारों शोक संवेदना प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## एक नजर

### समाज कल्याण समिति ने किया वनभोज सह बैठक का आयोजन

**मुरी/सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन नव वर्ष के अवसर पर समाज कल्याण समिति मुरी सिल्ली के तत्वाधान में स्वर्णरेखा तट के किनारे वनभोज सह बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन के दरमियान बैठक कर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के बीच समाज के उत्थान को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई साथ ही सामाजिक कार्यों की पूर्ण जिम्मेदारी के तहत निभाने की भी बातें हुई जिसको सर्वसम्मिति से सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमलेश दुबे, वीरेंद्र यादव, प्रवीन पांडे, रमेश राय, शमानंद यादव, भरत कुमार ठाकुर,राजेश यादव, राकेश सिन्हा, मनोज शर्मा,रविंद्र नाथ महतो, मंगल पांडे एवं मुकेश पांडे का सराहनीय योगदान रहा।

### हत्याकांड में पुलिस ने मां-बेटी को किया गिरफ्तार



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर गांव में 23 वर्षीय युवक ललन मंडल उर्फ राजू मंडल की निर्मम तरीके से शुक्रवार रात्रि को हत्या कर दी गई। राधानगर थाना प्रभारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि ललन मंडल का शव राधानगर अरुण मंडल टोला में सिढ़ी घाट में दिवाकर मंडल के घर से शनिवार रात्री को राधानगर पुलिस ने बरामद किया है। दिवाकर मंडल की पत्नी किर्ति मंडल तथा उसकी नाबालिग पुत्री ने स्वीकार किया कि दोनों ने मिलकर उसे बिजली का करंट लगाकर जान से मार दी। आरोपी ने आरोप लगाया है कि युवक तीन चार महीने से अक्सर उसके घर चोरी करने आता था और नाबालिग लड़की से छेड़खानी भी करता था। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति का शव तालाब से बरामद



**बोकारो :** जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी के हथिया पाथर निवासी करीब 55 वर्षीय व्यक्ति 6 जनवरी से घर से लापता व्यक्ति का शव तालाब में तैरते हुए मिला। बालीडीह थाना पुलिस ने गोडाबाली दक्षिणी के तालाब से शव को किया बरामद। घटना बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र काम। जांच में जुटी पुलिस। घटना के बारे में बताया जा रहा है की बालीडीह थाना पुलिस को सूचना मिली की बालीडीह थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के तालाब में एक शव तैर रहा है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची जहां शव को तालाब से बाहर निकाला गया। शव की पहचान 6 जनवरी से लापता सुरेश सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालीडीह थाना पुलिस सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कहा की जांच के बाद पता चला की ये पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछड़ी का रहनेवाला सुरेश सिंह है जो घर से तीन चार दिनों से लापता था और जिनकी मानसिक हालत ठीक नहीं बताई जा रही है। वही मृतक के भतीजा ने कहा की ये 6 तारीख से घर से लापता थे और इन्हे मानसिक रूप से बीमार थे।

# प्रधानाध्यापक के हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर शिक्षक और परिजनों ने घंटो किया सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** प्रधानाध्यापक के हत्या के विरोध में सहकर्मी शिक्षक-शिक्षिका एवं परिजनों ने शिवपहाड़ चौक पर धरना पर बैठ दिनभर जाम रखा। शव का पोस्टमार्टम रोक हत्या के कारणों और हत्यारें की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन एवं शिक्षक सुबह से शिवहाड़ चौक को जाम कर प्रशासन तथा पुलिस विरोधी नारे लगाते रहे। जाम से वाहनों का आवागमन पूरी तरह दिनभर ठप रहा। शिक्षक और परिजन शिवपहाड़ चौक पर गिधनी पहाड़ी जाने वाली रोड़, एसपी कॉलेज, पोखरा चौक एवं कुम्हारपाड़ा की ओर जाने वाले सभी रास्तों में रस्सी बांध बाईक सहित सभी वाहनों का आवागमन बाधित रखा। हत्या के कारणों को जल्द उजागर करने और हत्यारों को गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद करीब छह बजे लोग माने और जाम हटाया। तब जाकर प्रशासन शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप सकी। हालांकि हत्या की आशंका जता परिजनों के शिकायत के बाद से ही मुफस्सिल थाना पुलिस सक्रिय हो गई थी। हत्या करने के संदेह में पुलिस शनिवार को देर रात ही जसीडीह से एक आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुटी है। सूत्रों की माने तो गिरफ्तार आरोपित दिवंगत प्रधानाध्यापक के विद्यालय का ही लिपिक बताया जा रहा है। हत्या के कारण प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। गिरफ्तार लिपिक का विद्यालय के ही शिक्षिका से संबंध की बातें सामने आ रही है। इसमें प्रधानाध्यापक का हस्तक्षेप के कारण आरोपित के जरिये साजिशन हत्या कर खुदकुशी का रूप देने की बातें सामने आ रही है। मामले में एक आरोपित को जसीडीह से गिरफ्तारी की बात स्वीकारते हुए थाना प्रभारी सत्यम कुमार ने बताया कि परिजनों के लिखित शिकायत पर एक आरोपित को जसीडीह से गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। उल्लेखनीय है कि छह जनवरी से गायब मसलिया में पदस्थापित प्रधानाध्यापक का पेड़ से लटका शव जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कड़हलबिल के घने जंगल में शनिवार को मिला था। शव की पहचान गिधनी निवासी ब्रेन्तियुस हेम्ब्रम (40)के रुप में हुई। जंगल में शव की सूचना पर पत्नी एवं परिजन पहुंचे। हत्या कर शव को पेड़ से लटका देने का आरोप लगाया था।




### मालदा रेल मंडल डीआरएम ने स्टेशन का किया निरीक्षण




**साहिबगंज/राजमहल :** मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने रविवार को राजमहल रेलवे स्टेशन पहुंच अमृत भारत परियोजना के तहत चल रहे सौंदर्यकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्यों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा कार्यों को निर्धारित समयाविधि में पूरा करने और पाई गई अनियमितता को तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया।

# अवैध शराब की बेरोकटोक कारोबार, प्रशासन की भूमिका पर खड़े सवाल, स्कूली छात्र भी नशे की चपेट में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर में अवैध अंग्रेजी शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के संरक्षण से ही चैनपुर के होटल और किराने की दुकानों पर बेरोकटोक शराब की बिक्री की जा रही है। शराब विक्रेताओं को किसी का भय नहीं है। और वे खुलेआम दिनदहाड़े अवैध शराब की बिक्री करते हैं। इस अवैध कारोबार के कारण स्थानीय लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शराब के नशे में लोग बदतमीजी करते हैं और कई बार लड़ाई-झगड़े भी होते हैं। वही आये दिन शराब के नशे के कारण सड़क दुर्घटनाओं के मामले भी इजाफा हुआ हैं। शराब की चपेट में स्कूल व कॉलेज के छात्र भी नशे के चपेट में आ रहे हैं। जो एक गंभीर चिंता का विषय है। इसे लेकर अभिभावक भी काफी परेशान चिन्ता में है। अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की है।इस मामले में पुलिस प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। लोगों का आरोप है कि पुलिस अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करने के बजाय महुआ शराब बेचने वालों को परेशान खाना पूर्ति करती है। जबकि अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री चैनपुर पुलिस के संरक्षण में बड़े पैमाने में चल रहा है। यह मामला पुलिस प्रशासन के कार्यों पर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां शराब की बिक्री होती है उसके बाहर लोगों का जमवाड़ा लगा रहता है सड़कों पर मोटरसाइकिल खड़ा कर रोड जाम कर देते हैं। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में लोग बदतमीजी करते हैं और कई बार लड़ाई-झगड़े भी होते हैं। एक ग्रामीण ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि चैनपुर के प्रेम नगर सरना मोड़ के पास एक किराने की दुकान में अवैध शराब की बिक्री की जाती है। दुकानदार से लेकर शराब खरीद रहे लोग काफी बदतमीजी करते हैं सड़क पर गाड़ी लगाकर शराब की खरीदी करते हैं जिससे आम राहगीर को काफी परेशानी होती है किसी के द्वारा कुछ कहने पर वह लोग लड़ाई झगड़े पर आतुर हो जाते हैं।



# गंगा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सैक्टर 2,ए में सहकार भारती का स्थापना दिवस सह गंगा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के निवर्तमान अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जगन्नाथ शाही, विशिष्ट अतिथि बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, सुख लाल वैद्य राष्ट्रीय स्तर पर औषधि वनस्पतियों के ज्ञाता, गंगा क्रेडिट कोऑपरेटिव के सीईओ प्रोफेसर पी एल बरनवाल, गंगा क्रेडिट कोऑपरेटिव के अध्यक्ष डॉ भगवान पाठक, रणविजय कॉलेज के निवर्तमान प्राचार्य डॉक्टर सत्यदेव तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार रॉय के द्वारा संयुक्त रूप से सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव इनामदार और भारत माता की छवि पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जगन्नाथ शाही ने कहा कि सहकारिता ही हमारी पुरातन संस्कृति है, इसी को अपना कर हम स्वावलंबी एवं वैभवशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता एक स्वस्फुर्त, स्वनियंत्रित, लोकतंत्रामक, सर्वोदयी एवं सर्वोपकरि दर्शन है, जिसके माध्यम से समाज के दलित, वंचित, पिछड़ा, महिला इत्यादि सभी वर्गों एवं समुदायों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने भी सहकार भारती एवं उसके प्रकल्प इकाई गंगा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य की सरहाना करते हुए कहा कि बोकारो में सहकार भारती के द्वारा किये जा रहे कार्यों से सैकड़ों लोगों को स्वावलमबी बनाने का जो पुनीत कार्य किया जा रहा है इसके लिए सभी कार्यकताओं के प्रति मैं कृतज्ञता प्रकट करना चाहता हूं एवं मेरी जहाँ भी अवश्यकता होगी मैं सदैव सहयोग करूंगा सुखलाल वैध जी ने अपने संबोधन में सहकार भारती के अनिवार्यता को आवश्यक बतलाया।




# पुष्पिता बृजकिशोर सिन्हा विवेकानंद नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** रविवार को रायपुर के बेबीलोन कैपिटल में आयोजित एजुकेशनल एक्सीलेंस कॉन्क्लेव में दिल्ली पब्लिक स्कूल रायगढ़ की प्रिंसिपल पुष्पिता बृजकिशोर सिन्हा को प्रतिष्ठित स्वामी विवेकानन्द नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मानित सम्मान ने उनके असाधारण नेतृत्व और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का जश्न मनाया। उनके दूरदर्शी मार्गदर्शन के तहत, डीपीएस रायगढ़ शैक्षणिक और पाठ्येतर सफलता का एक प्रतीक बन गया है, जो मूल्यों और ज्ञान की मजबूत नींव के साथ अच्छी तरह से विकसित छात्रों का पोषण करता है। इस कार्यक्रम में शिक्षा के भविष्य को आकार देने में स्कूल की परिवर्तनकारी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। सिन्हा की उपलब्धि समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के समर्पण का एक प्रमाण है।




# सर्व सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में देश के मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** राष्ट्रीय सर्व सेवा संघ के कार्यकारी समिति की बैठक गोपुरी वर्धा महाराष्ट्र में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य पटनायक की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई। दिवंगत सर्वोदय कार्यकताओं के प्रति श्रद्धांजलि के उपरांत महामंत्री आनंद किशोर द्वारा पठानकोट बैठक के निर्णय और कार्य संपादन संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुति के उपरांत पूर्व समिति के न्यासी प्रो रामजी सिंह, मधुसूदन तथा सोमनाथ रोड़े के सेवानिवृत्ति के उपरांत तीन नए न्यासी नारायण भाई, गीतांजलि पटनायक, तथा रमाकांत नाथ का चयन किया गया सर्व सेवा संघ के पदाधिकारी एवं समिति के संयोजकों में प्रोफेसर प्रसाद गोलना पल्ली को अंतरराष्ट्रीय संवाद एवं संपर्क समिति, सुखपाल सिंह को किसान सेल, कैलाश चंद्र शाह को लीगल सेल,धर्मेंद्र राजपूत को भूदान ग्रामदान समिति, गीतांजलि पटनायक को वित्त संग्रह, विजय भाई को शांति सेना समिति तथा राष्ट्रीय संगठन के मंत्री ,शिव विजय सिंह को प्रकाशन, इंदुमती साहू को महिला संगठन, बसंत राव केदार को खादी समिति, टिकेंद्र जीत सिंह को नाथ ईस्ट सर्वोदय संगठन तथा विनोद स्वरूप को युवा समिति का संयोजक नामित किया गया। विभिन्न राज्यों में भूदान समिति की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इस संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने के लिए धर्मेंद्र जी, विश्वनाथ आजाद, कैलाश चंद्र साहू और राम अवतार गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई। झारखंड भूदान समिति का गठन के लिए सरकार को प्रतिवेदन संघ के अध्यक्ष आदित्य पटनायक झारखंड के मुख्यमंत्री प्रतिवेदन देंगे। बिहार में भी भूदान यज्ञ समिति का गठन करने हेतु सरकार से निवेदन करने का निर्णय लिया गया। किसानों के विभिन्न सवाल पर 47 दिनों से किसान नेता डिन्नबाल जी आमरण अनशन पर बैठे हैं उनकी स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, इसके लिए सर्व सेवा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर जाएगा जो सम्मानजनक समझौता किसानों से अभिलंब करने की मांग करेगा। संघ के बनारस परिसर पर सर्व सेवा संघ का वैधानिक अधिकार है। प्रबंध न्यासी महादेव विद्रोही जो सर्व सेवा संघ के संपूर्ण संपत्ति के संरक्षक होते हैं वैद्य दस्तावेज और तरीकों का इस्तेमाल करके आवश्यक पहल करेंगे।




## संक्षिप्त खबरें

### सामाजिक क्षेत्र में जन सेवा के लिए और बढ़ चढ़कर कार्य करेगी कंपनी : संजय दुबे



**रांची :** कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और एक अनुसूची–बी कंपनी जून 2019 से एक मिनी रत्न कंपनी और मार्च 1998 से आईएसओ 9001 प्रमाणित है। अपने सूचना सुरक्षा प्रबंधन के लिए आईएसओ 27001 प्रमाणन के लिए भी आगे बढ़ रही है। सीएमपीडीआई को सी.एस.आर.के तहत जन सेवा कार्य के क्षेत्र एवम 50 वर्ष सराहनीय कार्य करने के लिए 25 वा झारखंड रत्न से लोक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद और महासचिव प्रोफेसर हरविंदर बीर सिंह ने अंग वस्त्र मेमनटो और प्रसस्ति पत्र प्रदान कर अध्यक्ष मनोज कुमार जी को सीएमपीडीआई के मुख्यलय मे सम्मानित किया उनके साथ सीएमपीडीआई के वरिष्ठ अधिकारी संजय दुबे जी भी शामिल थे। उन्होंने सम्मान ग्रहण किया और उन्होंने कहा कि कंपनी सामाजिक क्षेत्र में जन सेवा के लिए और बढ़ चढ़कर कार्य करेगी । उन्होंने लोक सेवा समिति की चयन समिति एवम सदस्यों का धन्यवाद किया राज्य सर्वोच्च सम्मान झारखंड रत्न के लिए उनका चयनित कर सम्मानित करने पर। मालूम हो की नई दिल्ली में समिति सेवा की 33वा वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया जाना था लेकिन किसी कारणवश वहां नहीं पहुंच पाए इसकी वजह से रांची मे ग्रहन किया।

### आरटीसी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**अनगड़ा :** आर.टी.सी पुब्लिक स्कूल अनगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। धर्म संसद में उन्होंने कहा कि भारत सारे विश्व का मार्गदर्शक रहा है लेकिन भारतीयों को अपना स्थान कायम रखने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना होगा। मौके पर विद्यालय के क्लर्क चंद्र शेखर कुम्हार, प्रकाश महतो,खेलन वेदिया, मेघनाथ महतो विद्यालय के छात्र आलोक कुमार महतो, आदित्य महतो, अमन बेली, अभिषेक कुमार, आदित्य राज, क्रिश पटेल ,साजन कुमार,रोहित कुमार महतो, दीपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलकारी करमु महतो के नाम की पत्थलगड़ी की गई



**अनगड़ा/नामकुम :** विश्व युवा दिवस के अवसर पर खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप के कर कमलों से करमु महतो चौक, टाटी सिलवे झारखंड आंदोलन कारी स्व. करमू महतो के नाम की पत्थलगड़ी की गई। उन्होंने कहा कि स्व. करमु महतो झारखंड आंदोलनकारी थे, उनके सम्मान में गत वर्ष इस चौक का नाम रखा गया था और आज झारखंडी परंपरा के अनुसार पत्थलगड़ी की गई। झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान के लिए वे शुरू से प्रयासरत रहे हैं और भविष्य में भी सम्मानित करने का कार्य करते रहेंगे। मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव श्रीमती अर्चना मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष विजय टोप्पो, जेएमएम नेता मुकेश महतो, झारखण्ड आंदोलन कारी अमर कुमार महतो चतरा ग्राम प्रधान किस्टो कुजूर, महिलौंग मुखिया संदीप तिर्की, टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन, आजसू नेता काशीनाथ महतो, जितेंद्र सिंह, अजित महतो, स्टेट रैफरी सरोज नाथ महतो, डा. पंकज मिश्रा, चैतू तिर्की, सहदेव महतो, राम किशुन लोहरा, नीरज प्रमाणिक एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद युवाओं के हैं प्रेरणा : रजनी कौर



**सरिया (गिरिडीह) :** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सरिया स्थित विवेकानंद चौक में विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर भाजपा नेत्री रजनी कौर, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल, सामाजिक कार्यकर्ता नंदकिशोर पांडेय समेत कई गणमान्य लोगों ने विवेकानंद की प्रतिमा पर मालार्पण कर पुष्प अर्पित की। इस अवसर पर रजनी कौर ने कहीं स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत है हमें उनके बताए हुए मार्गों पर चलने की आवश्यकता है। वही त्रिभुवन मंडल ने कहा कि भारतीय सभ्यता संस्कृति के प्रबल समर्थक थे। भारत के खोई हुई गौरवशाली परंपराओं को भारतीयों के समक्ष लाने में अहम भूमिका निभाई। सरिया कॉलेज में शनिवार को विवेकानंद जयंती के पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो अरुण कुमार स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला तथा युवाओं से विवेकानंद के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। गैर सरकारी संगठन नारी उत्थान मंच के द्वारा भी विवेकानंद जयंती मनाई गई। इस मौके पर नंदकिशोर पांडेय, आशीष तर्वे,खुश कांत सिंह,उमेश प्रसाद,राहुल मंडल,शंकर मंडल,छोटी मंडल,रघु वर्मा, मोहन पासवान, केदार दास, रवि रंजन, दिनेश वर्मा,सिद्धि,सृष्टि,राजेंद्र, विकास, पवन, संतोष कुमार पांडेय,मनोज समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# खुशियों का संदेशवाहक पर्व है लोहड़ी

लोहड़ी पर विशेष



योगेश कुमार गोयल

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्ध और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है।

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे ह्यपंजाबी रॉबिनहुडह्ल का दर्जा प्राप्त है।

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके।



हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और बिस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया।

गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा।

लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं।

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्ध और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

# पद पर हावी राजनीति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बड़े. बदलाव किए हैं, जिसमें अब बिजनेसमैन, आईएएस व आईपीएस सरीखे अधिकारी भी विश्वविद्यालय के कुलपति बन सेकेंगे। इस चयन का अधिकार केवल चांसलर का होगा, जिसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अभी तक शिक्षाविद के तौर पर दस का कार्यकाल आवश्यक था, परंतु अब वे इसके पात्र होंगे, जो संबंधित फील्ड़ के विशेषज्ञ, शोध, उद्योग व लोकप्रशासक का अनुभव हो, जिसमें दस साल काम किया हो तथा उनका ट्रैक रिकॉर्ड. अच्छा हो। कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर पहले भी सरकार पर उंगलियां उठती रही हैं। अब जब उद्योगपतियों व ब्यूरोक्रेट्स की नियुक्ति के मार्ग प्रशस्त किए जा रहे हैं तो चयन को लेकर और भी संदेह उपज सकते हैं। सत्तापक्ष के इशारे पर उसके वफादारों पर पद बंटवारे की आशंकाओं से मुक्त नहीं रहा जा सकता। निःसंदेह उद्योगपतियों को कुलपति जैसे सम्मानित पद पर सुशोभित करने से आर्थिक लाभ मिलने की गुंजाइश बढ़ सकती है। जैसे कि ब्यूरोक्रेट अपने अनुभवों का बेहतरीन इस्तेमाल कर नये मार्ग इजात कर सकते हैं। मगर चयन समितियों के गठन पर उठने वाले सवालों को रोकना भी सरकार और यूजीसी की बड़ी जिम्मेदारी होगी। राज्यपालउन्हीं सिफारिशों पर मुहर लगाता है, जो राज्य सरकारों द्वारा प्रेषित होती हैं। उपने उम्मीदवार को कुलपति चुनने पर राज्यपालों की भी राज्य सरकारों से सीधा टकराव की स्थितियां देखने में आती रही हैं। चूंकि राज्यपाल केंद्र द्वारा नियुक्त होते हैं, इसलिए वे विश्वविद्यालयों के प्रशासन में सीधी दखलंदाजी को आजाद हैं। नये नियमों की अवहेलना करने वाले विश्वविद्यालयों के प्रति यूजीसी का रवैया क्या हो सकता है, यह आने वाला वक्त तय करेगा। क्योंकि जिन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं, वहां विवाद की स्थितियों को रोकना नामुमकिन होगा। वे स्पष्ट रूप से इसे संघ का एजेंड़ा मानते हैं। जैसे कि केरल के मुख्यमंत्री ने शुरूआत ही इस मसौदे की आलोचना से की है। सरकार तथा आयोग को ऐसे सम्मानित पदों का शुद्ध राजनीतिकरण करने की बजाए दरम्याना रवैया इख्तियार करने का प्रयास करना होगा।




## चिंतन-मनन

# श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलतः वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलतः सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं। अतः किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

# भारत और तालिबान के नये रिश्ते



डॉ. दिलीप चौबे

देश सचिव विक्रम मिस्त्री और अफगानिस्तान में तालिबान शासन के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच दुबई में गत बुधवार को हुई बैठक से इस क्षेत्र में नये समीकरण बन रहे हैं। अगस्त 2021 में तालिबान के शासन में आने पर भारत में गहरी चिंता व्यक्त की जा रही थी। यह आशंका व्यक्त की जारी थी कि तालिबान से जुड़े हथियारबंद गुट अब कश्मीर का रुख करेंगे। इस क्षेत्र से अमेरिका की वापसी और उसकी हार पाकिस्तान के लिए एक रणनीतिक जीत मानी जा रही थी।

पाकिस्तान में सैन्य और राजनीतिक राजनीतिक विशेषज्ञ खुशी जाहिर कर रहे थे कि भारत को अफगानिस्तान से बेदखल करने में सफलता मिल गई है। इस चुनौतीपूर्ण समय में भारत ने रणनीतिक धैर्य का परिचय दिया। अपनी सारी चिताओं के बावजूद अफगानिस्तान को खाद्यान्न और दवाइयों जैसी मानवीय सहायता मुहैया कराई। मोदी सरकार का पक्ष था कि वह भले ही तालिबान शासन को मान्यता नहीं देती, लेकिन अफगानिस्तान अवाम के साथ सदियों पुराने दोस्ती के रिश्तों को महत्त्व देती है। क्षेत्रीय मंच शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो अन्य महत्त्वपूर्ण सदस्य देशों रूस और चीन ने तालिबान शासकों के प्रति अपेक्षाकृत अनुकूल रवैया अपनाया था। रूस मध्य एशिया में शांति और स्थिरता कायम रखने में अफगानिस्तान की भूमिका को महत्त्व देता है जबकि चीन अफगानिस्तान में दुर्लभ खनिज संपदा को हासिल करना चाहता है। इन खनिज संसाधनों पर अमेरिका और पश्चिमी देशों की नजर है। चीन के लिए अफगानिस्तान में अपने रणनीतिक हितों को पूरा करना आसान है। वाखान गलियारे के जरिए दोनों देश आपस में जुड़े हुए हैं। वास्तव में यह गलियारा चीन को अरब सागर तक पहुंचने का एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध कराता है। इस संपर्क सुविधा में ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। चाबहार के जरिए अफगानिस्तान होते हुए मध्य एशिया और चीन तक व्यापारिक आवागमन संभव है। यही कारण है कि भारत और चीन के रणनीतिक हितों में साझेदारी है। वैसे चीन को काराकोरम राजमार्ग के माध्यम से पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह तक पहुंच हासिल है। लेकिन इस क्षेत्र में आतंकवादी हमलों के कारण चीन का चुनौतियों का सामना है।



तालिबान के सत्ता में आने के पहले अफगानिस्तान में भारत की व्यापक राजनयिक मौजूदगी थी। काबुल में दूतावास के अलावा देश के प्रमुख शहरों में भारत के वाणिज्य दूतावास थे। इसके जरिए भारत पाकिस्तान पर अंकुश रखता था। यह देखने वाली बात होगी कि नये हालात में तालिबान किस सीमा तक भारत को अपनी राजनयिक मौजूदगी कायम करने की अनुमति देता है। पाकिस्तान चार वर्ष पूर्व जिसे अपनी जीत मान रहा था वह उसकी हर में तब्दील होता हुआ दिखाई दे रहा है। तालिबान अपने देश की परंपरागत नीति को दोहरा रहे हैं कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच की डूरण्ड सीमा कृत्रिम है। तालिबान का यह रूप पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बड़ी चुनौती है। हाल में दोनों देशों के बीच हुआ सैन्य संघर्ष बड़ा रूप ले सकता है।

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के नाम पर हुए तख्ता पलट को भी पाकिस्तान अपनी जीत मान रहा था। सेना और इस्लामी कट्टरपंथियों की कठपुतली के रूप में सत्ता में बैठे मोहम्मद युनूस को अमेरिका के बाइडन प्रशासन का पूरा समर्थन हासिल था। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के शासन संभालने के बाद मोहम्मद युनूस के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। पाकिस्तान की सरकार हजारों किलोमीटर दूर स्थित बांग्लादेश के जरिए भारत के लिए परेशानी पैदा करने का ख्वाब देख रहा है, लेकिन अब उसके पड़ोस में ही अफगानिस्तान के रूप में उसके लिए कहीं बड़ी चुनौती दरपेश है।

चाबहार बंदरगाह पर केंद्रित घटनाक्रम राष्ट्रपति ट्रंप से सत्ता संभालने के बाद नया रूप ले सकता है। यदि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए इस्राइल कोई एकतरफा कार्रवाई करता है तो पश्चिम एशिया में नया संघर्ष शुरू हो सकता है। दूसरी और राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों का सहारा लेते हैं तो भारत को इनसे जूझना होगा।

# साहित्यिक मेला और नवोदित रचनाकार



डॉ. अखिलेश गुप्ता

अपारदर्शिता यानी अंधेरे के एक लंबे सिलसिले की शुरूआत, जिसे अपने भीतर समेटे हुए यह वर्ष लगभग एक उपन्यास की समाप्ति की तरह बीत रहा है। राज्य की कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी के लिए वर्ष 2019 का एआई का एल्गोरिदम इस वर्ष 2024 में ₹जनता के लिए अपारदर्शी₹ घोषित कर दी गई। इस एल्गोरिदम ने एक विधवा को कार का मालिक बताकर उसे मिलने वाले राशन तक से वंचित कर दिया गया। इस उपन्यास के आखिरी परिच्छेद को उत्तराखंड में राजमार्ग निर्माण के दौरान एक मील लंबी सुरंग के भीतर फंसे रह गए कुल इकतालीस मजदूरों के उन अथाह अंधेरों के चौदह लाख अड़सठ हजार आठ सौ सेकेंड की एक एक सांस में फैली व्यथाओं को शायद ही कभी कोई कवि लिख सकेगा। वे सत्रह दिन रोज रोज दुहरायी जाने वाली सूचनाओं के मात्र सत्रह दिन नहीं थे। जहां सूरज का कोई चिन्ह न हो, न रोशनी की कोई उम्मीद वहां समय दिन में नहीं पल-पल में ही बीतता है।

इसी पसरते जा रहे अंधेरे का एक अन्य अक्स है-अखिल भारतीय परीक्षा का लीक हो जाना, इलेक्ट्रोरल बॉन्ड ऐसे ही कुछ और भी।

साहित्यकार इन्हीं घटनाओं के बीच जीवन और रोशनी के बारे में सोचता है। ऐसी अनेक वास्तविकताओं के बरक्स यदि कोई भारतीय साहित्यकार इन समस्याओं पर रचना करता है, तो उस पर विदेशी प्रभाव का लेबल चस्पा कर दिया जाता है। प्रतिष्ठित साहित्यकार अपने लक्ष्यभेदी साहित्य से सही फैसले की चिंता करते हुए भी आधुनिक समय की सभ्यता में अज्ञान के जड़ जमाए आवरण को पूरी तरह से अनावृत कर सकने में किंचित असहाय और अकेला हो जाता है। ऐसे में नवोदित साहित्यकार कई बार नए शब्दों के अर्थ से अधिक उनकी घटाटोप उपस्थिति और झल्लाते हुए शब्दों के सहारे भी नाटकीय असर छोड़ जाते हैं और यह असर इतना मारक होता है कि सामाजिक जीवन में घर कर गई अधःपतन की राक्षसी माया के कुहासे को दूर कर देता है।

प्रतिष्ठित साहित्यकार और नवोदित साहित्यकार के संग साथ से जो नया सृजन होता है वह स्थायी सचाइयों पर मजबूत पकड़ बनाए रखती है। आधुनिक जीवन की जटिलताओं को भोगते हुए नवोदित साहित्यकार उसके आवरण को हटाने का प्रयास करता है और इस काम के दौरान मार्गदर्शक साहित्यकार उन्हें आवश्यक एवं जरूरी सलाह दिया करते हैं। अनावश्यक भटकाव और दिशाहीनता से बचने के लिए इस यात्रा को कवि नरेश सक्सेना ने 'प्रवासी पक्षी' कविता में सार्थक और प्रासंगिक माना है

"कितनी अजीब बात है
कि ठण्डे इलाकों से
गर्म इलाकों की तरफ उड़ान भरने
वाली
चिडियों की अगुवाई
शिशु चिडिया करती हैं।
उन्हें जन्म से ही पता होते हैं
वे रास्ते
जो उनके पूर्वजों ने तय किये थे।"

रेडियो वार्ता, टेलीविजन कार्यक्रमों, सरकारी गतिविधियों, विभिन्न संगठनों और पुस्तक विक्रेताओं द्वारा आयोजित साहित्यिक मेले में इस आशय के साथ नवोदित रचनाकारों को आमंत्रित किए जाते हैं कि आम जनता को अभिव्यक्ति के नए अंदाज से परिचित करवाया जा सके। नवोदित रचनाकारों को साहित्यिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का यह अच्छा अवसर होता है। यह प्रोत्साहन रचनाधर्मिता के प्रति उनके प्रेम को गहरा करने में सहायक होता है। प्रतिभा संपन्न रचनाकार इससे उत्साहित होकर साहित्य और संस्कृति के संदर्भ में मनुष्य की मनुष्यता को बचाने की पुरजोर कोशिश करता है। साहित्यिक मेला केवल साहित्यिक रचनाधर्मिता तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह सामासिक संस्कृति और परंपराओं को भी संरक्षित और प्रचारित करता है। नवोदित रचनाकारों के लिए साहित्यिक मेला रचनात्मक अभिव्यक्ति का एक ऐसा मंच है, जहां वे अपनी कविताओं, कहानियों, लेखों और अन्य रचनाओं को साझा करते हैं। यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का भी काम करता है।

भारत में इक्कीसवीं सदी को अस्मितामूलक विमर्शों और वैचारिकी के कोलाज से निर्मित संस्कृति के तौर पर हम देख सकते हैं। इस संस्कृति ने नवोदित रचनाकारों को बहुत से नए क्षेत्र और विषय प्रदान किए। फलतः अब प्रत्येक रचनाकार विषय और क्षेत्र की विविधता लिए हुए अपने से वरिष्ठ पीढ़ी की फोटोकॉपी न होकर विमर्श बहुल क्षेत्रों में अपनी-अपनी अस्मिताओं की चर्चा करने लगे। हाथी के पांव में सबका पांव से इतर साहित्यिक मेलों में स्त्री, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, पिछड़ों और थर्ड जेंडर की समस्याओं पर भी गोष्ठियां होने लगीं। आज के रचनाकार 'बहुजन सुखाय' के साथ ही 'बहुजन हिताय' को भी प्राथमिकता देते हैं।

एक हद तक 'जीवन' और 'साहित्य' को आज भी एक-दूसरे से अलग थलग मान लिया जाता है। वास्तव में साहित्य कई बार वास्तविक दुनिया से इस तरह घुला-मिला रहता है कि उसे जीवन से काटकर अलग नहीं किया जा सकता। धर्म संबंधी किताबें अपने मूल रूप में साहित्य ही हैं, जिसे जीवन से अलग कर पाना संभव नहीं है। रचनाकार समय-समय पर उसमें शामिल रूढ़ियों और प्रक्षेपों को दूर करते रहते हैं। कई बार धर्म में शामिल रूढ़ियां इस तरह हावी रहती हैं कि उसे दूर कर सकना स्वयं साहित्यकारों के लिए नामुमकिन-सा हो जाता है। मसलन, हिंदी साहित्य में भारतेंदु युग के समय सती प्रथा, बाल विवाह और परदा प्रथा का उन्मूलन के साथ विधवा पुनर्विवाह को बल देने की कोशिश करना रेनेसां के विचारकों और साहित्यकारों के लिए टेढ़ी खीर साबित हुई। टेलीविजन और रेडियो कार्यक्रमों के दौरान पल्स पोलियो, स्वच्छ भारत अभियान, हर घर शौचालय के साहित्यिक नारों ने इसके प्रति जागरूकता का प्रसार भले ही किया, लेकिन आज भी कुछेक ग्रामीण क्षेत्रों में घर में शौचालय निर्माण करने को गैर जरूरी मान लेते हैं। साहित्य के मामले में यह बात थोड़े गलत ढंग से प्रचलित है कि इसे नारेबाजी से बचना चाहिए। तात्कालिक बयानबाजी निस्संदेह गलत है। चिकित्सा विज्ञान के डॉक्टरों के साथ नवोदित रचनाकारों ने मिलकर हैजा, कुष्ठ रोग और टीबी के मरीजों के प्रति सामाजिक बहिष्कार की कुप्रथा को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया। यही वजह है कि आज के लोगों में यह समझ विकसित हुई है कि इन मरीजों का सामाजिक बहिष्कार नहीं किया जाए इसलिए उन्हें आज हेय की दृष्टि से नहीं देखा जाता। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था बचाए रखना और इन मूल्यों से छेड़छाड़ करने वालों का विरोध करना आज का साहित्यकार अपना कर्तव्य समझता है। इस संदर्भ में सरकार की जगह वह जनता का प्रबल समर्थक होता है। लोकतंत्र की खोल में राजतंत्र का सुख भोग रहे सत्तासीन लोगों को फटकार लगाने से भी वह नहीं घबराता है

इन्दु जी, इन्दु जी, क्या हुआ आपको
सत्ता की मस्ती में भूल गईं बाप को

'जनकवि' के रूप में प्रतिष्ठित नागार्जुन की यह कविता उनकी जनधर्मिता को क्रिस्टल की तरह स्पष्ट कर देती है। ऐसे जनधर्मी रचनाकार को भी आरंभिक दिनों में बतौर साहित्यकार के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए कठिन संघर्षों से जूझना पड़ा। आठ-आठ पृष्ठों की मैथिली काव्य पुस्तिका तैयार कर उन्होंने ट्रेन में बेची। नवोदित रचनाकारों का संघर्ष कोई नया नहीं है। नए का स्थापित रचनाकारों के साथ विरोध और मतभेद साहित्य के इतिहास में हम अनेक जगहों पर देख सकते हैं। इनके संघर्षों की बात उठाना जरूरी इसलिए भी है क्योंकि नए साहित्य ने सबसे अधिक विरोध अपने समय में प्रतिष्ठित साहित्य से अनुभव किया।

## एक नजर

### बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता के अर्थी को दिया कंधा

**चतरा :** समाज में बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। घर की देहरी लांघकर पुरुष के कंधा से कंधा मिलाकर समाज को आगे बढ़ा रहे हैं। गांव समाज में अंतिम संस्कार, श्मशान घाट से लेकर कर्मकांड तक पुरुषों का वर्चस्व रहा है। अब महिलाएं भी आगे आकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला रहे हैं। पत्थलगडा प्रखंड के सिंघानी में एक बुजुर्ग का कोई बेटा नहीं था ऐसे में देहांत होने के बाद उनकी तीनों बेटियों ने कंधा देकर पुत्र का फर्ज निभाया है। बेटियों के इस दायित्व का आसपास के लोगों ने सराहना की है। गांव के बुजुर्ग महावीर बैठा की तीन पुत्रियां हैं। कोई भी पुत्र नहीं रहने के कारण जब कंधा देने के लिए कोई सामने नहीं आया तो बेटियों ने अर्थी को कंधा ही नहीं दिया बल्कि गांव के कहुआ घाट शवयात्रा में भाग भी ली। रविवार को बुजुर्ग की बेटी शकुंतला देवी, दिप्ती देवी और डिम्पल देवी के साथ उनकी भतीजी और अन्य महिलाओं के साथ ग्रामीण भी शव यात्रा में भाग लिए। दिवंगत के भतीजा वशिष्ठ रजक ने मुखाग्नि दी। जब कंधा देने के लिए महावीर बैठा की बेटियां आगे आईं तो गोतिया परिवार सहित गांव के अन्य लोग भी सामने आ गये और सामाजिक रीति रिवाज से अग्नि संस्कार का रश्म पूरा हुआ । महिलाओं के इस कदम की आसपास के लोग काफी सराहना और चर्चा कर रहे हैं।

### रश्मि प्रकाश बनी राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष

**चतरा :** राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने रविवार को पार्टी मुख्यालय रांची में चतरा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रही रश्मि प्रकाश को नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव भी मौजूद थे। मौके पर मौजूद प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश अत्यंत जनप्रिय युवा नेत्री है। वह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहु है। यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश एक होनहार शिक्षित, कर्मठ, संघर्षशील एवं प्रखर वक्ता के रूप में जानी जाती है । इनके कुशल और प्रखर कार्यशैली से प्रभावित होकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने विगत विधानसभा चुनाव में इन्हें चतरा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया था। जो लोजपा उम्मीदवार जनार्दन पासवान से काफी कम वोटो से पराजित हुई। यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश के प्रदेश महिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर राजद नेता सरकार में श्रम और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान सहित प्रदेश के समस्त राजद पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है।

### श्री श्याम मंदिर पहुंचे मनीष जायसवाल हुआ स्वागत

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे। यहां उन्होंने श्री बाबा के दरबार में मत्थाटेक कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। मंदिर के निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने मंदिर का निरीक्षण कर ट्रस्ट के पदाधिकारी को भरोसा दिलाया कि मंदिर के लिए जो भी सहयोग यथासंभव जो भी होगा पूरा कराया जाएगा। इस दौरान श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गोयल, कमल बगड़िया जी, बाल किशन जलान, इंद्र अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

# राहुल के शव से मामा ने झाड़ा पल्ला पोस्टमार्टम कराने नहीं पहुंचा भाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक के एनकाउंटर में मौत के बाद परिवार वालों ने उससे अपनी दूरी बना ली। राहुल के मामा गणेश तुरी भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के कुर्से गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने सबसे पहले अपना पल्ला झाड़ा है। उन्होंने कहा कि भांजे राहुल से उसका कोई लेना देना नहीं है। ना ही उनकी बहन संगीता देवी और उनके बच्चों से उनका कोई लेना देना है। पुलिस जब उन्हें पोस्टमार्टम हाउस के पास बुलाई तो वे वहां पहुंचे और राहुल के परिवार वालों से अपना नाता तोड़ने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि वह ना तो राहुल तुरी का शव स्वीकार करेंगे और ना ही वह उसके अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। कहते हैं बेटा कितना बड़ा भी अपराधी हो, मां की ममता कम नहीं होती। बेटे की मौत की सूचना पाकर राहुल की मां संगीता देवी अपनी बहन के साथ रामगढ़ पहुंची। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमीन पर बैठकर बिलखना शुरू किया। लेकिन उनका साथ देने वाला कोई नहीं था। मूल रूप से बालूमाथ की रहने वाली संगीता देवी वर्तमान में रांची जिले के खलारी क्षेत्र में रहती हैं। दूसरे के घरों में झाड़ू, पोछा और बर्तन धोकर वह अपना पेट पाल रही हैं। लेकिन जब बेटे की मौत की खबर उनके कानों में पहुंची, वह सब छोड़कर यहां आ गई। लेकिन उनके सामने एक बड़ी विडंबना यह थी कि उनके बेटे के अंतिम संस्कार में कोई भी शामिल होने को तैयार नहीं था। यहां तक की उनके गांव समाज के लोगों ने पहले ही उनका बहिष्कार कर रखा था। बिलखती हुई मां ने कहा कि बाप बेटे ने मिलकर पूरा परिवार बर्बाद कर दिया है। उनके तीन बच्चों की जिंदगी नर्क बन गई थी। राहुल तो चला गया, शेष दो बच्चों की जिंदगी अब पहाड़ की तरह ही कटेगी। राहुल के शव का पोस्टमार्टम हो रहा था, तब मां तो पहुंच गई, लेकिन उसकी बहन बरखा और छोटा भाई सत्यम नहीं आया। उन दोनों ने भाई की हरकतों से परेशान होने की बात कह डाली। राहुल तुरी का बाप छोटन तुरी भी एक बड़ा अपराधी ही है। उसपर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वर्तमान समय में छोटन तुरी भी जेल में बंद है। वह अपने मृत बेटे का मुंह भी नहीं देख सकता। इन सब के बीच रिश्तेदारों और समाज के लोगों ने भी इस परिवार से अपना नाता रिश्ता तोड़ लिया है।

## मलेशिया में प्रवासी श्रमिक की मौत, शव मंगवाने की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर उमेश सिंह(35) की मलेशिया में मौत हो गई। रविवार को सुबह में उसकी मौत होने की सूचना परिजनों को मिली । बताया गया कि शनिवार रात 10 बजे ही युवक ने वीडियो कॉल से अपने परिजनों से बात की थी।परिजनों को क्या पता था कि सात घंटे बाद उन्हें उसकी मौत की खबर मिलेगी। मृतक डुमरी थाना क्षेत्र के चीनो निवासी चेतलाल सिंह के पुत्र हैं। वह मलेशिया में एफजीभी कंपनी में काम करता था।उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिली है। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उमेश सिंह अपने पीछे पत्नी और बेटी किरन कुमारी (17), पूजा कुमारी(13)और बेटा पप्पू कुमार (15) को छोड़ गया है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया है और गांव में भी शोक की लहर है। इस बीच प्रवासी श्रमिकों के हितों को लेकर अनवरत काम करने वाले सिकन्दर अली ने सरकार से शव मंगवाने की मांग की है।

## कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का सफल समापन 150 कराटेकारों ने दिखाई प्रतिभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के गोरियारीबाग स्थित 'द टेम्पल ऑफ वॉरियर्स' में रविवार को कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का समापन हुआ। यह कार्यक्रम शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया और रामगढ़ ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में संचालन आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके शारीरिक एवं मानसिक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम में 150 कराटेकारों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों की मुख्य प्रशिक्षक मानस सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 8वीं डैन) ने ली, जिन्हें तकनीकी सहयोग शिहान नरेंद्र सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 7वीं डैन) ने प्रदान किया। आयोजन का समग्र संचालन और मार्गदर्शन



शिहान शशि पांडेय (ब्लैक बेल्ट 6वीं डैन) के जरिये किया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मेवाड़, शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तकनीकी निदेशक क्योशी नरेंद्र सिन्हा, समाजसेवी अमित साहू, संजय साह, गणेश पांडेय और सुशांत पांडये ने युवाओं में आत्मरक्षा और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल आत्मरक्षा का माध्यम है, बल्कि मानसिक और शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन साधन है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। आयोजन में संजय सोनकर, शेखर कुमार, विनय रंजन, कमल नायक, रुपेश महतो, बिपिन तिवारी, बबलू महतो, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, सप्रिहा और स्मृति भारद्वाज जैसे प्रशिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाईं। कराटेकारों ने कराटे के विभिन्न काता (फॉर्म्स) और कुंभाइट (फाइटिंग) तकनीकों का प्रदर्शन किया।

## अभाविप ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया रन फॉर यूथ का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रामगढ़ में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रविवार को रन फॉर यूथ कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सुभाष चौक से रामगढ़ कॉलेज गेट तक यह दौड़ हुई। इसका उद्देश्य युवाओं को एकजुट करना और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा, प्रेरणा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के पश्चात रामगढ़ कॉलेज गेट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारंभ भारत माता, देवी सरस्वती और युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। रामगढ़ कॉलेज के छात्र अंकित कुमार ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर बना कर भेंट की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि यह आयोजन युवाओं में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करता है। दौड़ के माध्यम से युवाओं में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और युवा शक्ति को नशे से बचाकर सकारात्मक ऊर्जा में बदलना, हमारे राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने युवाओं को विवेकानंद के आदर्श को आत्मसात करने के लिए सभी को प्रेरित किया। नगर मंत्री नितेश कुमार मोदी ने विवेकानंद की वृतांत यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और सामाजिक जिम्मेदारी को समझाने के लिए अपने सपनों को हासिल कर, समाज में सक्रिय भागीदारी का आधार बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। नगर सह मंत्री राहुल रजक ने प्रयागराज में हो रहे पूर्ण महाकुंभ में विद्यार्थी परिषद के जरिये की जा रही सेवा कार्य की जानकारी लोगों के बीच साझा की। संगोष्ठी के पश्चात रामगढ़ कॉलेज गेट का नाम स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर लगाकर स्वामी विवेकानंद द्वार करने की मांग परिषद के कार्यकर्ताओं के जरिये किया गया।

## पुल के नीचे मिला युवक का शव, सड़क जाम

प्रत्यूषन वबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** जिले के महागामा - ललमटिया मुख्य मार्ग पर केचुआ चौक के पास एक पुल के नीचे रविवार को एक युवक का शव और बाइक मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृत युवक की पहचान महागामा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी रंजीत पंडित (31 )के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रंजीत पंडित शनिवार शाम करीब छह बजे अपनी पत्नी से 10 मिनट में लौटने की बात कहकर घर से निकले थे। जब वे रात तक वापस नहीं लौटे, तो परिवार ने उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।रविवार सुबह उनकी पत्नी द्रौपदी देवी ने महागामा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं रविवार को ही दोपहर करीब तीन बजे पुल के नीचे रंजीत का शव और बाइक मिला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद, पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो, एसआई मनोज पाल पहुंचे और छानबीन शुरू की। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव को मुख्य मार्ग पर रखकर सड़क जाम कर दिया। पुलिस अधिकारियों के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद जाम हटाया गया। परिजनों का आरोप है कि रंजीत की हत्या कर शव को पुल के नीचे फेंका गया है, जबकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे सड़क दुर्घटना मान रही है। रंजीत पंडित मूर्तिकार, गायक और अपना डीजे चलाते थे और इन्हीं कार्यों से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलने पर उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की संसदीय सत्रों में पहली ही बार में रही बेमिसाल उपलब्धि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- 54 दिनों की सदन अवधि के कुल वर्किंग डे 44 में सौ फीसदी रही उपस्थिति
- जनहित और देशहित से जुड़े कुल 72 सवाल उठाए




**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति, कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया। उक्त बातों की जानकारी खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ शहर के चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन सभागार में एक विशेष प्रेस- वार्ता का आयोजन कर जानकारी देते हुए कहा। साल के अंतिम समय में सांसद मनीष जैसवाल कोई बड़ी जिम्मेवारी मिली। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सारी बाद जिले और रामगढ़ जिले की कुल 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए समर्थित प्रत्याशियों को जिताने का पार्टी ने जवाबदेही सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने कुशल प्रबंधकीय कला, ताबड़तोड़ सघन चुनावी दौरा, एनडीए कार्यकर्ताओं के बीच विशेष समन्वय व सीधा संवाद और मतदाताओं जुड़कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 5 में से 4 विधानसभा और हजारीबाग जिले के कुल 5 में से सभी पांचों विधानसभा सीट पर चैट जी दिलाकर करीब 25 साल बाद एनडीए का शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रचने का कार्य किया। जिसकी प्रशंसा संगठन से लेकर जनता के जुबां पर है। हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय के तर्ज. पर जल्द ही रामगढ़ जिले की जनता के सुलभता के लिए रामगढ़ शहर में ही सांसद सेवा कार्यालय खोला जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग नगर इकाई के द्वारा जिला संयोजक के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। मुख्य रूप से प्रांत उपाध्यक्ष प्रा.मनोज कुमार, प्रांत सह मंत्री रोहित पांडे, विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौड़, जिला संयोजक बाबूलाल मेहता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम रढ आवास के समीप स्वामी विवेकानन्द जी का प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रांत उपाध्यक्ष प्रा. मनोज कुमार ने कहा कि विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में फैलाने का काम किया था। उन्होंने कहा था कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेकर तब तक हिम्मत नहीं हारना चाहिए जब तक वह लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर लेते। प्रांत सह मंत्री रोहित पांडे ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए जिस प्रकार से स्वामी विवेकानंद जी ने हिंदू धर्म एवं भारतीय संस्कृति को अमेरिका में जाकर प्रचार प्रसार किया आज के युवा भी भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करे। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में नगर मंत्री यशवंत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रुद्र राज, हिमांशु सिंह, राज प्रिंस, नगर सह मंत्री शाहील सिंह, शाश्वत सिन्हा, लालजीत यादव विवेक यादव, पियूष पासवान, दीपक पांडे, अभय मेहता, गोलू मेहता, रितेश मेहता, विवेक कुमार, संतोष सिंह, केशव कुमार, टिंकू, राजकुमार, राहुल अग्रवाल, प्रदीप कुमार, विशाल कुमार, बिट्टू पांडे, सनी कुमार, रौशन पांडे, अजय कुमार, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### पतरातु में स्वामी विवेकांद की 162वीं जयंती मनायी गयी

**पतरातु :** दक्षिण झारखंड संभाग अंचल रामगढ़ संच पतरातु में कटिया बस्ती स्वामी विवेकानंद चौक में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संच समिति उपाध्यक्ष गणेश ठाकुर एवं संचालन सक्रिय समिति सदस्य नंदकिशोर महतो के द्वारा किया गया। मौके पर संबोधन करते हुए संच समिति सचिव किशोर कुमार महतो ने बताए की स्वामी विवेकानंद जयंती पूरे देश में आज मनाया जा रहा है और आज ही दिन स्वामी विवेकांद जी का जन्म हुआ था। उन्होंने बहुत कम ही उम्र में देश का नाम रोशन किया उन्होंने बताया कि युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद जी को 162 वां जयंती मनाया गया ऐसे महान पुरुष की जयंती के शुभ अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए और उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का प्रयत्न करना चाहिए। इस प्रकार आए हुए अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालें और उनके जीवन शैली को वर्तमान युवा पीढ़ी को अपने की आवश्यकता है उन्होंने कहा था उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो यह कथन स्वामी विवेकानंद जी का कथन है स्वामी विवेकानंद जी ने अपने हिंदू संस्कृति को विदेश तक स्थापित करने का कार्य किए थे। मौके पर उपस्थित संच महिला समिति अध्यक्षया पारिजात महतो, सचिव अनीता जैन,संच समिति सचिव किशोर कुमार महतो, उपाध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर, संच प्रमुख पतरातु नागेश्वर महतो सक्रिय समिति एवं कटीया पंचायत के उप मुखिया नंदकिशोर महतो,अमित सिह, मनीष कुमार, सुनील कुमार,रूपलाल महतो नरेश महतो, देवशन गांझू, तेरुश देवी, किरण देवी, ललिता देवी, पियाशो कुमारी पुष्पा देवी सुनीता देवी वीना देवी, शोभा कुमारी एवं समस्त एकल विद्यालय अभियान के सभी आचार्या उपस्थित थे।

### अधिवक्तावों द्वारा बालीडीह डैम पर वनभोज सह मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**बोकारो :** बोकारो जिला के अधिवक्तावो द्वारा संघ के सदस्यों के साथ रविवार को वन भोज सह मिलन समारोह आयोजित बालीडीह डैम के पास किया गया। मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष जनवरी के दूसरे रविवार को बोकारो के अधिवक्ताओं द्वारा पिकनिकनस: अधिवक्ता मिलन का आयोजन किया जाता है। वन भोज सह मिलन समारोह में वरीय अधिवक्ता हरि प्रकाश सिंह ने कहा कि इस मिलन समारोह से सभी को संदेश देना चाहते है कि हम सब एक है और सभी के सुख दुख में साथ है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि यह मिलन समारोह आयोजित करने का एक ही उद्देश्य है कि हम सभी लोग अधिवक्ता हित के लड़ाई में एक साथ है। उन्होंने राज्य सरकर से झारखंड में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करने की मांग की। इसके लिए झारखंड के सभी अधिवक्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वरीय अधिवक्ता लालटू चरण महतो ने सभी आए हुए अधिवक्ताओं का गर्म जोशी से स्वागत किया और कहा कि सभी काले कोर्ट वाले एक है, यदि कोई हमे बांटने का प्रयास करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा ने सभी अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि हमलोग मिलजुल कर एक साथ रहे और अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रहे हमला पर रोक लगे। अधिवक्ता अतुल कुमार ने नव वर्ष के अवसर पर धन्यवाद और बधाई दी। बन भोज में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि आने वाले दिन में चंद्रपुरा, दुगदा, जैना थाना को बोकारो कोर्ट से जोड़ने के लिए के जनहित में संघर्ष जारी रहेगा। बहुत जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर उस दिशा में पहल शुरू किया जाएगा। आगे भी यह परंपरा जारी रहेगा। इस मिलन समारोह में अधिवक्ता संघ के सदस्य सोमनाथ शेखर, बासुदेव गोस्वामी, फटीक चंद्र सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, विजय झा, राजीव कुमार सिंह, नरेश महतो, संपूर्ण चंद्र लायक, सृष्टिधर सिंह, बिनोद कुमार सिंह, पंकज बंसल, समेत सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद थे जिन्होंने वन भोज सह मिलन समारोह का आनंद उठाया।

### अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ लोहरदगा पुलिस की बड़ी कारवाई

**लोहरदगा :** अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया है। निर्देश के बाद कई जिलों में कार्रवाई की जा रही है। इसकी कड़ी में रविवार की रात लोहरदगा पुलिस की बड़ी कारवाई की। जानकारी के मुताबिक रात में बालू ढुलाई के बीच कुटमू मनहों जुरिया रघुटोली समेत जगहो से पुलिस ने पांच टैक्टर को जब्त किया। अवैध बालू खाली कर लौट रहे एक ट्रेक्टर अजय उद्यान पार्क के समीप जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पूर्व भी तीन ट्रैक्टर को जब्त पुलिस ने जब्त किया था। हालांकि बिना कार्रवाई किए कुछ ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया था। इसका वीडियो भी सामने आया था।

# दुमका में जज का मोबाइल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** वर्तमान समय में हर हाथ में मोबाइल फोन रहता है और आए दिन मोबाइल चोरी की प्राथमिकी थाना में दर्ज होती है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जिसका चोरी हुआ मोबाइल वापस मिल पता है। लेकिन जब किसी वीवीआईपी का मोबाइल चोरी हो जाए तो पुलिस महकमा काफी सक्रिय हो जाती है और मिलों दूर चोर को पकड़ कर मोबाइल बरामद कर लेती है। ऐसा ही एक मामला दुमका में सामने आया है। जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक जनवरी को पूजा करने बासुकीनाथ पहुंचे जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया था। मामला चीफ जस्टिस का था, तो पुलिस भी तत्परता दिखाते हुए बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्ला



देश के बॉर्डर से अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चीफ जस्टिस का मोबाइल सहित चोरी के कुल आठ मोबाइल फोन पुलिस बरामद करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव निवासी शिवदर्शन महतो, आकाश महतो और बिहार के किशनगंज जिला के किशनगंज थाना क्षेत्र के मछमारा गांव निवासी विजय महतो, पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिला के आसनसोल थाना क्षेत्र के नया क्वार्टर कमरबाग गांव निवासी बिरजु नुनिया शामिल है। मामले में जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने रविवार को बताया कि एक जनवरी 2025 को बासुकीनाथ धाम मंदिर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने राजस्थान से आए जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल सहित अन्य कई श्रद्धालुओं का मोबाइल चुरा लिया था। इस संबंध में जरमुंडी थाना में मोबाइल चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर अनुसंधान एवं कार्रवाई के लिए छापेमारी टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्य से साहिबगंज जिला के तीन पहाड़ के मोबाइल चोर गैंग की संलिप्तता का पता चला। इसके आधार पर तीन पहाड़ के बाबूपुर गांव से दो मोबाइल चोर को गिरफ्त में लिया गया। इनकी निशानदेही पर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं बंगलादेश बार्डर से अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया । गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय में बयान दर्ज कराते हुए जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सभी का साहिबगंज के तीन पहाड़ से संबंध रहा है। देवघर एवं बासुकिनाथ मंदिर सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों का मोबाइल गायब करने का काम करते थे। चोरी की मोबाइल को साहिबगंज के तीन पहाड़ भेजा जाता था। जहां से विभिन्न राज्यों एवं बांग्लादेश में बेचा जाता था।

## एक नजर

### रूपरू में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**ईचागढ़ :** रविवार को कुकडू प्रखंड के रुपरु फुटबॉल मैदान में सोलोआना समिति रुपरु के तत्वाधान में एक दिवसीय आठ दलीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल सरना स्पोर्टिंग चोकेगाड़िया बना कोल्हान एक्सप्रेस के बीच खेला गया। जिसमें सरना स्पोर्टिंग चोकेगाड़िया की टीम विजय हुई। फाइनल खेल से पहले अतिथियों ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विजेता सरना स्पोर्टिंग चोकेगाड़िया को नगद दस हजार रुपए और उपविजेता कोल्हान एक्सप्रेस की टीम को नगद आठ हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर बेरासी सिरुम पंचायत के मुखिया मजीत सिंह, पसंस प्रतिनिधि युधिष्ठिर मांझी, सुमन मुखर्जी, दीपक रंजन महतो, दुर्गा सिंह मुंडा, रामकृष्णा सिंह, अजय सिंह सरदार, रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी

**बरहरवा :** भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रुप में सदस्यता अभियान चलाते हुए मनाया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के बंगालीपाड़ा, बटाईल के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के रिसौड़ आदि गावो में कार्यक्रम का आयोजन कर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बनाई गई इस दौरान कार्यकताओं द्वारा सदस्यता अभियान भी चलाया गया। मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष श्यामल कुमार दास ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व को भारत की संस्कृति और सभ्यता से परिचित करवाया, जिन्होंने शिकागो में अपने व्यक्तित्व की पहचान अपने हिंदी में दिए गए भाषण से अंग्रेजों को करवाई। आज भारत का अजूबा युवा स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मना रहा है और हम लोगों के स्वामी विवेकानंद आदर्श है। स्वामी विवेकानंद की संपूर्ण जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी दी। मौके पर मुख्य रुप से रिसौड़ पंचायत के मुखिया मंडल किस्कु, बिक्रम दास, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### उप विकास आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर आंख के ऑपरेशन के लिए रांची किया रवाना



**साहिबगंज :** रविवार को सदर अस्पताल साहिबगंज से हूल महोत्सव के द्वारा आंख के ऑपरेशन के लिए कश्यप आंख अस्पताल रांची के लिए मरीज हुए रवाना। वहीं सदर अस्पताल साहिबगंज में बस में बैठे हुए आंख के 11 मरीजों को उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं डीएम डॉक्टर मोहन मुर्मू ने हरी झंडी दिखाकर कश्यप आंख अस्पताल रांची के लिए किया रवाना। उप विकास आयुक्त ने सभी मरीजों को स्वस्थ होकर जल्द से जल्द घर आने का कामना किया। साहिबगंज सदर अस्पताल के कर्मी पंकज पीटर सोरेन एनसीडी, एसआर देवेंद्र कुमार आई असिस्टेंट, अनुज कुमार ड्राइवर, अनिल कुमार असिस्टेंट ड्राइवर, मरीजों के साथ गए। वही मौके पर सदर अस्पताल के अन्य डॉक्टरगण एवं कर्मीगण मौजूद थे।

## फरार अभियुक्त के घर तिरुलडीह पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** रविवार को तिरुलडीह थाना की पुलिस ने तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चांद महतो के नेतृत्व में ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कूटाम गांव जाकर पिछले चार वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त सत्यनारायण गोप के घर पर जाकर इश्तेहार चिपकाया। वहीं, कुटाम गांव के चौहारे पर स्थित मंदिर में भी इश्तेहार की कॉपी चिपकाया। मालूम हो कि चार वर्ष पूर्व 13 जून 2021 को पदमालोचन गोप ने अन्य व्यक्ति के सहयोग से तिरुलडीह थाना क्षेत्र के पांड्रा गांव के निमाई गोप का हत्या कर दिया था। इसके बाद पदमालोचन गोप एवं अन्य ने निमाई गोप की हत्या करने के मोटरसाइकिल से लाकर तिरुलडीह और पुरुलिया जिला के आटना के बीच स्थित नदी में निमाई गोप के शव को फेंक दिया था। इस संबंध में तिरुलडीह थाना में कांड संख्या 08/21 दर्ज की गई है। वहीं, पदमालोचन गोप के सहयोगी को तिरुलडीह पुलिस ने कांड के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन पदमालोचन गोप अबतक फरार चल रहा है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से निबंध चित्रांकन एवं क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड विधिक सेवा के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज की ओर से 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नगर परिषद स्थित उत्कृष्ट मुख्यमंत्री कन्या विद्यालय पोखरिया में जिला स्तरीय निबंध, चित्रांकन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जिला के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा



प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा, मानव तस्करी, घरेलू विवाद, महिला हिंसा सहित कई बुराइयों के विरुद्ध स्कूली छात्र छात्राओं को विधिक जागरूकता किया जाना हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे को इसकी जानकारी होगी तो परिवार जागरूक होंगे। फिर समाज जागरूक होगा। वही सभी को कहा गया कि यह संदेश परिवार के साथ साथ समाज को भी दे, ताकि समाज में इस प्रकार के होने वाले घटना के प्रति लोगों में विधिक जागरूकता हो। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुगानंद झा ने कहा बाल मजदूरी, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, परिवार में महिलाओं का उत्पीड़न जैसी कई समस्या आज देखने को मिलती है।

## कुकडू में सड़क निर्माण में भारी अनियमितता शिलापट्ट के अलावा योजना स्थल पर नहीं है कोई बोर्ड





प्रखंड प्रमुख ने लगाया घटिया कार्य का आरोप, जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकडू प्रखंड क्षेत्र के सिरुम पंचायत अंतर्गत पीडब्ल्यूडी सड़क से महलीडीह गांव तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्माण कार्य हो रहें सड़क मे घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस सड़क की लंबाई 1.871 किलोमीटर है। और लागत करीब एक करोड़ 50 लाख रुपए है। लेकिन शिलापट्ट के अलावे योजना से संबंधित बोर्ड नहीं लगाया गया है। न मजदूरी दर या अन्य कोई भी जानकारी उल्लेख नहीं है। इसको लेकर कुकडू प्रखंड की प्रमुख प्रतिमा वाला पातर ने आरोप लगाते हुए कहा की अबतक इस सड़क के निर्माण को लेकर योजना स्थल पर कही भी बोर्ड नहीं लगाया गया है। गांव के अंदर पीसीसी सड़क बनाया जा रहा है। जहां आठ इंच का ढलाई करना है लेकिन ठेकेदार द्वारा पीसीसी सड़क के साइड में छह इंच और बिच में चार इंच का ही ढलाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा की सड़क निर्माण में जीएसबी कम मात्रा में डाला जा रहा है और न ही पानी क्यूरिंग किया जा रहा है और न ही रोलर चलाया जा रहा है। जिस दिन कार्य हो रहा है, सिर्फ उसी दिन पानी डाला जा रहा है और रोलर चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे कि इस सड़क की निर्माण की पुरानी मांग थी। लेकिन वर्षो पूरानी मांग पूरा होने के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। यदि सही से सड़क का निर्माण नहीं होता है तो सड़क ज्यादा दिन नहीं टिकेगा। और पूरी सड़क भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ जाएगा। प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर ने सड़क निर्माण की जांच की मांग की है।

## अपने थाना क्षेत्र में लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान करें : पुलिस अधीक्षक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के जैप 9 कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के द्वारा मासिक अपराध नियंत्रण गोष्टी बैठक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने-अपने थाना क्षेत्र में लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान करें। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही ना बरते। पुलिस अधीक्षक ने माघी मेला एवं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर आवश्यक तैयारी करने को कहा गया। नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा की रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करें। गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक चौराहों व सन्नाटो में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्ले में गश्ती करें। चोरी की घटना में सनलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा



तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने लाल वारंटी को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे, व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, थाना दिवस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर सदर डीएसपी, राजमहल डीएसपी, सभी एसडीपीओ, जिले के सभी पुलिस निरक्षक, जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर मंत्री अविनाश साह और कॉलेज मंत्री नयाशा भारती ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में अभाविप पूर्व केंद्रीय कार्य समिति सदस्य और राजमहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए



उनके विचारों को आत्मसात करने की कहा। जयंती के उपलक्ष्य में राज कोचिंग सेंटर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभावीप झारखंड प्रांत सह मंत्री सुश्री सुनीधि कुमारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन त्याग, सेवा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की ऊर्जा देते हैं। उनका संदेश न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुनीधि ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी जी के आदर्शों को अपनाएं और देश की उन्नति में अपनी भूमिका निभाएं। नगर मंत्री अविनाश साह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार युवाओं को समाज और देश की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल, सर्टिफिकेट, शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान बबली कुमारी, द्वितीय स्थान अमित कुमार यादव, तृतीय स्थान राजू कुमार मंडल, चतुर्थ स्थान छोटी कुमारी और पंचम स्थान आकाश कुमार रविदास ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी और युवा उपस्थित रहे। एबीवीपी द्वारा आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की सभी ने सराहना की। मुख्य रूप से कुमारी दीपांशु, इंद्रोजीत साह,आकांशा कुमारी, अंकुश कुमार, आदर्श ओझा, निखिल कुमार, कुंदन गोंड,पायल कुमारी, अमन कुमार, अनंत कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

## संक्षिप्त खबरें

### राशन कार्डधारी लाभुकों की समस्या को लेकर जिला महासचिव विधायक से मिले



**बरहरवा :** राशन कार्डधारी को हो रही परेशानियों को लेकर रविवार को साहेबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मिटुन कुमार मंडल एवं जिला समन्वयक सह प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने पाकुड़ विधानसभा के विधायक निशात आलम से उनके रांची स्थित आवास में मिलकर बरहरवा क्षेत्र में हो रहे समस्याओं से अवगत कराया। इन लोगों ने विधायक को बताया कि वर्तमान में राशन कार्ड में फिंगर अपडेट किया जा रहा है, पर विभिन्न तकनीकी समस्याओं के उपरांत बहुत से वृद्ध एवं विकलांग लोगों का राशन कार्ड में फिंगर अपडेट नही हो पा रहा है। जिससे कार्डधारी लाभुकों को सही से राशन नही मिल पा रहा है, डीलर भी लाभुकों को किसी प्रकार से सहयोग नही कर रही है साथ ही कई जगहों पर डीलरों एवं लाभुकों के बीच झड़प की नौबत आ जाती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए नए राशन कार्डधारी के लिए किसी न किसी वैकल्पिक उपाय निकाल कर उन्हें राशन उपलब्ध कराने की मांग किया है। सारी बातों को सुनने के उपरांत विधायक निशात आलम ने आश्वासन देते हुए जल्द ही समस्या के निदान के लिए नए विकल्प स्थापित करने की बात कही। इतना ही नहीं इन दोनों कांग्रेस कार्यकताओं ने साहिबगंज जिले में जन वितरण प्रणाली खस्ता होते हालत पर भी चिंता जाहिर की है।

### जिले के सभी प्रमुख क्षेत्रों में परावर्तक पट्टी सभी छोटे-बड़े वाहनों में लगाया गया



**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साहिबगंज जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया गया है। साहिबगंज जिले के प्रमुख स्थानों पर सभी दो पहिए वाहन, तीन पहिए वाहन टोटो, ऑटो, इत्यादि सभी वाहनों में परावर्तक पट्टी लगाया गया। जिसका उद्देश्य रात्रि के समय यातायात कर रहे हैं, जहां सड़क पर जो कोहरे, अंधेरे, अथवा धुंध में दिखाई ना पढ़ने की स्थिति में यह परावर्तक पट्टी की मदद से वाहन नजर में रहते हैं एवं वाहन का पहचान हो पाता है जिससे सड़क पर दुर्घटनाएं जो अंधेरे, कोहरे, अथवा धुंध के वजह से होती है उसे रोका जा सके। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जनवरी माह 1 से 31 तारीख के दौरान जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, खेल प्रतियोगिताएं, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह ने बताया कि परावर्तक पट्टी लगाकर वाहन चलाने से रात्रि या अंधेरे, कोहरा, या धुंध के समय वाहन को स्पष्ट रूप से पहचाना जाता है जिससे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं में कमी लाया जाता हैं। साथ ही सभी वाहन चालकों से निवेदन किया गया कि हेलमेट सीट बेल्ट का प्रयोग करें एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बने। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, कार्यालय लिपिक अभिषेक कुमार, सड़क सुरक्षा योद्धा समाज सेवी ओम प्रकाश पंडित, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं समाहरणालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का हुआ समापन



**साहिबगंज/बोरियो :** वित्तीय वर्ष 2024-25 उद्यान विकास योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा चयनित कृषको के बीच आज बोरियो के बीचपुरा पंचायत भवन में कृषकों का पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन द्वारा दिया गया। इसके साथ ही जिला के मंडरो, साहिबगंज एवं राजमहल में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का समापन जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, कृषि विज्ञान केंद्र से माया कुमारी के हाथों संयुक्त रूप से उद्यानिकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण कर किया गया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में कृषकों को उद्यानिकी की क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। फल बगिया को वैज्ञानिक तरीके से लगाने की विधि, रखरखाव का उचित प्रबंधन, सब्जी एवं फूल खेती की वैज्ञानिक विधि, मशरूम की खेती, नर्सरी, जैविक खेती इत्यादि के बारे में कृषकों को बताया गया। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर माया, बागवान मित्र, उद्यान मित्र, उद्यान कार्यालय से प्रेम पासवान, मुकेश कुमार, जेएसएलपीएस की दीदी एवं अन्य कृषक गण मौजूद थे।

### क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में यंग बॉयज ने 204 रनों से दर्ज की जीत



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट में रविवार को यंग बॉयज क्रिकेट क्लब बनाम यंग स्टार क्रिकेट क्लब राजमहल के बीच मैच खेला गया। यंग बॉयज क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.5 ओवर में 318 रन बना कर ऑल आउट हो गई। कुश तिवारी ने 48, सुमन रमानी ने 110, रजनीश ने 23, श्याम रंजन ने 12, सतीश ओझा ने 29, पवन राम ने 20 व शत्रुघन ने 15 रन बनाए। यंग स्टार क्रिकेट क्लब राजमहल के गेंदबाज मुशर्रफ व मो राजा ने 3-3, मनीष व प्रवीर घोष ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार क्रिकेट क्लब राजमहल की टीम 15.1 ओवर में 77 रन बना कर ऑल आउट हो गई। फरहान शेख ने 19, प्रवीर घोष ने 22, मो राजा ने 20 रनों की पारी खेली। यंग बॉयज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज रजनीश आनंद ने 6, श्याम रंजन, शत्रुघन, पवन व दीपक ने 1-1 विकेट लिया। यंग बॉयज क्रिकेट क्लब ने 241 रनों से जीत हासिल की। यंग बॉयज क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी रजनीश आनंद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि संत जेवियर स्कूल के शिक्षक पुण्य गौरव ने रजनीश को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।

# अरविंद केजरीवाल के बचाव में उतरे तेजस्वी

## कहा- उन्होंने बिहारियों को गाली नहीं दी है, RJD के पोस्ट पर BJP बोली- पिता जोकर बने, आप मिमिक्री आर्टिस्ट




पटना । आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के बाद राजद ने बीजेपी के लिए अपशब्द का प्रयोग किया। दरअसल,राष्ट्रीय जनता दल के एक्स अकाउंट से तेजस्वी यादव के वीडियो के साथ एक पोस्ट लिखा है, जिसमें भाजपा नेताओं के गलत शब्द को प्रयोग किया गया है। पोस्ट में लिखा है कि भाजपा नेताओं को अगर बिहारियों की इतनी चिंता हो रही है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं देते। पोस्ट में तेजस्वी यादव का एक वीडियो भी है, जिसमें वे कह रहे हैं, अगर उन्हें बिहार की चिंता है तो बाढ़ में कितना फंड मिला पहले ये बताएं। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल के उस बयान का भी बचाव किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली में यूपी-बिहार के 13 हजार फर्जी वोटर हैं। राजद नेता के इस बयान पर बीजेपी ने भी पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है, मैं जानता था कि राजद का मतलब राशि प्रवृत्ति, जलादि संस्कृति और दलित विरोधी हैं, लेकिन हम ये नहीं जानते थे कि भाषाई लंपटीकरण का आप नौजवान चेहरा बनेंगे। 'राजद के ट्विटर हैंडल पर जिस तरीके के शब्द का प्रयोग हुआ है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आप अपने पिता के संस्कारों पर चल रहे हैं।' दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में मौजूद यूपी-बिहार के वोटर्स को फर्जी बताया था। उनका आरोप था कि बीते 15 दिनों में दिल्ली में 13 हजार नए वोटर्स जोड़े गए और ये सभी यूपी-बिहार के फर्जी वोटर्स हैं। इस दौरान उन्होंने बिहार-यूपी के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया।

### सत्ता और कुर्सी के लिए बिहार को बेचना बंद कीजिए

अरविंद सिंह ने कहा कि आपके पिता राजनीति के जोकर बने थे और आप मिमिक्री करने वाले बन चुके हैं। कांग्रेस-राजद की सरकार में जब इटालियन नेता के चरण वंदन करते थे। जब आपके पिताजी जेल यात्रा कर रहे थे, तब उस समय अपने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिलवा दिया। आप बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बने हैं। बिहार का विरोध करने के लिए नेता प्रतिपक्ष नहीं बने है। अरविंद केजरीवाल की वकालत कम कीजिए। सत्ता और कुर्सी के लिए बिहार को बेचना बंद कीजिए।

### BJP ने भाषाई लंपटीकरण का आप नौजवान चेहरा बताया



वहीं अब इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी, मैं जानता था कि राजद का मतलब राशि प्रवृत्ति, जलादि संस्कृति और दलित विरोधी हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम नहीं जानते थे कि भाषाई लंपटीकरण का आप नौजवान चेहरा बनेंगे। राजद के ट्विटर हैंडल पर जिस तरीके के शब्द का प्रयोग हुआ है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आप अपने पिता के संस्कारों पर चल रहे हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### सांसद के घर में घुसपैठ की कोशिश



किशनगंज । सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद के आवास पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया है। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। वही सांसद के निजी सचिव और युवा कांग्रेस नेता सरफराज खान ने टाउन थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सांसद की सुरक्षा को लेकर पहले भी कई बार किशनगंज के पुलिस अधीक्षक और बिहार मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजा गया है।सरफराज खान ने सांसद की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने सांसद के आवास पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अतिरिक्त सुरक्षा कवर देने की मांग की है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत



नवादा। जिले के नवादा थाना क्षेत्र के कश्यप नगर गली नंबर 3 में शनिवार की देर शाम पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक 3 के बच्चे की मौत हो गई। मृत बालक की पहचान अभिषेक पांडेय के बेटे नारायणजी पांडेय के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने घर से खेलने के लिए दोपहर करीब साढ़े बारह बजे निकला था। खेलने के दौरान लापता हो गया। जिसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद परिजन द्वारा स्थानीय थाना में उसके लापता होने की सूचना भी दी गई। जिसके बाद पुलिस एवं परिजन उसकी लगातार खोजबीन कर रहे थे। शनिवार की देर शाम जब परिजन घर के पास स्थित पानी भरे गड्ढे में तलाश कर रहे थे, तो उनका शव उसी गड्ढे में पड़ा मिला। इसके बाद परिजनों ने शव को बाहर निकाला और उसे अपने घर ले गए। शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया, क्योंकि परिजनों ने अपनी स्वेच्छा से शव को घर ले जाने का निर्णय लिया। नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि बालक दोपहर करीब साढ़े बारह बजे से लापता था और शाम करीब पांच बजे उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस और कंट्रोल रूम ने उसकी तलाश में मदद की, लेकिन तब तक उसका शव पानी भरे गड्ढे से मिला। जानकारी के अनुसार, बच्चा खेलते वक्त गंदे पानी से भरे गड्ढे में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई।

### मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने पीके पर कसा तंज



जहानाबाद। बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने चूड़ा-दही कार्यक्रम के दौरान प्रशांत किशोर (पीके) पर हमला किया। मंत्री ने कहा कि पीके को नीतीश कुमार ने ही राजनीति में पहचान दी और कुर्ता-पजामा पहनाया। उन्होंने कहा कि पीके पहले केवल पार्टी के पोस्टर-बैनर लगाया करते थे, लेकिन अब सोशल मीडिया के मास्टर बनकर हर समय सुर्खियों में बने रहना चाहते है। छात्र आंदोलन को लेकर बोले-कुछ लोग नाखून काटकर शहीद होना चाहते है कुशवाहा ने छात्र आंदोलन पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि कुछ लोग नाखून काटकर शहीद होने की कोशिश कर रहे है, लेकिन सरकार छात्रहित में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि जिस केंद्र पर बीएससी परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी, वहां परीक्षा रद्द कर दोबारा आयोजित की गई है और जल्द ही परिणाम घोषित किए जाएंगे। ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री जयंत राज कुशवाहा।विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंत्री ने तेजस्वी यादव के बयान का जवाब दिया कि खरमास के बाद सरकार गिरने की बात केवल सत्ता की छटपटाहट है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए गठबंधन मजबूत है और 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारी जारी है। गठबंधन ने 225 सीटों का लक्ष्य रखा है और विपक्ष केवल पोस्टर-बैनर लगाते रह जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 3 युवक घायल

जमुई। के खैरा मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। घटना खैरा बाजार के पास हुई, जहां एक ही बाइक पर सवार तीनों युवक गहरी डैम से वापस लौट रहे थे। घायल युवकों की पहचान सदर प्रखंड के अड़सार गांव निवासी मोहम्मद अल्तमस, मोहम्मद शाहनवाज और मोहम्मद फैसल के रूप में हुई है। फैसल दुर्घटना ने बताया कि एक अज्ञात वाहन ने अचानक उनकी बाइक को चकमा दे दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। प्राथमिक उपचार के लिए तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रदर्शनी आयोजित





किशनगंज। अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रूईधासा स्थित टाउन क्लब में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया है। अयोध्या धाम की तर्ज पर सजाई गई इस प्रदर्शनी में भगवान राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को रंगोली के माध्यम से दशार्या गया है। प्रदर्शनी में श्री राम वाटिका, दशरथ महल, राम कुटी, लता मंगेशकर चौक और सूर्य स्तंभ जैसे आकर्षक स्थलों का निर्माण किया गया है। बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील तिवारी के अनुसार, यह आयोजन विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए किया गया है, जो अभी तक अयोध्या धाम नहीं जा पाए है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में अखंड रामधुन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्थानीय महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज गट्टानी के नेतृत्व में राकेश कुमार, राहुल कुमार, सुभम कुमार विक्रम, आशुतोष तिवारी, अनुराग गुप्ता, रोहित चौधरी और नवीन भगत सहित अन्य कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए है।

## ठंड के बीच 10 जिलों में हल्की बारिश की संभावना




पटना । बिहार में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच मौसम विभाग ने आज और 13 जनवरी को बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल में बादल के साथ बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इसके बाद अगले 2-3 दिनों तक ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 13 से 15 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन ठंड बरकरार रहेगी। वहीं, मौसम विभाग ने आज यानी 12 जनवरी को प्रदेश के 18 जिलों में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस कारण सुबह में कड़ाके की ठंड महसूस होगी। मौसम विभाग की मानें तो अगले चार दिनों तक नालंदा, नवादा, पटना, भागलपुर, मुंगेर, बांका, खगड़िया, जमुई में घना कोहरा छाया रहेगा। अगले 7 दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। हालांकि, प्रदेश के उत्तर और दक्षिण-पश्चिम हिस्सों में सुबह में हल्का कुहासा छाया रहेगा।बिहार में ठंड की वजह से हवा भी काफी दूषित हो गई है। शनिवार को हाजीपुर की हवा सबसे ज्यादा खराब रही। यहां का अदक 368 दर्ज किया गया। इसके अलावा मुजफ्फरपुर का 303, पटना का 294, आरा का 224, बेगूसराय का 254, मुंगेर का 210, पूर्णिया का 227, किशनगंज का 260 और बेतिया का 249 दर्ज किया गया। धूलकण की वजह से राजधानी में बढ़ रहा प्रदूषण राजधानी में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निर्माण स्थल को ढककर काम करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद ढक कर काम नहीं किया जा रहा है। इसका असर राजधानी की हवा पर पड़ रहा है। धूलकण की वजह से पटना की हवा प्रदूषित हो रही है।

## हरियाणा में बिहार के युवक की मौत का वीडियो



सोहना। हरियाणा में गुरुग्राम के सोहना में 7 जनवरी को युवक के होटल की तीसरी मंजिल से गिरने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बिहार का रहने वाला हिमांशु (23) मध्य प्रदेश में टेरर फंडिंग और साइबर क्राइम मामलों में मध्य प्रदेश ATS की हिरासत में था। सीसीटीवी में दिख रहा है कि गली में एक बाइक सवार युवक खड़ा हुआ था। तभी होटल की छत से हिमांशु आकर गली में गिरता है। बाइक सवार को हिमांशु के गिरने का पता चला, लेकिन वह छत की तरफ देखता रहा। उसने हिमांशु की मदद नहीं की। 10 मिनट तक लोग गली से आते-जाते हैं, लेकिन कोई हिमांशु की तरफ ध्यान नहीं देता। कुछ देर बाद बाइक सवार युवक वहां से चला जाता है। पुलिस कर्मचारियों को जैसे ही पता चलता है तो हेड कॉन्स्टेबल दौड़ता हुआ आता है। इसके बाद ATS की टीम मौके पर पहुंचती है और हिमांशु को अपने साथ गाड़ी में ले जाती है। उधर, हिमांशु के चाचा की शिकायत पर सोहना पुलिस मध्य प्रदेश की ATS के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर चुकी है। मध्य प्रदेश पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 9 सदस्यों को सस्पेंड कर दिया था। इनमें एक इंस्पेक्टर, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल शामिल हैं।पुलिस घटना के समय मौके पर मौजूद बाइक सवार की भी तलाश कर रही है। साथ ही होटल के मालिक और बिल्डिंग के मालिक को नोटिस जारी किया गया है। जांच के लिए आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। हालांकि, पुलिस अभी जांच के बारे में कोई जानकारी साझा करने से बच रही है। हिमांशु के परिवार ने मध्य प्रदेश की ATS पर बेटे की हत्या के आरोप लगाए हैं। हिमांशु के चाचा चंदन कुमार ने सोहना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि हिमांशु दिल्ली में पढ़ाई कर रहा था और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश ATS ने हिमांशु और उसके साथियों को होटल में रखा और फिर उसे तीसरी मंजिल से फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। एटीएस के पास हिमांशु को हिरासत में लेने के लिए कोई वारंट भी नहीं था।हिमांशु के भाई सुधांशु कुमार ने कहा कि '7 जनवरी की शाम अचानक फोन आया कि मेरे भाई को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। मैंने सोचा कोई छोटी बात होगी। वो खुद सुलझा लेगा, लेकिन कुछ देर बाद मुझे एक अनजान नंबर से फोन आया, उसने कहा कि आपके भाई की ओवरब्रिज से कूदने से मौत हो गई है।' 'थोड़ी देर बाद जब मैंने उसी नंबर पर फोन लगाया तो उसने कहा कि हिमांशु ने होटल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी है। उसने हमलोगों को एक फोटो भी भेजी, जिसमें हिमांशु के सिर पर खून के निशान थे। इसकी जानकारी मिलते ही हम लोग हरियाणा के लिए निकले।' 'अगर MP ATS को पूछताछ ही करनी थी तो उसे OYO क्यों लेकर गई। थाने क्यों नहीं लेकर गई। सबको पता है ड ड में क्या होता है।' सुधांशु ने आगे बताया, 'जब हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पर पानी गिरा था। आंख और सिर में चोट थी। नाक में खून जमा था। हमने पुलिस से सीसीटीवी दिखाने की मांग की, लेकिन हमें नहीं दिया गया।' 'अगर वो टेरर फंडिंग से जुड़ा भी था, तो क्या उसे मार दिया जाएगा।

## चुनाव में चारों विधानसभा में एनडीए की होगी जीत : भाजपा



ठाकुरगंज। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ठाकुरगंज नगर मंडल अंतर्गत भीम बालिश में किशनगंज भाजपा के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह का भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम नगर एवं ग्रामीण भाजपा द्वारा आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अतुल सिंह ने ग्रामीण अध्यक्ष मुकेश हेंब्रम की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत से हुई। स्वागत कार्यक्रम में नगर सहित ग्रामीण भाजपा के वरिष्ठ नेता ने जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह का माला बुके एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने बूथ स्तर शक्ति केंद्र स्तर पर भाजपा को मजबूती देने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित सिन्हा ने किया। मौके पर भाजपा नेता मोहन सिंह, देवकी अग्रवाल, प्रमोद राज चौधरी , बिजली सिंह, कौशल झा, राजेश करनानी, गौरव गुप्ता, साधना हलदार, अरुण सिंह, खोखा सरकार, किशन बाबू पासवान, अनिल महाराज, धनंजय सिंह, बलराम साह, कौशल यादव, नरेश साह, आनंद गोस्वामी, अनिल साह, विप्लव कर्मकार, बच्चू मंडल, लक्ष्मण झा, देवाशीष विश्वास, राम विनोद महतो, राम जतन महतो, सुनील साहनी आदि थे।

## दरभंगा में तिहरे हत्याकांड का कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



दरभंगा के बहेड़ी थाना क्षेत्र में 23 जून 2023 को हुए तिहरे हत्याकांड के कुख्यात आरोपी चन्दन सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या अनिल सिंह, मनीष सिंह और मुन्ना सिंह की टाटा सफारी गाड़ी को घेरकर दिनदहाड़े अंधाधुंध गोली मारकर की गई थी। इस मामले में बहेड़ी थाना में कांड संख्या 219/23 दर्ज किया गया था। अपराधी हायाघाट थाना क्षेत्र के हथौड़ी गांव का निवासी चन्दन सिंह था, जो कि कई महीनों से फरार था। इस कुख्यात अपराधी के खिलाफ बहेड़ी थाना के अलावा आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। बेनीपुर एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि चन्दन सिंह की गिरफ्तारी के लिए जिला स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। चन्दन सिंह का अपराधिक इतिहास बहुत ही कुख्यात रहा है, और उसके खिलाफ कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। अब तक इस गिरफ्तारी से पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

# अस्पताल में नवजात की बॉडी को कुत्ते ने नोच खाया

## जन्म के बाद शव को कार्टन में फेंका, प्रभारी डॉक्टर बोला- सड़ा-गला पैदा हुआ था







जमुई के खैरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को मृत नवजात के 75 फीसदी हिस्से को कुत्ते ने नोच खाया। मृत नवजात का शव प्रसव कक्ष के नजदीक शौचालय के पास एक कार्टन में लावारिस छोड़ दिया गया था, जिसे आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया। घटना का खुलासा तब हुआ, जब कैंडीह की लकी देवी ने कुत्ते को नवजात के शव को खाते देखा। बताया जा रहा है कि गुरुपुर निवासी लालू यादव की पत्नी पार्वती देवी (27) को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई, जिसके बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने बिना किसी सावधानी के शव को कार्टन में रख दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अमित आनंद ने बताया कि 'नवजात सड़ा- गला पैदा हुआ था। नवजात परिजनों को सौंप दिया था। इससे संबंधित डॉक्यूमेंट्स भी उन लोगों के पास है। लापरवाही उनके परिजन की है। स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से कोई लापरवाही नहीं की गई है।' घटना के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। प्रसूता की मां सूमा देवी ने बताया कि 'नवजात के जन्म के बाद ही उसकी मौत की सूचना दी गई थी। प्रसूता की भी हालत गंभीर बनी थी। बच्चे को जीएनएम को दे दिया गया था। उन लोगों ने ही लापरवाही की है।' वहीं, स्वास्थ्यकर्मियों की इस लापरवाही पर प्रभारी सिविल सर्जन ने जांच के आदेश दिए हैं। प्रसव कक्ष, नर्स कक्ष और प्रसूता वार्ड शौचालय से मात्र तीन मीटर की दूरी पर स्थित हैं। जब मीडिया की टीम मौके पर पहुंची, तो ड्यूटी पर तैनात जीएनएम पूनम देवी कैमरा देखकर भागने लगीं। बाद में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि 'शव परिजनों को सौंप दिया गया था।'नवजात की हेराफेरी को लेकर पहले भी विवाद हुआ था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा पहले भी चर्चा में रही है। कुछ महीने पहले ही यहां काम करने वाली एक महिला कर्मी पर बच्चे को बेचने और बदलने का मामला सामने आया था। हालांकि, मामले की जानकारी के बाद वरीय पदाधिकारी की ओर से उसके खिलाफ कार्रवाई की गई थी।मामले की जांच कर होगी कार्रवाईसिविल सर्जन डॉक्टर सैयद नौशाद अहमद ने बताया कि 'सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरा में नवजात के शव को कुत्ते के द्वारा खाने की सूचना मिली है।

# मकर संक्रांति 2025 के शुभ मुहूर्त :

## मकर संक्रांति के दिन की पूजा विधि और विशेष मुहूर्त

प्रतिवर्ष की तरह वर्ष 2025 में मकर संक्राति पर्व 14 जनवरी को मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह सूर्यभगवान और शनिदेव का त्योहार क्योंकि शनिदेव की की मकर राशि में सूर्यदेव का इस दिन गोचर होता है। और, इस दिन पर सूर्य दक्षिणायन पक्ष छोड़कर उत्तरायणपथ से निकलकर गमन करते हैं। इस दिन से दिन बड़े होने लगते हैं। इस दिन व्रत और दान यानी विशेष कर तिल के दान का काफी महत्व माना गया है। इस दिन पूजा करने के बाद जब तक गाय और गरीबों को दान नहीं दिया जाता, तब तक व्रत रखना चाहिए। इस दिन पूजा के बाद तिल-गुड़ की मिठाइयां बांटते हैं।

-सूर्य 14 जनवरी मंगलवार को सुबह 09:03 बजे मकर राशि में प्रवेश करेगा।

-मकर संक्रांति का पुण्य काल- सुबह 09:03 से शाम 05:46 तक।

-मकर संक्रांति का महा पुण्य काल- सुबह 09:03 से सुबह 10:48 तक।

### शुभ मुहूर्त

अमृत काल: प्रात: 07:55 से सुबह 09:29 बजे तक।

अभिजीत मुहूर्त: दोपहर 12:09 से दोपहर 12:51 तक।

विजय मुहूर्त: दोपहर 02:15 से दोपहर 02:57 तक।

गोधूलि मुहूर्त: शाम 05:43 से शाम 06:10 तक।

### मकर संक्रांति पूजा विधि

संक्रांति के दिन पुण्य काल में दान, स्नान व श्राद्ध करना शुभ माना जाता है।

इस दिन तीर्थों में या गंगा स्नान और दान करने से पुण्य प्राप्ति होती है।

मकर संक्रांति के दिन पावन नदियों में श्रद्धापूर्वक स्नान करें।

इसके बाद, पूजा-पाठ, दान और यज्ञ क्रियाओं को करें।

प्रात:नहा-धोकर भगवान शिव जी की पूजा तेल का दीपक जलाकर करें।

भोलेनाथ की प्रिय चीजों जैसे धतूरा, आक, बिल्व पत्र इत्यादि को अर्पित करें।

भविष्यपुराण के अनुसार सूर्य के उत्तरायन या दक्षिणायन के दिन संक्रांति व्रत करना चाहिए।

इस व्रत में संक्रांति के पहले दिन एक बार भोजन करना चाहिए।

संक्रांति के दिन तेल तथा तिल मिश्रित जल से स्नान करना चाहिए।

इसके बाद सूर्य देव की स्तुति करनी चाहिए। ऐसा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

संक्रांति के पुण्य अवसर पर अपने पितरों का ध्यान और उन्हें तर्पण अवश्य प्रदान करना चाहिए।

सूर्यदेव को अर्घ्य दें। आदित्य हृदय स्तोत्र का 108 बार पाठ करें।

मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त में सिद्ध सूर्य यंत्र को सूर्य मंत्र का जप करके पहनने से सूर्यदेव तरक्की की राह आसान बना देते हैं।

तिल युक्त खिचड़ी, रेवड़ी, लड्डू खाएं एवं दूसरों को भी खिलाएं।

ब्राह्मण को गुड़ व तिल का दान करें और खिचड़ी खिलाएं।

वेदों में वर्जित कार्य- जैसे दूसरों के बारे में गलत सोचना या बोलना, वृक्षों को काटना और इंद्रिय सुख प्राप्ति के कार्य इत्यादि कदापि नहीं करना चाहिए।

जरूरतमंद को कंबल, वस्त्र, छाते, जूते-चप्पल इत्यादि का दान करें।

### मकर संक्रांति मंत्र

मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव की निम्न मंत्रों से पूजा करनी चाहिए

- ॐ सूर्याय नम:, ॐ आदित्याय नम:, ॐ सप्तार्चिषे नम:।



# मकर संक्रांति: इसी दिन खुलता है स्वर्ग का द्वार!

मूलत: सूर्य उपासना का अति प्राचीन पर्व मकर संक्रांति प्रतिवर्ष 14 या 15 जनवरी को पूरे उल्लास के साथ सम्पूर्ण भारत सहित कई अन्य देशों में भी किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से वसंत ऋतु की शुरूआत होती है खरीफ की फसलें कट चुकी होती हैं और खेतों में रबी की फसलें लहलहा रही होती हैं खेत में सरसों के फूल मनमोहक लगते हैं। इसीलिए यह पर्व सम्पूर्ण भारत में फसलों के आगमन की खुशी के रूप में भी मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर्व 14 अथवा 15 जनवरी को ही मनाए जाने के पीछे सूर्य की भूमिका का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इसी दिन सूर्य देवता इन्द्रधनुषी रंग से मेल खाते अपने सात घोड़ों वाले रथ पर सवार होकर मकर राशि में प्रवेश करते हुए अपनी उत्तर दिशा की यात्रा आरंभ करते हैं जो हमारे जीवन को उजाले से भरने तथा अंधकार से छुटकारे का प्रतीक है। मान्यता है कि इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से नाराजगी भुलाकर उनके घर गए थे। कहा जाता है कि महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए मकर संक्रांति के ही दिन तर्पण किया था। मकर संक्रांति के दिन सूर्य की कक्षा में होने वाले परिवर्तन यानी सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने को अंधकार से प्रकाश की ओर परिवर्तन माना जाता है। सूर्य प्राय: 14 या 15 जनवरी को ही मकर राशि में प्रवेश करता है इसीलिए उसी दिन मनाए जाने वाले पर्व को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है।

यह हिन्दू पर्व भारत के अलग-अलग राज्यों में भी अलग-अलग तरीकों और नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे लोहड़ी खिचड़ी पर्व पतंगोत्सव इत्यादि नामों से जाना जाता है जबकि मध्य भारत में इसे संक्रांति कहा जाता है। दक्षिण भारत में यह त्यौहार 'पोंगल' उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति को उत्तरायण माघी खिचड़ी पौष संक्रांति भोगाली बिहू शिशुर सेंक्रांत आदि नामों से भी जाना जाता है। नेपाल में इसे माघे संक्रांति या माघी संक्रांति व खिचड़ी संक्रांति श्रीलंका में पोंगल या उझवर तिरूनल बांग्लादेश में पौष संक्रांति थाईलैंड में सोंगकरन म्यांमार में थिंयान कम्बोडिया में मोहा संगक्रान तथा लाओस में पि मा लाओ नाम से मनाया जाता है। कहा जाता है कि मकर संक्रांति से ही दिन तिल-तिल करके बढ़ता है अर्थात् इस दिन से दिन की अवधि रात के समय से अधिक होने लगती है यानी दिन लंबे होने लगते हैं जिससे खेतों में बोए हुए बीजों को अधिक रोशनी अधिक उष्मा और अधिक ऊर्जा मिलती है जिसका परिणाम अच्छी फसल के रूप में सामने आता है। इसलिए इस अवसर का खासतौर से किसानों के लिए तो बड़ा महत्व है।

मकर संक्रांति में 'मकर' शब्द जहां मकर राशि को इंगित करता है वहीं 'संक्रांति' शब्द का अर्थ है संक्रमण अर्थात प्रवेश करना। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि में प्रवेश करने की इस विस्थापन क्रिया को ही संक्रांति कहा जाता है। सूर्य हर माह एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है अर्थात् एक-एक करके वर्षभर में कुल 12 राशियों में प्रवेश करता है। सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है तो उसे 'संक्रांति' कहा जाता है।

पृथ्वी की गोलाकार आकृति और अक्ष पर भ्रमण की वजह से दिन और रात होते हैं। जब पृथ्वी का कोई भाग सूर्य के सामने आता है उस समय वहां दिन होता है जबकि पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सामने नहीं होता वहां रात होती है। यह पृथ्वी की दैनिक गति कहलाती है। पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा 12 महीने में पूरी करती है जिसे पृथ्वी की वार्षिक गति कहा जाता है। इस वार्षिक गति के आधार पर ही दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समय पर अलग-अलग ऋतुएं होती हैं।

हिन्दू शास्त्रों में मकर संक्रांति को पुण्यदायी पर्व माना गया है। इस दिन श्राद्धकर्म तथा तीर्थ स्नान करना फलदायी माना गया है। इस दिन लाखों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पवित्र स्नान करते हैं और तिल से बने पदार्थों का दान करते हैं। गंगासागर पर तो इस अवसर पर तीर्थस्नान के लिए लाखों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है जो इस पर्व की महत्ता को परिलक्षित करता है। मान्यता है कि इस दिन देशभर के किसी भी पवित्र तीर्थ संगम स्थल या गंगा अथवा यमुना के तट पर स्नान करने से आध्यात्मिक शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक ऊर्जा मिलती है। कहा जाता है कि इसी दिन स्वर्ग का द्वार भी खुलता है और इस विशेष दिन को सुख-समृद्धि का दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान दान पूजा इत्यादि करने से पुण्य प्रभाव हजारों गुना बढ़ जाता है। मकर संक्रांति पर्व 'पतंग महोत्सव' के रूप में भी मनाया जाता है। दरअसल इस दिन लोग न केवल अपने घर की छतों पर या खुले मैदानों में पतंग उड़ाते हैं बल्कि देश के कई हिस्सों में पतंग उडाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। चूंकि कड़ाके की ठंड के इस मौसम में सूर्य का प्रकाश शरीर के लिए स्वास्थ्यवर्द्धक स्फूर्तिदायक और त्वचा व हड्डियों के लिए अत्यधिक लाभदायक माना जाता है इसीलिए मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने के पीछे कुछ घंटे सूर्य के प्रकाश में बिताना मुख्य कारण माना जाता है।




# मकर संक्रांति के बारे में 25 पौराणिक तथ्य और सत्य

**सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के समय को मकर संक्रांति कहते हैं। यह ऋतु परिवर्तन, फसल कटाई और बुवाई, उत्तरायण का त्योहार है लेकिन इसके साथ ही इसके साथ कई पौराणिक तथ्य भी जुड़े हैं साथ ही कई परंपराएं भी इसके साथ जुड़ी हुई है। जानिए इस संबंध में 25 खास जानकारी।**

1. हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण गति करने लगते हैं। हालांकि इस बात को लेकर मतभेद हैं।
2. इस दिन से देवताओं का छह माह का दिन आरंभ होता है, जो आषाढ़ मास तक रहता है।
3. इसी दिन सूर्य अपने पुत्र शनि के घर एक महीने के लिए जाते हैं, क्योंकि मकर राशि का स्वामी शनि है।
4. मकर संक्रांति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं।
5. इसी दिन महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया था इसलिए मकर संक्रांति पर गंगासागर में मेला लगता है। इसीलिए तभी से तर्पण प्रथा भी प्रचलित हुई।
6. इस दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत करके युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी। उन्होंने सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत में दबा दिया था। इसलिए यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता को खत्म करने का दिन भी माना जाता है।
7. महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने का ही इंतजार किया था। कारण कि उत्तरायण में देह छोड़ने वाली आत्माएं या तो कुछ काल के लिए देवलोक में चली जाती हैं या पुनर्जन्म के चक्र से उन्हें छुटकारा मिल जाता है।
8. सूर्य की सातवीं किरण भारत वर्ष में आध्यात्मिक उन्नति की प्रेरणा देने वाली है। सातवीं किरण का प्रभाव भारत वर्ष में गंगा-जमुना के मध्य अधिक समय तक रहता है। इस भौगोलिक स्थिति के कारण ही हरिद्वार और प्रयाग में माघ मेला अर्थात मकर संक्रांति या पूर्ण कुंभ तथा अर्द्धकुंभ के विशेष उत्सव का आयोजन होता है।
9. सूर्य संस्कृति में मकर संक्रांति का पर्व ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश, आद्यशक्ति और सूर्य की आराधना एवं उपासना का पावन व्रत है, जोतन-मन-आत्मा को शक्ति प्रदान करता है।
10. संत-महर्षियों के अनुसार इसके प्रभाव से प्राणी की आत्मा शुद्ध होती है। संकल्प शक्ति बढ़ती है। ज्ञान तंतु विकसित होते हैं। मकर संक्रांति इसी चेतना को विकसित करने वाला पर्व है। यह संपूर्ण भारत वर्ष में किसी न किसी रूप में आयोजित होता है।
11. विष्णु धर्मसूत्र में कहा गया है कि पितरों की आत्मा की शांति के लिए एवं स्व स्वास्थ्यवर्द्धन तथा सर्वकल्याण के लिए तिल के छ: प्रयोग पुण्यदायक एवं फलदायक होते हैं- तिल जल से स्नान करना, तिल दान करना, तिल से बना भोजन, जल में तिल अर्पण, तिल से आहुति, तिल का उबटन लगाना।
12. सूर्य के उत्तरायण होने के बाद से देवों की ब्रह्म मुहूर्त उपासना का पुण्यकाल प्रारंभ हो जाता है। इस काल को ही परा-अपरा विद्या की प्राप्ति का काल कहा जाता है। इसे साधना का सिद्धिकाल भी कहा गया है। इस काल में देव प्रतिष्ठा, गृह निर्माण, यज्ञ कर्म आदि पुनीत कर्म किए जाते हैं। मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व से ही व्रत उपवास में रहकर योग्य पात्रों को दान देना चाहिए।
13. रामायण काल से भारतीय संस्कृति में दैनिक सूर्य पूजा का प्रचलन चला आ रहा है। मकर संक्रांति सूर्यपूजा का विशेष दिन है। राम कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा नित्य सूर्य पूजा का उल्लेख मिलता है।
14. प्रचलन से मकर संक्रांति के साथ तिल, गुड़, पतंग, गिल्ली डंडा खेलाना आदि कई परंपराएं जुड़ी चली गई।
15. मकर संक्रांति के दिन सूर्य को अर्घ्य देने का खास महत्व है।
16. मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदी में स्नान का भी महत्व है।
17. मकर संक्रांति के दिन दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।
18. मकर और कर्क संक्रांति को छोड़कर संक्रान्ति दिन या रात्रि दोनों में हो सकती है। दिन वाली संक्रान्ति पूरे दिन भर पुण्यकाल वाली होती है।
19. बारह संक्रांतियां 7 प्रकार की, 7 नामों वाली हैं, जो किसी सप्ताह के दिन या किसी विशिष्ट नक्षत्र के सम्मिलन के आधार पर मानी गई हैं। ये हैं- मन्दा, मन्दाकिनी, ध्वांक्षी, घोरा, महोदरी, राक्षसी एवं मिश्रिता।
20. नक्षत्र पर आधारित संक्रांतियां- ध्रुव, मृदु, क्षिप्र, उग्र, चर, क्रूर या मिश्रित कही गई है जिसका अलग अलग फल बताया जाता है।
21. कालांतार में संक्रांति का देवीकरण हो गया और वह साक्षात? दुर्गा कही जाने लगी। जैसे अब वो किसी न किसी वाहन, उप वाहन आदि पर सवार होकर आती है।
22. प्रत्येक संक्रति के दान भी अलग अलग बताए गए हैं। मेष में भेड़, वृषभ में गायें, मिथुन में वस्त्र, भोजन एवं पेय पदार्थ, कर्क में घृतधेनु, सिंह में सोने के साथ वाहन, कन्या में वस्त्र एवं गौएं, नाना प्रकार के अन्न एवं बीज, तुला-वृश्चिक में वस्त्र एवं घर, धनु में वस्त्र एवं वाहन, मकर में ईंधन एवं अग्नि, कुम्भ में गौएं जल एवं घास, मीन में नए पुष्प दान किए जाने का उल्लेख मिलता है।
23. मकर संक्रांति के सम्मान में अब 3 दिनों या एक 1 दिन का उपवास भी रखा जाता है। जो व्यक्ति तीन दिनों का उपवास रखता है उसकी मनचाही इच्छा पूर्ण होती है। एक दिन का उपवास करने वाला पापों से मुक्ति हो जाता है।
24. मकर संक्रांति को हर प्रांत में अलग अलग रूप में मनाया जाता है। जैसे तमिलनाडु या संपूर्ण दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में इसे मनाते हैं। पोंगल तमिल वर्ष का प्रथम दिवस है। असम में माघ बिहू के रूप में, पंजाब, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में लोहड़ी के रूप में और गुजरात में उत्तरायण के रूप में इसे मनाते हैं। सिंध में या सिन्धी समाज लाल लोही के रूप में मनाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में खिचड़ी पर्व के रूप में इसे मनाते हैं। केरल में मकर ज्योति के रूप में मनाते हैं।
25. मकर रेखा दक्षिणी गोलार्द्ध में भूमध्य रेखा के समानांतर 23' 23' 22' पर, पश्चिम से पूरब की और खींची गई काल्पनिक रेखा है। मकर रेखा के उत्तर में तथा कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित क्षेत्र उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र कहलाता है। 22 दिसम्बर को सूर्य जब मकर रेखा पर लम्बवत चमकता है तो उसके बाद वह उत्तरायण गति करने लगता है। मकर संक्रांति के दिन यह पूर्णत: उत्तरायण हो जाता है।

# लोहड़ी के त्योहार का धार्मिक और सामाजिक महत्व

**खुशहाली के आगमन का प्रतीक माने जाने वाले लोहड़ी का पर्व पंजाब में खासतौर पर पारम्परिक रीति-रिवाज के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी पर्व से जुड़ी एक बड़ी बात यह भी है कि मूल रूप से सिखों के इस त्योहार के दिन का निर्धारण हिंदू पंचांग/कैलेण्डर से होता है।**

### लोहड़ी पर झूम उठते हैं किसान

हर साल के जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में मनाया जाने वाला यह पर्व किसानों के लिए विशेष रूप से उत्साह लेकर आता है क्योंकि इस पर्व तक उनकी वह फसल पक कर तैयार हो चुकी होती है जिसको उन्होंने अपनी अथक मेहनत से बोया और सींचा था। इस दिन जब लोहड़ी जलाई जाती है तो उसकी पूजा गेहूं की नयी फसल की बालों से ही की जाती है। जाति बंधनों से मुक्त होकर यह पर्व समूचे उत्तर भारत खासकर पंजाब और हरियाणा में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। राजधानी दिल्ली में भी इस पर्व की धूम खूब रहती है। मकर संक्रांति से एक दिन पहले पड़ने वाले इस पर्व पर लोग मस्ती में रहते हैं तथा नाच गाकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

### इस बार लोहड़ी पर्व की वैसी छटा नहीं

पंजाब में तो इस पर्व पर अलाव जलाकर भांगड़ा नृत्य किया जाता है और मूंगफली, रेवड़ी तथा गजक का प्रसाद बांटा जाता है। इस दिन पंजाबी गायकों की काफी मांग रहती है और विभिन्न इलाकों में वह अपनी गायकी से लोगों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं। हालांकि इस बार कोरोना संक्रमण के चलते लगे तमाम प्रतिबंधों की वजह से सामूहिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जा रहे हैं। लोग इस बार अपने परिवार के साथ ही लोहड़ी पर्व मना रहे हैं।



### लोहड़ी से जुड़ा धार्मिक महत्व

देखा जाये तो दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में जहां इस पर्व को मस्ती भरे अंदाज में मनाया जाता है वहीं पंजाब में इस पर्व का धार्मिक महत्व भी होता है। इस दिन सुबह से ही विभिन्न गुरुद्वारों में श्रद्धालु एकत्रित होना शुरू हो जाते हैं। इसके साथ ही इस दिन अंधेरा होते ही लोहड़ी जलाकर सात चक्कर लगाकर अग्नि पूजा करते हुए तिल, गुड़, चावल और भुने हुए मक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिलचौली कहा जाता है। आग में तिल डालते हुए, ईश्वर से धनधान्य से भरपूर होने का आशीर्वाद मांगा जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिसके घर पर भी खुशियों का मौका आया, चाहे विवाह के रूप में हो या संतान के जन्म के रूप में, लोहड़ी उसके घर जलाई जाएगी और लोग वहीं एकत्र होंगे। इस अवसर पर लोग मूंगफली, तिल की गजक और रेवड़ियां आपस में बांटकर खुशियां मनाते है।

### पारम्परिक रीति-रिवाज




लोहड़ी पर्व से जुड़ी परम्परा के अनुसार, इस दिन पंजाब में बहुएं घर-घर जाकर लोकगीत गाकर लोहड़ी मांगती हैं और दुल्ला भट्टी के गीत गाती हैं। इस गीत के पीछे यह मान्यता है कि महराजा अकबर के शासन काल में दुल्ला भट्टी एक लुटेरा था लेकिन वह हिंदू लड़कियों को गुलाम के तौर पर बेचे जाने का विरोधी था। उन्हें बचा कर वह उनकी हिंदू लड़कों से शादी करा देता था। गीतों में उसके प्रति आभार व्यक्त किया जाता है।

### लोहड़ी से जुड़ी बड़ी बात

पंजाब में नई बहू और नवजात बच्चे के लिए लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इस दिन रेवड़ी और मूंगफली वितरण के साथ ही मक्के की रोटी और सरसों के साग का भोज भी आयोजित किया जाता है। पंजाब के गांवों में तो इस दिन इस तरह के दृश्य आम होते हैं कि परम्परागत वेशभूषा पहले सिख पुरुष और स्त्रियां ढोल की थाप पर लोकप्रिय भांगड़ा नृत्य कर खुशियां मनाते हैं। बच्चों को भी उनका साथ देते देखा जा सकता है। स्त्रियां तो इस अवसर पर अपनी हथेलियों और पांवों पर आकर्षित करने वाली आकृतियों वाली मेहंदी भी रचाती हैं।

# वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में गावस्कर सहित मुम्बई के पूर्व कप्तान सम्मानित

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक समारोह में सुनील गावस्कर सहित मुंबई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तानों को सम्मानित किया है। गावस्कर 1974 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच खेलने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। एमसीए की 50वीं वर्षगांठ के अवसर सप्ताह भर कार्यक्रम चलेंगे।

समारोह के दौरान गावस्कर ने कहा, ÷इस प्रतिष्ठित स्थल पर वापस आना बहुत अच्छा है, एक ऐसा स्थल जिसने भारतीय क्रिकेट को ऐसे शानदार पल दिए हैं। आज प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम के 50वें वर्षगांठ समारोह की शुरुआत है और एक सलामी बल्लेबाज के रूप में, मैं इसकी शुरुआत को भूल नहीं कर सकता था। मैं एमसीए को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और मेरे स्कूल के दिनों से मुझे जो अवसर प्रदान किए हैं, उसके लिए अपना गहरा आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपनी सफलता का श्रेय एमसीए से प्राप्त समर्थन और प्रोत्साहन को देता हूं।

वहीं सम्मान समारोह में एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक के साथ ही एमसीए उपाध्यक्ष संजय नाइक, सचिव अभय हडप, कोषाध्यक्ष अरमान मलिक, संयुक्त सचिव दीपक पाटिल और पूर्व अध्यक्ष विजय पाटिल भी थे। समारोह में संजय मांजरेकर, वसीम जाफर, राजू कुलकर्णी, चंद्रकांत पंडित, लालचंद राजपूत, शोभा पंडित और अरुंधति घोष सहित कई क्रिकेट दिग्गजों ने भाग लिया, जिन्होंने मुंबई क्रिकेट की समृद्ध विरासत में योगदान दिया।

सप्ताह भर चलने वाले समारोह दो रोमांचक क्रिकेट मैच आयोजित किए गए, जिसमें मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए), स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई (एसजेएम), महावाणिज्य दूत और आईएएस अधिकारियों की टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मैच में, एमसीए ने स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई को पांच रनों से हराया, जबकि आईएएस अधिकारियों की टीम ने दूसरे मैच में महावाणिज्य दूत टीम को 20 रनों से हराया।

इस अवसर पर, एमसीए के अध्यक्ष इक ने कहा, 'वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ हमारे लिए एक विशेष अवसर है। आज भव्य समारोह की शुरुआत हुई और इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के पीछे हमारा मुख्य लक्ष्य अगली पीढ़ी को मुंबई के क्रिकेट इतिहास और मुंबई के लिए खेलने वाले पुरुष और महिला खिलाड़ियों के योगदान के बारे में बताना और युवा पीढ़ी को इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है।'



50वीं वर्षगांठ का जश्न पूरे सप्ताह जारी रहेगा। एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा।

# विश्व कप की मेजबानी में पुर्तगाल का भी नाम, स्टार फुटबॉलर रोनाल्डो की पहली प्रतिक्रिया आई सामने



**मैड्रिड (एजेंसी)।** पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की। विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे।

यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और ऊरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे। पहला विश्व कप 1930 में ऊरुग्वे में आयोजित किया गया था और फीफा ने उसके 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए दक्षिण अमेरिका के इन देशों को एक-एक मैच की मेजबानी सौंपी है। रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जर्सी पहनकर जश्न मनाते हुए अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की जिसमें उन्होंने लिखा है, 'सपना सच हो गया। यह बेहद खास विश्व कप होगा। पुर्तगाल 2030 में विश्व कप की मेजबानी करके हमें गौरवान्वित करेगा।' फीफा ने इसके साथ ही 2034 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब को सौंपने की घोषणा भी की।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया नहीं, जिम्बाब्वे ने बनाया टी20 का सबसे बड़ा स्कोर

**-सिकंदर, ब्रायन और मरुमानी ने की छक्के-चौकों की बौछार, 57 बाउंड्री लगाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट में चौकों-छक्के लगना आम है और स्टेडियम में मौजूद लोग भी यही चाहते हैं, अगर किसी 20 ओवर के मैच में 57 बाउंड्री लग जाएं तो यह कमाल ही है। ऐसा कमाल हुआ भी है जब जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ने टी20 मैच में 27 छक्के और 30 चौके लगाए। जिम्बाब्वे ने कई रिकॉर्ड भी तोड़ दिए और उसने 4 विकेट पर 344 रन बनाए थे, जो टी20 इंटरनेशनल मैचों में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड है।

यह कारनामा जिम्बाब्वे ने केन्या की राजधानी नैरोबी में पिछले साल 23 अक्टूबर को किया था और इसका शिकार बना था गाम्बिया। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालिफायर के इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी की। ओपनर ब्रायन बेनेट (50) और टी मरुमानी (62) ने 98 रन बहुत ही तेज गति से बनाए, लेकिन असली तूफान तब आया जब जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा मैदान पर उतरे। सिकंदर रजा ने इस मैच में महज 33 गेंदों में शतक लगा दिया। यह टी20 इंटरनेशनल मैचों में दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने 43 गेंद में 133 रन की पारी खेली, जिसमें 15 छक्के और 7 चौके लगाए थे। जिम्बाब्वे के इस रिकॉर्ड खेल में क्लाइव मंडाडे ने भी 17 गेंद में 53 रन बनाए थे। उन्होंने 17 में से 8 गेंदों को बाउंड्री के पार कराई। 5 गगनचुंबी छक्के और 3 चौके लगाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की इस पारी में 27 छक्के लगे। यह टी20 इंटरनेशनल मैचों में विश्व रिकॉर्ड है। जिम्बाब्वे ने इस मैच में चौकों और छक्कों से 282 रन बनाए। यह टी20 इंटरनेशनल का विश्व रिकॉर्ड है। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों की तूफानी रफ्तार के बाद गेंदबाज का भी जलजला रहा। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने गाम्बिया की पारी महज 54 रन पर समेट दी। इस तरह उसने 290 रन से मैच जीत कर इतिहास रच दिया था।

# 23 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2025,

## सैकिया और भाटिया ने बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की घोषणा कर दी है, जो 23 मार्च, 2025 से शुरू होने वाला है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार को मुंबई में आयोजित बीसीसीआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) के बाद शुरुआत की तारीख का खुलासा किया।

**बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष चुने गए**

एसजीएम में, देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को क्रमशः नए बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। शुक्ला ने कहा, 'देवजीत सैकिया को नए बीसीसीआई सचिव और प्रभतेज सिंह भाटिया को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया है।'

दिसंबर में जय शाह के आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के अध्यक्ष की भूमिका संभालने के बाद से सचिव का पद खाली था। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त होने के बाद आशीष शेलार ने बीसीसीआई कोषाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया।



**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आगामी निर्णय**

शुक्ला ने यह भी पुष्टि की कि 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम को अंतिम रूप देने के लिए 18 या 19 जनवरी को एक बैठक निर्धारित की गई है। यह निर्णय उन रिपोर्टों के बाद लिया गया है, जिनमें कहा गया है कि आईसीसी द्वारा 12 जनवरी को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित किए जाने के बावजूद भारत की टीम की घोषणा में देरी हो सकती है।

अब तक, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश ने टूर्नामेंट के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। भारत अपने चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के साथ करेगा, उसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ एक हाई-स्टेक मुकाबला और 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक मैच होगा, ये सभी मैच दुबई में ही होंगे।

# ओलंपिक चैंपियन झेंग दूसरे दौर में, ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दिन बारिश ने डाली बाधा


मेलबर्न। ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने रविवार को यहां रॉड लेवर एरेना में छत के नीचे इनडोर परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि बाहर बारिश हो रही थी। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दिन बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए क्योंकि इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही संभव हो पाया था। पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हारने के बाद मेलबर्न पार्क के मुख्य कोर्ट पर अपने पहले मैच में पांचवी वरीयता प्राप्त झेंग ने 20 वर्षीय क्वालीफायर एंका टोडोनी को 7-6 (3), 6-1 से हराया।



सत्रह वर्षीय मीरा एंड्रीवा दूसरे दौर में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी थी। उन्होंने जॉन कैन एरेना में छत के नीचे खेले गए मैच में मैरी बौज़कोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से पराजित किया।

# पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में

कराची। पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया है जिससे उनका टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में पड़ गया है। शाहीन को 2024 की शुरुआत से पाकिस्तान के आखिरी 12 टेस्ट मैचों में से आठ मैच से या तो बाहर कर दिया गया या फिर उन्हें तथाकथित रूप से विश्राम दिया गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक 32 टेस्ट में 116 विकेट लिए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी धरती पर खेले गए दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था। तब चयनकर्ताओं ने स्पष्टीकरण दिया था कि वे उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तरोताजा चाहते हैं। दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शाहीन को मौजूदा बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में कोई संकोच नहीं किया, जबकि उसी समय दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला चल रही थी। चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए तेज गेंदबाज नसीम शाह, मीर हमजा, मुहम्मद अब्बास और आमिर जमाल को भी टीम में नहीं रखा जबकि वे दक्षिण अफ्रीका में खेली गई श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे। पाकिस्तान इस श्रृंखला के दोनों मैच में हार गया था। चयनकर्ताओं के एक करीबी सूत्र ने कहा कि शाहीन और नसीम दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, 'चयनकर्ता चाहते हैं कि शाहीन और यहां तक कि नसीम भी चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें क्योंकि यह 50 ओवरों की प्रतियोगिता है और हम गत चैंपियन हैं।'



# प्रिटोरियस के 97 रन, पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से हराया

**पार्ल (एजेंसी)।** लहुआन ड्रे प्रिटोरियस की 51 गेंद में 97 रन की पारी की मदद से पार्ल रॉयल्स ने शनिवार को यहां एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से शिकस्त दी। अठारह साल के प्रिटोरियस ने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और छह छक्के जड़े। उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट के साथ 132 रन की साझेदारी निभाई। प्रिटोरियस के मार्को यानसेन की गेंद पर पगबाधा आउट होने के बाद रूट ने 44 गेंद में नाबाद 62 रन (चार चौके, एक छक्का) बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान ऐडन माक्ररम ने 49 गेंद में 82 रन (सात चौके, दो छक्के) की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। उनकी ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 28 रन) की पारी से टीम पांच विकेट पर 175 रन बनाने में सफल रही लेकिन इस स्कोर का बचाव नहीं कर सकी। वहीं शुक्रवार को डरबन सुपर जायंट्स ने विल जैक्स (64) और रहमानुल्लाह गुरबाज़ (89) की तूफानी पारियों के बावजूद प्रिटोरिया कैपिटल्स पर दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की।



डरबन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 209 रन बनाए। इसके जवाब में जैक्स और गुरबाज़ ने पहले विकेट के लिए 154 रन जोड़कर प्रिटोरिया को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बावजूद उसकी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन ही बना पाई। अफगानिस्तान के गेंदबाज नूर अहमद ने इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करके डरबन को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

जैक्स ने 35 गेंदों में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रन, जबकि गुरबाज ने सात छक्कों और तीन चौकों की मदद से 43 गेंदों में 89 रन बनाए। इससे पहले डरबन की टीम ने वियान मुल्डर की 19 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से नाबाद 45 रन और न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन की 40 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से नाबाद 60 रन की बदौलत मजबूत स्कोर बनाया था।

# हैदराबाद तूफान्स ने सूरमा हॉकी को शूटआउट में 4-3 से हराया, यूपी रूद्राज जीता



राउरकेला। हैदराबाद तूफान्स ने शनिवार को यहां हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के रोमांचक मैच में पेनल्टी शूटआउट में सूरमा हॉकी क्लब को 4-3 से शिकस्त दी। दोनों टीमें नियमित समय में 1-1 से बराबरी पर थी। सूरमा हॉकी क्लब के लिए निकोलस डेला टोरे (आठवें मिनट) और हैदराबाद तूफान्स के लिए अमनदीप लकड़ा (40वें मिनट) ने गोल किया। हैदराबाद तूफान्स के गोलकीपर डॉमिनिक डिक्सन के 'सडन डेथ' में शानदार प्रदर्शन से टीम ने बोनस अंक जुटाया। हैदराबाद तूफान्स अब रविवार को वेदांता कलिंगा लांसर्स से भिड़ेगी। एक अन्य मैच में यूपी रूद्राज ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 3-1 से पराजित किया। यूपी रूद्राज के लिए फ्लोरिज वोर्टबोयर ने 30वें, केन रसेल ने 43वें और टैंगुए कोसिन्स ने 54वें मिनट में गोल दाकर अपनी टीम को तीन अंक दिलाये जिससे टीम तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई। दिल्ली एसजी पाइपर्स के लिए जेक वेटन ने 29वें मिनट में गोल दागा।

# रूड, निशिकोरी ने पहले दौर में पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की

**मेलबर्न, (एजेंसी)।** छठे वरीय कैस्पर रूड ने रविवार को नाटकीय मुकाबले में जीत दर्ज की, जब नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने रॉड लेवर एरिना में स्पेन के खिलाड़ी जैम मुनार को 6-3, 1-6, 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर लगातार चौथे साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, रूड ने 37 अनफोर्स्ड गलतियों के साथ 48 विनर्स लगाए और पांचवें सेट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 93 प्रतिशत (13/14) फर्स्ट-सर्व पॉइंट जीतकर रॉड लेवर एरिना में तीन घंटे, 24 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। 26 वर्षीय रूड, जो तीन बार मेजर फाइनलिस्ट रह चुके हैं, ने जीत के साथ अपने पांच सेट के रिकॉर्ड को 10-6 तक सुधारा और मुनार के खिलाफ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 3-1 से आगे हैं।

हालांकि, मेलबर्न में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2021 में आया जब वे चौथे दौर में पहुंचे। 26 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला चेक खिलाड़ी जैकब मेनसिक या जॉर्जियाई क्वालीफायर निकोलोज बेसिलशविली से होगा। अन्य मुकाबले में, जापान के केई निशिकोरी ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और पहले दौर के जबरदस्त मैच में ब्राजील के थियागो मोंटेइरो के खिलाफ मैच प्वाइंट बचाए। जॉन कैन एरिना में छत के नीचे, जापानी स्टार सीधे सेटों में हारने के कगार पर थे, जब तीसरे सेट में 4-5 पर मैच में बने रहने के लिए सर्विस करते समय उन्हें दो मैच प्वाइंट का सामना करना पड़ा।

हालांकि, उन्होंने हार मानने से इनकार कर दिया, 23 विनर्स लगाए और सेट चार और पांच में सिर्फ़ आठ अनफोर्स्ड एरर किए, जिससे चार घंटे छह मिनट के बाद 4-6, 6-7(4), 7-5, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। निशिकोरी 2019 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं, जब उन्होंने मेलबर्न में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। 35 वर्षीय खिलाड़ी, जो हांगकांग में एटीपी 250 इवेंट में फाइनल तक पहुंचने के बाद हार्ड-कोर्ट मेजर में पहुंचे थे, अब टॉमी पॉल या क्रिस्टोफर ओ%कॉनेल से खेलेंगे। इससे पहले दिन में, फ्रांसीसी आर्थर फिल्स ने ओटो विरटेनन के खिलाफ़ 3-6, 7-6(4), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। 20 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला हमवतन क्वेंटिन हेलिस या ऑस्ट्रेलियाई एडम वाल्टन से होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी : बुमराह के बाहर होने पर ये तेज गेंदबाज ले सकते हैं उनकी जगह

स्पोर्ट्स डेस्क - चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोटिल हैं और यह टीम के लिए बुरी खबर है। बुमराह की पीठ में ऐंठन है जिस वजह से वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाहर हो सकते हैं। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि उनकी जगह कौन ले सकता है। आइए उन प्लेयर्स के बारे में नजर डालते हैं जो चैम्पियन्स ट्रॉफी में बुमराह के बाहर होने पर उनकी जगह ले सकते हैं-



**प्रसिद्ध कृष्णा** - प्रसिद्ध कृष्ण का हालिया प्रदर्शन काफी शानदार है और वह भारत के स्टार तेज गेंदबाजों में से एक है। प्रसिद्ध ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी शानदार गेंदबाजी की थी। बीते 5 मैचों में वह 15 से भी अधिक विकेट चटका चुके हैं।

**उमरान मलिक** - भारत के सबसे तेज गेंदबाज उमरान मलिक भी विकल्प हो सकते हैं। अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं हो पाते हैं तो उमरान को मौका मिलने की उम्मीद की जा सकती है। उमरान के नाम भारत की ओर से सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज है। उनकी फास्टेस्ट स्पीड 157 द्यद्मश्चद्ध है।

**आवेश खान** - भारत के स्टार तेज गेंदबाजों में से एक आवेश खान भी चोटिल जसप्रीत बुमराह को रिप्लेस करने कर सकते हैं। आवेश ने अब तक भारत के लिए कई मुकाबले खेले हैं और लगभग हर मैच में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। ऐसे में अगर उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलने का मौका मिलेगा तो वह काफी अच्छा कर सकते हैं।

# भारतीय क्रिकेट ने बेहतर खिलाड़ियों से ज्यादा कप्तानों को दिया जन्म

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पिछले पांच सालों में भारतीय क्रिकेट ने बेहतर खिलाड़ियों से ज्यादा कप्तानों को जन्म दिया है, जिससे टीम में नेतृत्व को लेकर असमंजस बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में भारतीय क्रिकेट टीम को एक सेनापति के बजाय कई सेनापति अपनी-अपनी दिशा में सेना को चलाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस संकट का असर अब आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में देखने को मिल सकता है, जहां भारतीय टीम संभावित रूप से सात कप्तानों के साथ मैदान में उतरेगी। टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत और संभावित तौर पर केएल राहुल जैसे खिलाड़ी भी दुबई जाने वाली टीम में शामिल होंगे। ये सभी खिलाड़ी किसी न किसी समय भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब एक टीम में इतने कप्तान हों, तो क्या सभी एक पेज पर आ पाएंगे? भारतीय क्रिकेट में कप्तानी को लेकर विवाद कोई नई बात नहीं है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम में चार कप्तान थे, जिनमें से दो ने अलग-अलग मौकों पर टीम का नेतृत्व किया। खबरें यहां तक थीं कि एक और खिलाड़ी कप्तानी की महत्वाकांक्षा रखता था। अब चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में सात कप्तानों की मौजूदगी टीम के लिए रणनीतिक और सामंजस्य का बड़ा चैलेंज बन सकती है। 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। उस वक्त टीम में सिर्फ एक ही लीडर था, जिसने खिलाड़ियों को एक दिशा में संगठित रखा। इसके बाद से खिलाड़ियों की फिटनेस और क्रिकेट कैलेंडर की व्यस्तता के कारण कप्तानों में बदलाव बढ़ा, जिससे टीम में नेतृत्व की स्थिरता कम हो गई।

रोहित शर्मा, जो 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी जीत का हिस्सा थे, टीम को एकजुट रखने की क्षमता रखते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या वे बाकी कप्तानों के साथ तालमेल बिठाकर इस चुनौती को पार कर पाएंगे? जितने सिर, उतने दिमाग वाली स्थिति में खिलाड़ियों का नेतृत्व करना रोहित के लिए बड़ी परीक्षा साबित हो सकता है। भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस को 2025 की शुरुआत में खराब प्रदर्शन के बाद अब चैंपियंस ट्रॉफी से वापसी की उम्मीद है। लेकिन कप्तानों की इस फौज के बीच यदि हर कोई अपनी-अपनी शैली में नेतृत्व करने की कोशिश करेगा, तो टीम के लिए यह टूर्नामेंट एक और खाली हाथ वापसी का कारण बन सकता है।



## एक नजर

### एसकेएम की मांग प्रधानमंत्री करें किसानों के मुद्दे पर बैठक

**चंडीगढ़ :** संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि किसान परेड के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग की जाएगी कि वे सभी संघर्षरत किसान संगठनों के साथ तुरंत चर्चा करें और जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बचाएं। मोर्चा की तरफ से रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार एसकेएम ने कृषि विपणन पर राष्ट्रीय रूपरेखा (एनपीएफएएम) को तुरंत वापस लेने, सी2+50 प्रतिशत की दर से गारंटीकृत खरीद के साथ एमएसपी का कानून बनाने, किसानों और खेत मजदूरों की कर्ज माफी के लिए व्यापक योजना बनाने, बिजली का निजीकरण बंद करने, स्मार्ट मीटर योजना बंद करने, किसानों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। एसकेएम की सभी राज्य समन्वय समितियां (एससीसी) तुरंत बैठक करेंगी और कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रुपरेखा की प्रतियां जलाकर विरोध करने का आह्वान करेंगी। इस कार्यक्रम की तारीखें राज्य कार्यकारिणी द्वारा घोषित की जाएंगी। एसकेएम ने किसान संगठनों के साथ चर्चा और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन की रक्षा न करने के लिए प्रधानमंत्री के सत्तावादी, असंवेदनशील रवैये की कड़ी निंदा की। उनके आमरण अनशन का 48वां दिन होने के बावजूद उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रपति किसान नेताओं की जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करने में समर्थ नहीं हैं।

### कटरा से प्रयागराज चलेंगी तीन विशेष ट्रेनें : जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए माता वैष्णो देवी कटरा से तीन विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। डॉ. सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा कि महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज के लिए विशेष ट्रेन की घोषणा की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने महाकुंभ में भाग लेने वालों की सुविधा के लिए कटरा-प्रयागराज के बीच 3 विशेष ट्रेनों की योजना बनाई है। पहली विशेष ट्रेन 24 जनवरी के लिए तय की गई है जो कटरा श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना होगी और 26 जनवरी को प्रयागराज से कटरा के लिए वापस आएगी। अगली दो ट्रेनों की समय-सारणी समय पर बता दी जाएगी।

### पूसीरे की आरपीएफ ने 18 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**गुवाहाटी :** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दिसंबर, 2024 में चलाए गए अलग-अलग अभियानों में अगरतला रेलवे स्टेशन पर 18 बांग्लादेशी नागरिकों और एक एजेंट को पकड़ा। इसके अलावा, आरपीएफ ने उक्त महीने के दौरान पूसीरे के विभिन्न स्टेशनों से 90 नाबालिगों और 02 महिलाओं का उद्धार किया। बाद में उद्धार किए गए नाबालिगों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने आज बताया कि हाल ही में 22 दिसंबर, 2024 को अगरतला की आरपीएफ और जीआरपी टीम तथा बदरपुर एसआईबी की टीम ने संयुक्त रूप से अगरतला रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच की। जांच के दौरान उन्होंने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। बाद में, तीनों अवैध प्रवासियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। 19 दिसंबर, 2024 को एक अन्य घटना में, गुवाहाटी की आरपीएफ/एसआईबी की टीम और कामाख्या की आरपीएफ टीम ने कामाख्या रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच की।

# महाराष्ट्र में रामराज्य लाना जनता की अपेक्षा और पार्टी की जिम्मेदारी है : नितिन गडकरी

एजेंसी



**मुंबई :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अहिल्यानगर के शिर्डी में रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में रामराज्य और शिवशाही लाना महाराष्ट्र की जनता की अपेक्षा है और इसे पूरा करने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की है। जनता की इस अपेक्षा को पूरा करने की जिम्मेदारी देवेंद्र फडणवीस सरकार, विधायकों और सांसदों की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज शिर्डी में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित राज्यव्यापी महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी समस्याएं हैं, लेकिन हमारे नेतृत्व में उन्हें हल करने की क्षमता और विश्वास है, इसलिए जब तक शिवशाही नहीं आ जाती, हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की लगन, नेताओं की योग्यता और पार्टी की 'राष्ट्र सर्वोपरि' की शिक्षा के बल पर महाराष्ट्र समृद्ध और खुशहाल होगा। साथ ही सामाजिक समानता, विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत को विश्वगुरु और आत्मनिर्भर भारत बनाने का सपना भी पूरा करना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि ये सपने राम राज्य और शिव शाही से जुड़े हैं। यह छत्रपति, सावरकर, शाहू, फुले, अंबेडकर का महाराष्ट्र है। यह संतों की भूमि है। लोग हमसे अपेक्षा रखते हैं कि हम ऐसा महाराष्ट्र बनाएं जो संतों के विचारों और लोक कल्याण से प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि आज हम इस जीत से प्राप्त शक्ति से महाराष्ट्र के भविष्य के निर्माण का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सत्ता हथियाना नहीं, बल्कि समाज को बदलना है। अटल बिहारी वाजपेयी कहते थे कि देश कैसा होना चाहिए, इसकी सोच से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि देश का नेतृत्व कैसे होना चाहिए। देश की जनता को खुश करना, देश की सीमाओं को सुरक्षित करना, देश को आतंकवाद और साम्प्रदायिकता से मुक्त करना, सामाजिक समानता और सुरक्षा स्थापित करना तथा इस विजय से प्राप्त सफलता से महाराष्ट्र में एक अच्छी सरकार स्थापित करना, यह हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा की विचारधारा की भावना राष्ट्र की समग्र प्रगति और विकास, गरीबी और बेरोजगारी को खत्म करना, समाज को संतुष्ट करना और एक मजबूत देश का निर्माण करना है। जनता ने हमें ऐसा करने की शक्ति दी है। इस शक्ति के माध्यम से रैयतों के कल्याण और छत्रपति शिवाजी के शासन के आदर्श को ध्यान में रखते हुए परिवर्तन लाना हमारी जिम्मेदारी है। गडकरी ने कहा कि तत्कालीन सरसंघचालक गोलवलकर गुरुजी ने एक ही विचार से जनसंघ को अच्छे कार्य करने वाले स्वयंसेवकों की सूची दी और तब से लेकर आज तक हमारे कार्यकर्ता बिना थके, बिना रुके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे हैं।

# मात्र 1296 रुपए में हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ का विहंगम दृश्य देख सकेंगे श्रद्धालु : जयवीर सिंह

एजेंसी



**लखनऊ :** प्रयागराज आने वाले पर्यटक एवं श्रद्धालु अब मात्र 1296 रुपए में हेलीकाप्टर में बैठकर आसमान की ऊंचाईयों से महाकुम्भ का विहंगम दृश्य देख सकेंगे। यह उड़ान 07 से 08 मिनट तक की होगी और कल 13 जनवरी से डिजिटली इसका शुभारम्भ किया जायेगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। वह रविवार को महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हेलीकाप्टर जॉयराइड के लिए ऑनलाइन बुकिंग www.upstdc.co.in के माध्यम से की जा सकती है। हेलीकाप्टर जॉयराइड के लिए भारत सरकार के उपक्रम पवनहंस द्वारा यह सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि मौसम साफ रहने पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की उपलब्धता को देखते हुए हेलीकाप्टर लगातार पर्यटकों को आसमान से प्रयागराज का विलक्षण दृश्य दिखायेगा। जयवीर सिंह ने कहा कि महाकुम्भ-2025 भक्ति और विरासत का उत्सव है। यह महाकुम्भ श्रद्धालुओं और आगन्तुकों को आस्था और संस्कृति का अद्भुत अनुभव प्रदान करेगा। इसके अलावा पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा वाटर स्पोर्टस एवं एडवेंचर स्पोर्टस में रूचि रखने वाले पर्यटकों को रोमांचकारी अनुभव देने के लिए तैयारी की गयी है। इसके लिए महाकुम्भ मेला क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह महाकुम्भ मात्र धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और परम्पराओं का जीवंत उत्सव भी है। पर्यटन मंत्री ने समीक्षा के दौरान यह भी कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को सुरक्षित एवं सफलता पूर्वक पूरा करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि महाकुम्भ 2025 भारत की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत का उत्सव होने के साथ ही वैश्विक मंच पर भारत के सामर्थ्य एवं उच्चतम सांस्कृतिक, अध्यात्मिक एवं परम्परा का प्रदर्शन भी है। महाकुम्भ में देश और दुनिया के कोने-कोने से पर्यटक एवं सनातन संस्कृति को मानने वाले श्रद्धालु पधारेगे। इसलिए उनके ठहरने, सुख-सुविधा एवं आसानी से आस्था की डुबकी लगाने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। जयवीर सिंह ने कहा कि हेलीकाप्टर जॉयराइड के अलावा प्रयागराज में स्थापित विभिन्न मंचों से देश के जाने माने कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुति भी देंगे। इसके अलावा लेजर शो, ड्रोन शो एवं यूपी दिवस से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। इस समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अमित शाह चार दिवसीय दौरे पर आएंगे गुजरात

**अहमदाबाद :** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर 13 से 16 जनवरी तक गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस 4 दिवसीय दौरे में शाह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और कार्यकताओं के साथ उत्तरायण का त्योहार मनाएंगे। पाटीर्से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह 13 जनवरी की शाम अहमदाबाद आएंगे। 14 जनवरी को वे गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत थलतेज, न्यू राणपि और साबरमती में कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ उत्तरायण का पर्व मनाएंगे। इसके बाद घाटलोडिया के नए पुलिस स्टेशन और आवास योजना के मकानों के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 15 जनवरी को कलोल, मणसा में सरकारी कार्यक्रम में शाह मौजूद रहेंगे। अगले दिन 16 जनवरी को मेहसाणा जिले के वडनगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस स्कूल में पढ़े थे, उसके अंतर्गत प्रेरणा स्कूल का उद्घाटन करेंगे।

## कोलंबिया में विमान दुर्घटना में 10 लोगों की मौत


एजेंसी



**बोगोटा :** दक्षिणी अमेरिकी देश कोलंबिया में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई है। विमानन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पैसिफिक ट्रैवल द्वारा संचालित यह विमान जुराडो से मेडेलिन के रास्ते में बुधवार को लापता हो गया था। विमान का मलबा एंटिओक्विया के उत्तर-पश्चिमी कोलंबियाई विभाग के उर्राव के एक ग्रामीण इलाके में मिला। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विमान में चालक दल के दो सदस्य और आठ यात्री सवार थे। एंटिओक्विया के जोखिम प्रबंधन विभाग के निदेशक कार्लोस रियोस पुएर्टा ने कहा कि दुर्भाग्य से विमान में सवार कोई भी जीवित नहीं बचा है। हमारे पास साइट पर 37 कर्मी काम कर रहे हैं। हम दूसरे चरण में तेजी ला रहे हैं, जिसमें शवों को बरामद करना और न्यायिक पुलिस के साथ समन्वय करना शामिल है। मौसम की प्रतिकूल स्थिति की वजह से रिकवरी प्रक्रिया आसान नहीं हो रही। हालांकि कोशिश जारी है कि रिकवरी प्रक्रिया यथासंभव तेज और सकुशल सम्पन्न हो। पैसिफिक ट्रैवल ने बयान जारी कर पीड़ित परिवारों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उसने कहा कि हम हर समय उनके साथ रहेंगे, सहायता प्रदान करेंगे और इस दुखद घटना से उत्पन्न होने वाली हर जरूरत को पूरा करेंगे। वहीं, परिवहन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने भी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्राधिकरण ने दुर्घटना के कारणों की जानकारी के लिए जांच शुरू कर दी है।

## नेपाल के 900 मेगावाट हाइड्रो पावर के लिए दो भारतीय कंपनियों का 4000 करोड़ का निवेश


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**काठमांडू :** भारतीय कंपनी जीएमआर के पास रहे 900 मेगावाट क्षमता की अपर कणार्ली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए भारत की दो कंपनियों ने निवेश के लिए ऋण देने की सहमति दी है। इसके अलावा नेपाल के बैंकों से भी ऋण लेने की सहमति के बाद जल्द ही इस परियोजना के शुरू होने का विश्वास जताया जा रहा है। जीएमआर ने इस परियोजना को बनाने के लिए 2009 में टेंडर लिया था लेकिन निवेश का स्रोत नहीं मिल पाने के कारण अब तक यह शुरू नहीं पायी थी। अब भारत की दो बड़ी कंपनियों पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और इंडियन रिन्युवल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (आईआरईडीए) ने निवेश समझौते को स्वीकृति दे दी है। अपर कणार्ली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए इन दोनों ही भारतीय कंपनियों के तरफ से प्रति कंपनी 2080 करोड़ रुपए निवेश को मंजूरी दे दी गई है। यह दोनों भारत सरकार की स्वामित्व वाली संयुक्त उपक्रम है। नेपाल इन्वेस्टमेंट बोर्ड के प्रवक्ता प्रद्युमन प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि नेपाल के 9 अलग अलग बैंकों से 640 करोड़ रुपए ऋण की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते ही इन सभी निवेश करने वाले कंपनियों और बैंकों से अंतिम समझौता कर लिया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 14,632 करोड़ रुपए बताई गई है। 70 प्रतिशत ऋण बाहर से जुटाकर जीएमआर के तरफ से 30 प्रतिशत का निवेश किए जाने की जानकारी नेपाल इन्वेस्टमेंट बोर्ड के तरफ से दी गई है। अब तक 10 हजार करोड़ से अधिक निवेश की स्वीकृति मिल गई है। जीएमआर के तरफ से निवेश नहीं जुटा पाने के कारण उसने नेपाल इलेक्ट्रिसिटी ऑथारिटी को 27 प्रतिशत शेयर मुफ्त में दे दिया है। इसके अलावा जीएमआर ने भारतीय कंपनी इरेडा को पांच प्रतिशत शेयर और सतलज जलविद्युत निगम को 34 प्रतिशत शेयर दिया है।

# विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत : जगदीप धनखड़

एजेंसी




**गुरुग्राम :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि युवा इच्छा शक्ति के आधार पर सपनों को साकार करने में अवश्य सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है। अब उनकी उन्नति की उम्मीदें और बढ़ गई है। हमारा भारत बदल रहा है। यह इतना बदल चुका है कि हम जैसे लोग कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। उपराष्ट्रपति रविवार को गुरुग्राम के साइबर पार्क स्थित प्रबंधन शिक्षण संस्थान मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने छात्रों का डिग्रियां वितरित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। पिछले दशक में दुनिया में कोई भी देश इतनी तेजी और स्थिरता से नहीं बढ़ा है, जितना भारत बढ़ा है। अब लोगों की अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। इन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। आपको आउट ऑफ बॉक्स सोचना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को खुद पर विश्वास करना चाहिए। लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में युवाओं की भूमिका और संसद के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों के कर्तव्यों को दोहराते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि आप मुझे संविधान सभा की याद दिलाते हैं। जिन्होंने कठिन मुद्दों पर चर्चा की। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप शासन के सबसे प्रभावशाली हिस्सेदार हैं। आप विकास के इंजन हैं। अगर भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो चुनौती बहुत बड़ी है। हम पहले ही पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन चुके हैं, लेकिन आय आठ गुना बढ़ानी होगी। यह एक बड़ी चुनौती है। स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि उठो, जागो और तब तक मेहनत करो, जब तक कि आप मंजिल तक पहुंच नहीं जाते। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को मैनेजमेंट पाठ्यक्रम पूरा करने की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश करीब पांच हजार साल पुरानी सभ्यता की विरासत को साथ लेकर चल रहा है। उपराष्ट्रपति ने राज्य के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और जिला उपायुक्त अजय कुमार से कहा कि गुरुग्राम में सभी मूलभूत नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम को ग्रीन ग्राम भी बनाना है। लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं देनी हैं। गुरुग्राम प्रशासन से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। जितनी भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दूर करने में लोगों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वर्ष 2023-24 में कर्तव्य पथ पर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया गया। मास्टर्स यूनियन संस्थान परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे भी लगाए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के साथ मंच पर हरियाणा प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल, मास्टर्स यूनियन के संस्थापक प्रथम मित्तल, जिला परिषद की चेयरमैन दीपाली चौधरी, गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार, डीसीपी नाजनीन भसीन, एसडीएम रविंद्र कुमार, नायब मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### केजरीवाल सिर्फ वादा करते हैं, सवाल पूछने पर ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं : हरदीप पुरी



**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आम आदमी पार्टी(आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली की जनता से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे केवल वादे करते हैं और बाद में इन्हें भूल जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में रविवार को पत्रकार वार्ता में हरदीप पुरी ने कहा कि 2020 में चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से 10 वादे किए थे। लेकिन वह इन वादों को पूरा करने में पूरी तरह से नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि 2020 के दिल्ली चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल ने 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति, दिल्ली को हाईटेंशन बिजली के तारों से मुक्ति, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, सरकारी स्कूल, 500 किलोमीटर से अधिक मेट्रो नेटवर्क, महिलाओं और छात्रों के लिए मुफ्त बसें, वायु प्रदूषण में कमी और यमुना नदी की सफाई सहित 10 गारंटी दी थी। वे केवल इस तरह के बयान देते हैं और उनसे इस बारे में सवाल पूछे जाने पर ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने मुख्यमंत्री को पंजाब की जनता से किए हुए बातों को भी याद दिलाया। उन्होंने कहा कि वे केवल दो गारंटियों का ज़िक्र करेंगे। पंजाब में महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये दिए जाने का वादा किया गया था। 2025 में उन्हीं महिलाओं को अपनी आवाज उठाने के लिए दिल्ली आना पड़ रहा है। उन्होंने कहा था कि वे पंजाब को नशा मुक्त बनाएंगे। पंजाब में (आआपा) की सरकार बनने के बाद नशा माफिया में नई ऊर्जा आ गई है।

### हिमाचल प्रदेश की वादियां फिर बर्फ से लदी, शीतलहर तेज



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की वादियां एक बार फिर ताजा बर्फबारी के बाद सफेद चादर में ढंक गई हैं। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चम्बा और शिमला जिला के ऊंचे क्षेत्रों में बीती रात से बर्फबारी हो रही है। वहीं, मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं वर्षा और घना कोहरा छाया है। राज्य में बर्फबारी और बारिश के चलते शीतलहर तेज हो गई है। आधा दर्जन शहरों का पारा माइनस में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी दिनों में और बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार गोंदला में छह, कोठी, खदराला, केलंग और शिलारू में पांच-पांच, जोत में चार और कल्पा में एक सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति का ताबो इस समय सबसे ठंडा स्थान बना हुआ है जहां रविवार को न्यूनतम पारा -5.2 डिग्री तक गिर गया है। इसके अलावा अन्य पहाड़ी व जनजातीय क्षेत्रों में भी तापमान शून्य से नीचे है। शिमला जिला के नारकण्डा व कुफरी में पारा -2.9 डिग्री व -1.2 डिग्री, कुकुमसेरी में -2.8 डिग्री, समधो में -2.7 डिग्री और कल्पा में -1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मनाली और शिमला में भी न्यूनतम तापमान क्रमश: 1.4 डिग्री और 2.2 डिग्री पर पहुंच गया है। किन्नौर और चंबा जिलों की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। किन्नौर के कल्पा में एक सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है, जबकि चंबा जिले में हिमपात जारी है। इसके साथ ही शिमला जिले के नारकंडा, खड़ापत्थर और चौपाल में भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई है। राजधानी शिमला में आज भी आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और बर्फबारी के लिए अनुकूल मौसम बना हुआ है। शिमला जिले के ऊपरी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के कारण नेशनल हाईवे-05 (ठियोग से नारकंडा) यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि ठियोग से हाटकोटी (नेशनल हाईवे-705) वाहनों के लिए खुला है। स्टेट हाईवे-8 (देहा-चौपाल) भी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से रास्ते साफ करने के प्रयास जारी हैं।

### ट्रेजरी दो महीने से बंद, विकास कार्य ठप : जयराम ठाकुर

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते दो महीनों से राज्य की ट्रेजरी अघोषित रूप से बंद है, जिससे आम जनता और अनिवार्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ट्रेजरी से हर प्रकार के भुगतान रुके हुए हैं। इस स्थिति से न केवल आम जनता परेशान है बल्कि अनिवार्य सेवाओं के वेंडर्स और आपूर्तिकताओं का भी बकाया भुगतान अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि सप्लायर्स ने दवाओं की आपूर्ति रोक दी है, जिससे अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सुक्खू सरकार ने ₹व्यवस्था परिवर्तन₹ के नाम पर राज्य को अराजकता और अव्यवस्था की ओर धकेल दिया है। उन्होंने इसे ₹व्यवस्था पतन की सरकार₹ करार देते हुए आरोप लगाया कि सरकार की नाकामियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ठाकुर ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदहाल हो चुकी है। हिमकेयर योजना के भुगतान रोके जाने से मुफ्त इलाज की सुविधा बाधित हो गई है। दवा आपूर्तिकताओं ने बकाया भुगतान न मिलने पर अस्पतालों में दवाएं भेजना बंद कर दिया है। इसके अलावा, स्कूलों को बंद करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमजोर करने के लिए भी सरकार की आलोचना की गई। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ट्रेजरी की स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो इसका गंभीर प्रभाव राज्य के विकास कार्यों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनावी वादों और गारंटियों से किनारा कर चुकी है।

### हमास के बंधक बनाए गए नेपाली छात्र की रिहाई के लिए तेल अवीव में प्रदर्शन

**काठमांडू :** हमास द्वारा बंधक बनाए गए नेपाली छात्र विपिन जोशी की रिहाई के लिए इजरायल के तेल अवीव में हजारों इजरायली नागरिकों ने प्रदर्शन किया। हमास द्वारा जारी की गई रिहाई सूची में नेपाली छात्र जोशी का नाम नहीं होने के बाद यह प्रदर्शन किया गया। इजरायल के सबसे बड़े शहर तेल अवीव में शनिवार को बड़ी संख्या में तख्तियां पकड़े हुए इजरायलियों ने 07 अक्टूबर 2023 को हमास आतंकवादी समूह द्वारा अपहरण किए गए इजरायलियों की छोड़ने की मांग करते हुए प्रार्थना की और प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियों के पास मौजूद लोगों में एक तख्ती देखी जा सकती है जिसमें नेपाली छात्र बिपिन जोशी की तस्वीर है। प्रदर्शनकारियों ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह से पहले यह इस तरह का अंतिम प्रदर्शन होगा। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप 20 जनवरी को पद और गोपनीयता की शपथ ले रहे हैं। हमास और इजरायल के बीच बातचीत शुरू हो गई है। माहौल अनुकूल बनाने के लिए हमास ने बंधक बनाए गए 34 लोगों की सूची सार्वजनिक की है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902